वर्ष : 06 अंक : 281 | पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया | बुधवार, 17 अप्रैल 2024 | RNI No. : JHAHIN/2018/76658

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

बोकारो

Email : jharkhanddarshan405@gmail.com Website: jharkhanddarshan.net



सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैर सुरैरमरै रवि।
सेव्यमाना सदाभूयात सिद्धिदा सिद्धिदायनी॥

### जीतनराम मांझी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कही बड़ी बात

# स्वयं भीमराव अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते हैं

एजेंसी

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बिहार के गया में राजग उम्मीदवार जीतनराम मांझी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी भाजपा आगे बढ़ती है, झूठ फैलाया जाता है कि संविधान बदल देंगे। मोदी और भाजपा तो क्या, स्वयं बाबा भीमराव अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए हमारा संविधान 2047 का सपना पूरा करने का संकल्प है। पूरी दुनिया में इस वक्त अस्थिरता है, देश को जरूरत है, इस वक्त मजबूत फैसले लेने वाली सरकार की। मोदी ने 19 अप्रैल को पूरी ताकत से भाजपा नीत राजग गठबंधन को विजयी बनाने के लिए मतदान की अपील करते हुए राजद पर जमकर प्रहार किया।

- हमारे लिए हमारा संविधान 2047 का सपना पूरा करने का संकल्प
- संविधान का इस्तेमाल 'राजनीतिक हथियार' के रूप में न करे विपक्ष



प्रधानमंत्री ने कहा कि लालटेन वाले आपको आधुनिक युग में नहीं जाने देंगे। इनका राज होता तो आपके मोबाइल की बैटरी भी चार्ज नहीं हो पाती। यह कहते थे कि हमलोग प्रगतिशील नहीं हैं। हमने दिखा दिया चंद्रयान में जाने की ताकत किसमें है। जब भी भाजपा आगे बढ़ती है, यह झूठ फैलाते हैं कि संविधान बदल देंगे। मोदी और भाजपा तो क्या, स्वयं बाबा भीमराव अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते हैं। झूठ फैलाना बंद करो।

### पीएम ने मल्लिकार्जुन खड़गे पर बोला हमला

मोदी ने भाजपा के चुनावी घोषणापत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि पहली बार किसी पार्टी के 'संकल्प पत्र' को 'गारंटी कार्ड' कहा जा रहा है। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'जब मैंने संसद में संविधान दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा तो वह कांग्रेस नेता खड़गे ही थे जिन्होंने इस प्रस्ताव का विरोध किया था। यह चुनाव विकसित भारत, विकसित बिहार के उसी संकल्प का चुनाव है। गया की धरती पर दिख रहा प्रचंड जनसमर्थन मोदी सरकार के प्रति इस अपार जनसमर्थन का स्पष्ट संकेत दे रहा है। अगले पांच वर्षों के लिए मोदी के 'गारंटी कार्ड' को अपडेट किया गया है। गरीबों के लिए तीन करोड़ घर बनाए जाएंगे, गरीबों को मुफ्त राशन मिलेगा।

### तीन दशक तक विपक्ष ने लोगों को डराया

लालू प्रसाद यादव का नाम लिए बगैर कहा जो लोग संविधान को राजनीतिक हथियार की तरह उपयोग करना चाहते हैं, वह जरा कान खोल कर सुन लें, पिछले तीन दशकों से आपने लोगों को डराए रखने के लिए, लोगों को भयभीत रखने के लिए, भांति-भांति की विकृत कथाएं प्रचलित की हैं। कभी यह लोग कहते थे कि आरएसएस-भाजपा आएगी तो देश जल जाएगा, बंट जाएगा। अटलजी के समय से हम सरकार चला रहे हैं, लेकिन देश को सबसे ज्यादा शांति का समय हमारे कालखंड में मिला है। यह लोग कभी कहा करते हैं आरएसएस-बीजेपी वाला आएगा उद्योगपतियों को देश छोड़ कर भागना पड़ेगा, लेकिन आज भी सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेकर आन-बान शान के साथ प्रगति कर रहे हैं।

## एक नजर

### कांग्रेस ने गोड्डा, धनबाद व चतरा से घोषित किये प्रत्याशी

**रांची।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए तीन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह, चतरा से कृष्णानंद त्रिपाठी और धनबाद से अनुपमा सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। इस संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को लिस्ट जारी कर दी है।

### यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, आदित्य श्रीवास्तव बने टॉपर

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। इस साल, आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। अनिमेष प्रधान दूसरे और डोनुरु अनन्या रेड्डी तीसरे स्थान पर हैं। पीके सिद्धार्थ रामकुमार चौथे और रुहानी पांचवें स्थान पर हैं। यूपीएससी ने नियुक्ति के लिए कुल 1016 उम्मीदवारों की सिफारिश की है। इनमें 347 जनरल कैटेगरी के उम्मीदवार, 115 ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवार, 303 ओबीसी, 165 एससी और 86 एसटी उम्मीदवारों को नामांकित किया गया है।

### 9.95 लाख रुपये और 29 किलो गांजा जब्त

**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार की देर रात सरिया थाना पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया और एक वाहन से 9 लाख 95 हजार बरामद किये। जबकि जिले में 29 किलो गांजा बरामद किया गया। बताया जाता है कि जब्त गांजा की कीमत बाजार मूल्य करीब डेढ़ करोड़ का आंका गया है। वहीं, 1300 लीटर अवैध शराब के स्टॉक को भी जब्त किया गया है। जब्त 9 लाख 95 हजार रुपए को सरिया थाना पुलिस ने बगोदर से सरिया आ रहे शक्ति प्रकाश के बाइक से जब्त किया है। पुलिस अब शक्ति प्रकाश से पूछताछ कर रही है।

### जमीन घोटाला मामले में ईडी की राजधानी में बड़ी कार्रवाई

# अंतु तिर्की के घर सहित 9 ठिकानों पर छापेमारी

संवाददाता

**रांची।** ईडी ने एक बार फिर जमीन घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई की है। झारखंड की राजधानी रांची में मंगलवार को ईडी ने कुल 9 जगहों पर छापेमारी की है। ईडी ने यह रेड मोहम्मद सद्दाम से मिले साक्ष्य के बाद किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के पूर्व जिलाध्यक्ष अंतु तिर्की के घर सहित ईडी की टीम जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, शेखर कुशवाहा समेत अन्य लोगों के यहां छापेमारी करने पहुंची। बरियातू में जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर बेचने के मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा यह कार्रवाई की गई है। ईडी को मोहम्मद सद्दाम ने इनपुट दिया है जिसके आधार पर यह छापेमारी की गई है। बता दें कि सद्दाम पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाने में शामिल था।



### मोहम्मद सद्दाम से मिले इनपुट

ईडी ने कुछ दिनों पहले मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार किया था। ईडी ने इस मामले में इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भानु प्रताप को गिरफ्तार किया था। अब तक केंद्रीय जांच एजेंसी ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने आरोप लगाया है कि सद्दाम ने हेमंत सोरेन के लिए फर्जी दस्तावेज बनाया था। गिरफ्तारी के बाद सद्दाम से मिले साक्ष्य पर मंगलवार को ईडी का बड़ा ऐक्शन देखने को मिला है। आज कथित जमीन घोटाले में 9 जगहों पर छापेमारी हुई।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले थे अंतु तिर्की

जानकारी के अनुसार ईडी के अधिकारी के जब अंतु तिर्की के बरियातु स्थित आवास पर गये उस वक्त वे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसके बाद ईडी के अधिकारी मोरहाबादी मैदान गये उन्हें अपनी इनोवा कार में बैठाकर ले गये। इसके बाद उनसे पूछताछ कर उनके घर की तालाशी ली। बता दें कि इस मामले में ईडी के अधिकारी ने बीते दिनों मो. सद्दाम से पूछताछ की थी। खबर है कि उसी साक्ष्य के आधार पर अंतु तिर्की और केएल सहाय के ठिकानों पर छापेमारी हुई है।

### पूर्व सीएम सहित कई अधिकारी व नेता आ चुके हैं रडार पर

गौरतलब है कि जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, राजकुमार पाहन, राजस्व अधिकारी भानु प्रताप समेत कई लोगों पर कार्रवाई कर चुकी है। फिलहाल ये सभी जेल में बंद हैं। वहीं, एक आरोपी हिलेरियस कच्छप की बीते दिनों मौत हो गयी थी।

### अब तक इन लोगों की हुई गिरफ्तारी

जमीन घोटाला मामले में अब तक रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, अंचल अधिकारी भानु प्रताप, आर्किटेक्ट विनोद सिंह, राजकुमार पाहन, अफसर अली खां, मो सद्दाम, प्रदीप बागची, इम्तियाज अहमद, फयाज, तल्हा खान, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### छत्तीसगढ़ : कांकेर में नक्सली मुठभेड़

# 29 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया, तीन जवान जख्मी

एजेंसी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में आज पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए और तीन जवान घायल हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से चार ए के 47 राइफल और अन्य हथियार जप्त किए हैं। कांकेर जिला पुलिस के अनुसार जिले के छोटेबेटिया थाने से जिला पुलिस बल, स्पेशल टॉस्क फोर्स और सीमा सुरक्षा बल के जवान गश्त पर निकले थे। थाने से लगभग 15 किलोमीटर दूर जंगल में बिनागुंडा और कोरोनार के पास गश्ती दल और नक्सलियों का आमना सामना हो गया। इस दौरान हुई मुठभेड़ एक घंटे से अधिक समय तक चली।

- चार एके-47 राइफल और अन्य हथियार बरामद



इस मुठभेड़ में 29 नक्सली ढेर हो गए। वहीं गश्ती दल में शामिल एक निरीक्षक और दो जवान घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए राज्य की राजधानी रायपुर भेजा गया है। घटनास्थल से चार ए के 47 राइफल, इंसास और अन्य राइफल तथा भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिली है। मुठभेड़ में नक्सली कमांडर शंकर राव भी मारा गया है, जिसमें पर 25 लाख रुपए का इनाम था।

# पटना में भीषण सड़क हादसा, सात की मौत

एजेंसी

**पटना।** राजधानी पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के रामलखन पथ पर मंगलवार को विषण सड़क हादसा हुआ। इस सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

पटना के न्यू बायपास स्थित राम लखन पथ एनएच- 30 पर यात्री लेकर जाती एक ऑटो अनियंत्रित होकर मेट्रो का काम कर रही हाइड्रा क्रेन से टकरा गयी। ऑटो में कुल आठ लोग सवार थे, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई। दो बच्चों सहित युवक और महिलाओं की मौत हुई है।

- मेट्रो के काम में लगे क्रेन से टकराया ऑटो

न्यू बायपास स्थित निजी अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया गया। जहां एक बच्चे की मौत हुई है। घटना के बाद ऑटो चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने सातों शवों को पीएमसीएच पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि निजी अस्पताल में इलाजरत मुकेश कुमार साहनी 29 वर्षीय मोतिहारी के रहने वाले हैं जो अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ ऑटो में सवार थे। घायल मुकेश कुमार साहनी का इलाज जारी है। अन्य मृतकों की पहचान में पुलिस जुटी है।

### हेमंत की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 23 को

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने अदालत में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। अब अदालत ने मामले में 23 अप्रैल को अगली सुनवाई निर्धारित की है। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। ईडी ने बड़गाईं अंचल के 8.5 एकड़ जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था।

### झेलम नदी में यात्रियों से भरी एक नाव पलटी

# छह की मौत, तीन लापता

एजेंसी

**श्रीनगर।** श्रीनगर में बटवाड़ा इलाके के पास मंगलवार सुबह झेलम नदी में एक नाव पलट गई, जिसमें आठ वयस्क और सात विद्यार्थी सवार थे। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और छह लोगों को बचाने के बाद एसएमएचएस में भर्ती कराया गया है। नाव में कुल 15 लोग सवार थे, जिसमें तीन अभी भी लापता हैं। श्रीनगर उपायुक्त डॉ. बिलाल मोहि-उद-दीन भट ने बताया कि श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में मंगलवार को झेलम नदी में यात्रियों और स्कूली बच्चों से भरी एक नाव पलट गई। नाव में सवार सभी लोग पानी में डूब गए, जिससे चारों तरफ हड़कंप मच गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। 6 लोगों को बचाया लिया गया है और 3 लोग अभी भी लापता हैं। एसएमएचएस में भर्ती तीन लोगों का उपचार चल रहा है, जबकि तीन अन्य की हालत स्थिर है।

# सरकार बनते ही रद्द करेंगे अग्निपथ योजना : राहुल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार की अग्निपथ योजना को सैनिकों का अपमान करार देते हुए आज फिर इसकी आलोचना की और कहा कि केंद्र में यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो अग्निपथ योजना को रद्द किया जाएगा।

श्री गांधी ने ट्वीट किया, 'अग्निपथ योजना भारतीय सेना और देश की रक्षा करने का सपना देखने वाले बहादुर युवाओं का अपमान है। यह भारतीय सेना की नहीं, नरेंद्र मोदी के कार्यालय में बनी योजना है जिसे सेना पर थोप दिया गया है।'

उन्होंने कहा 'शहीदों के साथ दो तरह का व्यवहार नहीं किया जा सकता, हर व्यक्ति जो देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देता है उसे शहीद का दर्जा मिलना चाहिए।' श्री गांधी ने कहा 'इंडिया समूह की सरकार बनते ही हम इस योजना को तुरंत रद्द कर पुरानी स्थायी भर्ती प्रक्रिया फिर से लागू करेंगे।'

### भ्रामक विज्ञापन का मामला | बाबा रामदेव व बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत, कहा–

# सात दिनों के अंदर माफीनामा प्रकाशित कराने का निर्देश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न बीमारियों के इलाज से संबंधित पतंजलि आयुर्वेद के 'भ्रामक' विज्ञापनों और एलोपैथिक चिकित्सा के 'खिलाफ' बयान देने से जुड़े अदालती अवमानना के मामले में बाबा रामदेव और बालकृष्ण को एक सप्ताह के भीतर विज्ञापन के जरिए माफीनामा प्रकाशित करवाने का मंगलवार को मौका दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने योग गुरु बाबा रामदेव और उनके शिष्य बालकृष्ण के अदालत में पेश होकर माफी मांगने और विज्ञापन के जरिए माफीनामा प्रकाशित करने की उनकी पेशकश का संज्ञान लेते हुए स्पष्ट तौर पर कहा, 'हमने अभी तक यह तय नहीं किया है कि आपकी माफी स्वीकार की जाए या नहीं।'



पीठ ने कहा कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर इस याचिका पर अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। शीर्ष अदालत ने बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण को अगली सुनवाई के दिन भी व्यक्तिगत तौर पर अदालत में मौजूद रहने का निर्देश दिया।

बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने अदालत के समक्ष व्यक्तिगत तौर पर पेश होकर माफी मांगी। बाबा रामदेव ने कहा, 'हमारी मंशा किसी के अपमान करने की नहीं थी। हमने पहली बार आयुर्वेद से संबंधित 5000 से अधिक शोध किए। साक्ष्य आधारित दवा बनाने का सबसे बड़ा प्रयास किया है।'

इस पर पीठ ने रामदेव से सवाल करते हुए कहा, 'अगर आपकी आयुर्वेद की दवाएं इतनी प्रभावशाली हैं तो उनके लिए संबंधित विभाग से मंजूरी लेनी चाहिए थी, आपको एलोपैथिक दवाइयों की निंदा करने की क्यों जरूरत पड़ी? यह एक गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार था।' इसके बाद रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने माफी मांगते हुए फिर कहा, 'हम आगे से इसका ध्यान रखेंगे।' रामदेव ने कहा 'मैं आज से कोई बयान देते समय ध्यान रहूंगा।'

शीर्ष अदालत ने दोनों के पेश होकर बिना शर्त माफी की मांगने का संज्ञान लिया और उन्हें एक सप्ताह के भीतर विज्ञापन के जरिए माफीनामा प्रकाशित करवाने का मौका दिया, ताकि यह पता चल सके कि वे वास्तव में अपनी गलती पर पक्षतावा करना चाहते हैं या नहीं।

सुनवाई के दौरान पीठ ने योग गुरु रामदेव और बालकृष्ण से यह यह भी कहा कि योग के प्रति जागरूकता फैलाने के प्रयास करने के कारण आपका लोगों के बीच काफी सम्मान है, लेकिन आप उपचार की अन्य विधाओं की आलोचना नहीं कर सकते।

# जेपीएससी परीक्षा जांच की पीआईएल पर अब दूसरी कोर्ट में होगी सुनवाई

संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में प्रथम एवं द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआई जांच कराने वाली बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में न्यायाधीश आर मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले को दूसरे सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया। मामले में सीबीआई की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल किया जा चुका है।




पूर्व में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वर्ष 2011 में मामले को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो ने एफआईआर दर्ज की थी। बाद में हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में यह मामला सीबीआई को दिया गया था, लेकिन 13 साल बीतने के बाद भी सीबीआई ने अब तक जांच पूरी नहीं की है और मामले में आरोपपत्र भी दाखिल नहीं किया गया है। सीबीआई ने कोर्ट को बताया था कि प्रथम और द्वितीय जीपीएससी सिविल सेवा परीक्षा गड़बड़ी मामले में अनुसंधान अभी जारी है।

# मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को लेकर राजधानी तैयार, आज निकलेगी शोभा यात्रा

वरीय संवाददाता

**रांची।** राजधानी पूरी तरह से मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को लेकर तैयार हो गई है। आज बुधवार को श्री महावरी मंडल रांची के तत्वाधान में विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसे लेकर शहर के विभीन्न अखाड़ो, हनुमान मंदिर, गली, मोहल्लों से अलग-अलग टोलियों की ओर से ताशा, बैंड, भजन मंडली, झांकी के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जो शहर के विभीन्न मार्गो से होकर तपोवन मंदिर पहुंचेगी। जहां पर राम भक्त अपने महावीरी झंडे की पूजा-अर्चना करेगे। इसके साथ वहां झंडा प्रतियोगिता में बेस्ट झंडा पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन होगा। इसके बाद वहां से सभी अखाड़ेधारी अपने-अपने अखाड़ों की और लौट जाएगें। वहीं रामनवमी को लेकर राजधानी में कई संगठनों की ओर से विशाल मंच बनाया गया है। जहां से राम भक्तों का स्वागत किया जाएगा।

### प्राचीन हनुमान मंदिर का हुआ भव्य श्रृंगार

राजधानी में मंगलवार को महाअष्टमी के मौके पर अपर बाजार महावीर चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर को मौसमी फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जहां राम भक्तों ने हनुमान जी के दरबार में पूजा-अर्चना कर अपने और अपने परिवार की खुशहाली समृद्धि की कामना की। शाम होते ही शहर के विभीन्न क्षेत्रों से अखाड़ेधारी ताशा, बैंजो, डीजे के साथ अस्त्र-शस्त्र कर प्रदर्शन करते हुए महावीरी झंडे के साथ पहुंचे जहां पर श्री महावीर मंडल रांची की ओर से अखाड़ेधारियों का स्वागत किया गया। जैसे-जैसे रात चढ़ रही थी। वैसे-वैसे राम भक्तों का सैलाव उमड़ रहा था। जहां भक्त देर रात तक महावीर चौक पर जमे रहे।



### मेन रोड में सजा राम दरबार बना आकर्षण का केंद्र



राजधानी के मेन रोड सर्जन चौक स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से भव्य श्री राम दरबार के साथ भगवान श्री राम और हनुमान की विशाल कटआउट लगाया गया है। जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जहां पर मंगलवार की रात आने वाली झांकियों, अखाड़ेधारियों का स्वागत किया गया। जहां पर जमकर लोगों ने अपने-अपने अस्त्र-शस्त्र का कर्तव्य दिखाकर जय श्री राम के उद्घोष कर पूरे महौल को राममय कर दिया था।

### महाअष्टमी के मौके पर निकाली गई झांकियां

राजधानी में महाअष्टमी के मौके पर मंगलवार की रात शहर के कई रामनवमी पूजा समिति की ओर से कई झांकियां निकाली गई। इसमें श्री पंच मंदिर हिरमू राजा दक्ष के प्रारूप, शिव परिवार किशोरगंज प्रारुप राम जी के लौटने का पुष्पक विमान व राजअभिषेक, श्री राम श्रृंगार समिति गाड़ी खाना की ओर से सीता स्वंवर, महावीर श्रृंगार समिति कार्ट सराय रोड की ओर से नरसिंह अवतार के प्रारुप, बिहार युवक संघ जालान रोड रावण अंगद संवाद, नवकला मंदिर थड़पखना राम अक्षत निमंत्रण, महावीर मंडल राम सेना सीएमपीडीआई कांके रोड की ओर से रामअवतार शंकर भगवान के राम दर्शन का प्रारुप, जयप्रका नगर चुन्ना भट्टा के अलावा कई अन्य छोटी झांकियां शामिल हुई। यह जानकारी रामनवमी श्रृंगार समिति के प्रवक्ता विदूल वर्मा ने दी।

## एक नजर

### विनोद सिंह की जमानत पर 18 को सुनवाई

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह के जमानत याचिका पर 18 अप्रैल को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई होगी। मामले में विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सोमवार को कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद मनी 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। ईडी ने बड़गाई अंचल के 8.5 एकड़ जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था।

### अफसर अली छह दिनों की ईडी की रिमांड पर

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े मामले में जमीन कारोबारी अफसर अली को ईडी ने गिरफ्तार किया है। हालांकि जमीन से जुड़े एक अन्य मामले में ईडी ने अफसर अली को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था । ईडी कोर्ट के आदेश पर फिर से ईडी ने मंगलवार को अफसर अली को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया। पेशी के बाद ईडी ने उससे पूछताछ के लिए रिमांड की मांग की। अदालत ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी है। इससे पूर्व जमीन घोटाले मामले में ईडी ने मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर कई दिनों तक पूछताछ की है। इसमें ईडी को कई जानकारी मिली हैं। सद्दाम ने ऐसे 11 डीड (रजिस्ट्री के दस्तावेज) के फजीर्वाडे की पुष्टि की है जो कोलकाता के बताये जा रहे हैं।

### मोहम्मद सद्दाम चार दिनों की ईडी की रिमांड पर

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद ईडी ने मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच उसे कोर्ट में पेश किया । साथ ही सद्दाम से पूछताछ के लिए कोर्ट में रिमांड के लिए आवेदन दिया । इस पर सुनवाई के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने चार दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति प्रदान की। सद्दाम ईडी के कांड संख्या 5/2023 और 1/2023 में भी आरोपित है। ईडी ने पूर्व में छापेमारी में करीब 36 से ज्यादा डीड बरामद की थी, जो अलग-अलग भूमि से जुड़े थे।

### हत्या मामले के दोषी को उम्र कैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने मंगलवार को हत्या मामले के दोषी करार बलजुरिया खेरवार उर्फ बबलू चौधरी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने उसपर 50 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। इससे पूर्व अदालत ने बलजुरिया खेरवार को 12 अप्रैल को हत्या मामले में दोषी करार दिया था। बलजुरिया खेरवार पर पुरानी दुश्मनी को लेकर रातू थाना क्षेत्र के एतवार बाजार के शेड में सो रहे बिनोद रवानी की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। हत्या के बाद आरोपित ने बिनोद रवानी का सिर काट कर अपने साथ ले गया था।

### नेशनल गेम्स घोटाला मामले में पंकज यादव ने प्रोटेस्ट पीटीशन दाखिल की

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को 34वें नेशनल गेम्स घोटाला मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करने वाले आरटीआई कार्यकर्ता पंकज यादव ने मामले की सीबीआई जांच के लिए प्रोटेस्ट पीटीशन दाखिल की। साथ ही उन्होंने विधानसभा कमिटी की रिपोर्ट भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया। आरटीआई कार्यकर्ता ने कोर्ट के समक्ष अपनी सुरक्षा का मामला भी उठाया है। पंकज यादव ने कोर्ट को बताया है कि उन पर पिछले दिनों एक केस किया गया है, ताकि जांच प्रभावित की जा सके। इसके बाद कोर्ट ने दोनों ही बिंदुओं पर सीबीआई से जवाब मांगा है।

### हाई कोर्ट ने सीबीआई के जवाब पर जताया असंतोष

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में एमएलए-एमपी कोर्ट में विधायकों और सांसदों के केस के त्वरित निष्पादन से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में सीबीआई की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर राज्य में एमपी-एमएलए से संबंधित केस का स्टेटस प्रस्तुत किया गया। सीबीआई ने बताया कि पिछले दो साल में एमएलए-एमपी के खिलाफ दर्ज किसी केस का निष्पादन नहीं हुआ है। कोर्ट ने सीबीआई के जवाब पर असंतोष जताते हुए कहा कि मामले में एसपी रैंक से नीचे के अधिकारी हाई कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल न करें। शपथ पत्र दाखिल करने वाले पुलिस अधिकारी का पद कम से कम एसपी रैंक का होना जरूरी है। कोर्ट ने सीबीआई और ईडी को निर्देश दिया कि अगली सुनवाई में समुचित शपथ पत्र दाखिल करते हुए बताएं कि राज्य में एमपी-एमएलए के खिलाफ कितने केस पेंडिंग हैं और निचली अदालत में एमपी-एमएलए के खिलाफ चल रहे ट्रायल को तेज करें। ट्रायल के दौरान गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि समय से उनकी गवाही हो सके और मामले का जल्द निष्पादन हो सके। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 8 मई निर्धारित करते हुए सीबीआई और ईडी से जबाव मांगा है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सीबीआई को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा था कि एमपी-एमएलए के खिलाफ निचली अदालत में जो केस चल रहे हैं, उसके ट्रायल में क्यों देरी हो रही है? इनके खिलाफ ट्रायल की वर्तमान स्थिति, कितने में ट्रायल पूरा हो गया और कितने में अभी बचा है? ट्रायल के दौरान गवाहों की गवाही सुनिश्चित क्यों नहीं हो पा रही है? कोर्ट की पिछली सुनवाई के आलोक में मंगलवार को सीबीआई की ओर से हाई कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की गई थी।

# यूपीएससी सिविल सेवा परिणाम में स्वाति शर्मा को मिला 17वां रैंक

संवाददाता



**रांची।** यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग 2023) सिविल सेवा का रिजल्ट मंगलवार को जारी हो गया, जिसमे झारखंड की बेटी स्वाति को 17वां रैंक मिला है। स्वाति जमशेदपुर जिले के कालिका नगर मानगो की रहने वाली है। वह पूर्व थल सैनिक (सीएमपी) संजय शर्मा की पुत्री है। उधर, गढ़वा डीसी शेखर जमुआर की बेटी साक्षी जमुआर को 89वां रैंक मिला है। रांची की मोनिका पटेल ने भी यूपीएससी क्रैक किया है। मोनिका को 708वां रैंक मिला है। रांची के सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड दरभंगा हाउस में पदस्थापित मुख्य प्रबंधक वीरेश कुमार के बेटे वैभव कुमार ने भी यूपीएससी क्लीयर कर लिया है। वैभव कुमार को 151वां स्थान प्राप्त हुआ है।

यूपीएससी की परीक्षा में ऑल इंडिया 17वां रैंक लाने वाली स्वाति शर्मा ने बताया कि पिता सेना में थे, इसलिए आरंभिक पढ़ाई देश के कई हिस्सों में हुई। स्वाति ने मैट्रिक की परीक्षा आर्मी सेकेंडरी स्कूल कोलकाता से पास की। इसके बाद 12वीं की पढ़ाई उन्होंने साकची स्थित टैगोर एकेडमी से पूरी की। इसके बाद 2019 में उन्होंने बिष्टुपुर स्थित जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज से पॉलेटिकल साइंस में एमए किया। टैगोर एकेडमी में उनके एक शिक्षक जाकिर अख्तर ने उन्हें यूपीएससी एग्जाम के लिए मोटिवेट किया था। उनकी बातों से प्रभावित होकर माता-पिता से इस बात की जानकारी शेयर की तो उन्होंने आगे की पढ़ाई के लिए सभी मार्ग प्रशस्त कर दिये। यह उनका तीसरा प्रयास था। पहले दो प्रयास में उन्होंने जमशेदपुर में ही रहकर पढ़ाई की, परीक्षा दी लेकिन उनका सेलेक्शन नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने तय किया कि अंतिम प्रयास करना है लेकिन इसके लिए दिल्ली जाने का फैसला किया गया। नवंबर 2022 में दिल्ली में जाकर पढ़ाई शुरू की। 2023 जून में परीक्षा हुई और अगस्त में परिणाम आया। जनवरी 20024 में उनका इंटरव्यू हुआ, जिसका परिणाम टॉप 17वां रहा।

इस संबंध में स्वाति ने कहा कि सोचा जरूर था कि यूपीएससी क्रैक करूंगी लेकिन यह उम्मीद बिल्कुल नहीं थी कि इतना बेहतर प्रदर्शन कर पाऊंगी। हर सफलता के पीछे माता-पिता का हाथ होता है। इसमें मेरे भाई टाटा स्टील में कार्यरत संजीव शर्मा ने भी काफी मदद की। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सुशील कुमार सिंह, राजीव रंजन सिंह और पूरी टीम ने उनके घर पर जाकर उन्हें बधाई दी। स्वाति शर्मा ने बताया कि उन्होंने जो स्थान हासिल किया है, उसके पीछे एक मूलमंत्र रहा पुरानी गलतियों को दोबारा दोहराना नहीं है। आगे कैसे पढ़ना है, इसके बारे में सोचना है। टॉपर रहे छात्रों ने किस तरह सवालों को हल किया, उनकी पढ़ाई का पैटर्न क्या रहा, किस तरह खुद को बिना दवाब के पढ़ाई में व्यस्त रखना है, यह सीखा और इस पर काम किया, जिंदगी खुद बेहतर बनती गयी। पढ़ाई कभी भी बोझ या उबाऊ नहीं लगी। हर चीज अपने अनुरूप लगने लगी। उस दौरान यह समझ आने लग गया था कि अब पीछे मुंड़ कर देखने का समय खत्म हो गया, आगे बढ़ना है। यूपीएससी के परिणाम ने अपार खुशियां प्रदान की है, लगातार फोन आ रहे हैं। माता-पिता, भाई, रिश्तेदार सब काफी खुश हैं।

# इंडी गठबंधन प्रधानमंत्री की हत्या करने की रच रहा साजिश : प्रतुल



संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इंडी गठबंधन पर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी पर जानलेवा हमला करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। प्रतुल ने कहा कि साहिबगंज में झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य नजरुल इस्लाम ने विकृत मानसिकता और जिहादी सोच का परिचय देते हुए मोदी को जमीन में 400 फीट नीचे गाड़ने की धमकी दी है।

प्रतुल ने कहा कि इस बयान के सार्वजनिक होने के 24 घंटे के बाद भी पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। यह साफ दिखाता है कि सरकार ऐसे जिहादी तत्वों को बढ़ावा दे रही है। इससे पूर्व कोडरमा में राजद नेता ने मोदी की खोपड़ी में गोली मारने की बात कही थी। यह सीक्वेंस साफ दिखता है कि इंडी गठबंधन के नेता मोदी के खिलाफ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए साजिश रच रहे हैं और जनता को भड़का रहे हैं। प्रतुल शाह देव मंगलवार हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

प्रतुल ने कहा कि यह बेहद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि झारखंड पुलिस द्वारा अब तक नजरुल इस्लाम की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस जेहादी व्यक्ति ने तो सीधे तौर पर प्रधानमंत्री की हत्या की बात कही है लेकिन फिर भी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा खामोश है। प्रतुल ने कहा कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा से सीधा जुड़ा मामला है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की अस्मिता और गौरव के प्रतीक है। उनकी हत्या करने करने की बात करके विपक्ष साफ दिखा रहा है कि उसका लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में राज्य सरकार अराजकता का वातावरण चाहती है। एक तरफ राजद और झामुमो के नेता मोदी की हत्या करने की बात कर रहे हैं तो दूसरी तरफ आदिवासी महिला सांसद गीता कोर को झामुमो के सशस्त्र समर्थकों द्वारा बंधक बनाकर रखा जाता है।

# सरहुल मिलन समारोह 21 को

वरीय संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय सरना संघर्ष समिति सह हेसल सरना समिति के संयुक्त तत्वावधान में सरहुल मिलन समारोह सह सरना प्रार्थना सभा तैयारी को लेकर केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप के अध्यक्षता में सत्यारी सरना स्थल पिस्का मोड़ रांची में बैठक हुई। बैठक का संचालन सती तिर्की ने किया । समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि सरहुल मिलन समारोह सह सरना प्रार्थना सभा 21 अप्रैल को को धूमधाम से मनाया जाएगा, सुबह 10 बजे से प्रार्थना सभा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा साथ ही 5 बजे शाम से सरहुल मिलन समारोह संस्कृति नृत्य गीत संगीत के साथ शुभारंभ होगा।
सभी अतिथियों को सम्मानित किया जाएगा बैठक में रुपा तिर्की, सती तिर्की, अनिता उरांव, मीणा देवी, शोभा तिर्की, जितू तिर्की, नुरी तिर्की, नीलम उरांव , प्रमिला उरांव, पार्वती उरांव , सुनीता उरांव , पिंकी कुजूर शामिल थी।

# एटीएस ने अमन श्रीवास्तव गिरोह के नीरज कुमार को गिरफ्तार किया

संवाददाता

**रांची।** आतंकवाद निरोधी दस्ता( एटीएस )ने कुख्यात अमन श्रीवास्तव गिरोह के नीरज कुमार को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 60 हजार नगद, एक कार, तीन मोबाइल फोन और मेसर्स झारखंड एजेंसी कंपनी से संबंधित कागजात बरामद किया गया है। मंगलवार को पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार एटीएस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गिरोह का अपराधकर्मी नीरज कुमार रांची आया हुआ है। इस सूचना पर एटीएस टीम ने रांची पुलिस के सहयोग से छापामारी के दौरान जगन्नाथपुर थाना के पुन्दाग ओपी क्षेत्र के लाजपत नगर से अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी ने पूछताछ के दौरान यह बात प्रकाश में आयी है कि वह अमन श्रीवास्तव गिरोह के रंगदारी के पैसे के प्रबंधन का कार्य करता था।



गिरफ्तारी के समय उसके पास से गिरोह के वसूले गये रंगदारी के 60 हजार रुपये बरामद हुए हैं।

**कार्यालय क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का काम करेगा**

# संकल्पित होकर कार्य करें कार्यकर्ता: सुदेश

संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हमारी तैयारी राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीतने की है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी इसके लिए संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। तमाड़ की जनता हमारे लिए एक परिवार है। इस सीट पर एनडीए के पक्ष में एक बड़ा जनादेश पाने और भविष्य में यहां पर एक बेहतर नेतृत्व देने की हमारी तैयारी है।

आजसू अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मंगलवार को बुंडू में पार्टी कार्यालय के उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम और पंचायत प्रभारियों के साथ लोकसभा चुनावों को लेकर संवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का यह कार्यालय क्षेत्र की जनता और पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का काम करेगा। यह कार्यालय क्षेत्र की जनता की सेवा में हमेशा कार्यरत रहेगा। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के विकास में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं पर दोहरी जिम्मेदारी है। लोकसभा चुनाव के साथ ही आने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को लगना है। पार्टी ने पूरे राज्य में ग्राम प्रभारी सुनिश्चित किया है। हर गांव में महिला और पुरुष प्रतिनिधि बनाने का काम लगभग पूरा हो गया है। बुंडू, तमाड़ और अड़की क्षेत्र में भी इस काम को पूरा कर लिया गया है अब तय समय के अंदर चूल्हा प्रमुखों के चयन के दायित्व को भी आप सभी पूरा करें।

# हाई कोर्ट में रांची सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना मामले की हुई सुनवाई

### अगली सुनवाई 24 अप्रैल को हाजिर होने का दिया निर्देश

संवददाता



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने का आग्रह करने वाली अरविंदर सिंह देओल की जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट में रांची नगर निगम की ओर से कहा गया कि रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज वन के लिए एनएचएआई नो ऑब्जेक्शन नहीं दे रहा है। इस पर कोर्ट ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और एडमिनिस्ट्रेटर रांची नगर निगम को अगली सुनवाई 24 अप्रैल को हाजिर होने का दिया निर्देश। नगर निगम की ओर से बताया गया कि फेज वन का 15 प्रतिशत काम शेष बचा है। पिछली सुनवाई में राज्य सरकार ने फेज-टू, फेज थ्री और फेज फोर के निर्माण कार्य के संबंध में बताया था कि इसके डीपीआर के स्क्रूटनी का काम चल रहा है। अभी चुनाव आचार संहिता लगी है, इसलिए टेंडर की प्रक्रिया भी नहीं की जाएगी। पूर्व की सुनवाई में रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन सहदेव ने कोर्ट को बताया था कि जोन-वन का कार्य रांची नगर निगम कर रहा है, जिसका 15 प्रतिशत कार्य बचा है।

## एक नजर

### संकटमोचन हनुमान मंदिर में हुई प्राण-प्रतिष्ठा



**बोकारो :** नगर के सेक्टर-4 जी मोड़ में धर्मस्थान, सेक्टर 4जी मोड़ स्थित नवनिर्मित संकटमोचन हनुमान मंदिर में सोमवार को हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। यह एकदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर आयोजित किया गया। इस अनुष्ठान को संपन्न कराने में पंडित अशोक पांडेय शास्त्री, मुख्य यजमान मधुसूदन यादव, आरती यादव, कलश स्थापना राजेश चौधरी, अर्चना चौधरी सहित स्वरूप शेखर पांडेय, अनुराग कुमार उर्फ भज्जु, रजनी कांत पाठक, सरोज कुमार मिश्रा, अरुण पाठक, मुन्ना, डेजी, सरयू चौधरी, लक्ष्मी सिन्हा, पवन, नागेन्द्र सिंह आदि की प्रशंसनीय भूमिका रही। मंदिर के लिए हनुमान जी की मूर्ति दान रजनी कांत पाठक ने किया। आयोजन के दौरान भक्ति गीतों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा।आयोजन में आस पास के श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी प्रशंसनीय रही।

### शिक्षकों और विद्यार्थियों को बताए अग्नि-सुरक्षा के गुर

**बोकारो थर्मल :** राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत मंगलवार को बोकारो थर्मल स्थित सीआईएसएफ यूनिट फायर की टीम के द्वारा केंद्रीय विद्यालय में अग्नि सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में काफी संख्या में स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण शामिल हुए। शिविर में सीआईएसएफ फायर की टीम के निरीक्षक अनिल कुमार सहित सदस्यों एवं अधिकारियों के द्वारा अग्नि दुर्घटना रोकने एवं उससे बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही साथ स्कूली बच्चों के बीच चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। अंत में अग्निशमन प्रदर्शन कर विभिन्न प्रकार के अग्निशामक को चलाने की व्यवहारिक शिक्षा उप निरीक्षक फायर चंद्र भान सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा दिया गया। शिविर को सफल बनाने में सीआईएसएफ फायर के हेड कांस्टेबल केसीएस राव, लघुतम, किरण कुमार, योगेंद्र सिंह सहित स्कूल के प्राचार्य डॉ बलराम डे, शशिरंजन, विभा रानी श्रीवास्तव, राजश्री सिंह, शाइना परवीन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक वीएन सिंह ने की।

### बोकारो थर्मल में महावीरी झंडे से पटा है बाजार



**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल में रामनवमी एवं वासंती चैती दुर्गा पूजोत्सव को लेकर पूजा एवं पंडाल का निर्माण स्थानीय संकट मोचन मंदिर प्रांगण में किया गया है। दूसरी ओर रामनवमी को लेकर स्थानीय बाजार की दुकानें एवं मेन रोड के किनारे लगाई गईं अस्थाई दुकानें महावीरी झंडे से पटी पड़ी हैं। रामनवमी को लेकर बाजार में काफी रौनक बढ़ गई है। स्थानीय बाजार के मुस्लिम भाइयों के द्वारा महावीरी झंडे वर्षों से बनाये जातें हैं, जो कि आपसी सौहार्द एवं भाईचारे को दशार्ता है। बाजार में सभी प्रकार एवं रेंज के झंडे बिक्री हेतु लाये गये हैं, दूसरी ओर वासंती दुर्गा पूजा पंडाल में महाअष्टमी के दिन पूजा करने को लेकर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई।

### कसमार थाना प्रभारी ने लिया विधि व्यवस्था का जायजा

**बोकारो :** कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने मंगलवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत वासंतीय नवरात्र एवं रामनवमी महोत्सव के विभिन्न पूजा पंडालों की विधि व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कसमार, बगदा, खैराचातर, चंडीपुर, मधुकरपुर आदि पूजा पंडालों में जाकर कमेटी के लोगों से मिले तथा पूजा की तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने विधि व्यवस्था बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि गाइडलाइन के अनुसार हीं त्योहार मनाएं। रामनवमी जुलूस एवं विसर्जन इत्यादि पर डीजे बजाना पूर्णतः बंद रहेगा। बोकारो उपायुक्त का सख्त निर्देश है और इसका पालन करना अति आवश्यक है। इस बीच थाना प्रभारी मधुकरपुर में मनाए जा रहे वासंतीय नवरात्र की महासप्तमी के महाप्रसाद वितरण में भी शामिल हुए। मौके पर संजय महतो, अनिल महतो, सिद्धेश्वर महतो, मनोज महतो, निर्मल महतो, रामबिलास महतो, धीरेंद्र महतो, रमेश प्रजापति, बर्जेश महतो, परिक्षित प्रजापति, कन्हाय प्रजापति आदि मौजूद थे।

### श्रीराम कथा की कथा अमृत समान, श्रवण करनेवाले होते हैं धन्य : मालती शास्त्री

**बोकारो :** कसमार प्रखंड के मधुकरपुर में बासंती दुर्गा पूजा सह रामनवमी महोत्सव के अवसर पर सोमवार की रात को श्रीराम कथा का आयोजन हुआ। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीणों ने कथा श्रवण किया। इस दौरान कथावाचिका मालती शास्त्री ने कहा कि श्रीराम कथा से साक्षात भगवान हनुमान का दर्शन संभव है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा अमृत के समान है। इसके सुनने मात्र से प्राणी धन्य एवं जन्म मरण के बंधनों से मुक्त हो जाता है। वर्तमान जीवन में भी सारे कष्टों से छुटकारा पा जाता है। साथ हीं मनुष्य आचार, व्यवहार और स्वभाव से श्रेष्ठ हो जाता है।

# बीएसएल की अग्नि–सुरक्षा में जुड़ा नया आयाम

### पानी और फोम से आग बुझाने वाले 10 और दमकल ब्रिगेड में हुए शामिल

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र की अग्नि-सुरक्षा में नया आयाम जुड़ गया है। बीएसएल के अग्निशमन सेवा विभाग में पानी और फोम से आग बुझाने वाले और नए 10 फायर टेंडर हुए शामिल हो गए हैं।राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता के लिए 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जाने वाले अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में मंगलवार को बोकारो स्टील प्लांट के मुख्य अग्निशमन विभाग में 10 नए वाटर सह फोम टेंडर को औपचारिक रूप से शामिल किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पीके बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवा) बीके सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) हर्ष निगम, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) वीके सिंह, कमांडेंट (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) नितिन त्यागी के साथ अग्निशमन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



### सुदृढ़ होगी अग्निशमन क्षमता : ईडी

मौके पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि अग्निशमन विभाग में 10 नए वाटर सह फोम टेंडर के शामिल होने से बोकारो स्टील प्लांट के अलावा बोकारो स्टील सिटी की अग्निशमन क्षमता सुदृढ़ होगी। उन्होंने अग्नि सुरक्षा में जागरूकता के लिए 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जाने वाले अग्निशमन सेवा सप्ताह के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्निशमन शाखा को बधाई देते हुए आनेवाले गर्मी के मौसम में और सजग रहने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक (अग्निशमन सेवा) कुमार रजनीश और सहायक कमांडेंट (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) मनोज चौहान ने किया।

### रामनवमी आज, बोकारो में जगह–जगह से निकलेंगे भव्य जुलूस

# महावीरी झंडों से पटा इस्पातनगरी का कोना-कोना, प्रशासन अलर्ट

संवाददाता

**बोकारो :** इस्पातनगरी बोकारो में बुधवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी मनाए जाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित होने के बाद की पहली रामनवमी को लेकर इस बार विशेष उत्साह देखा जा रहा है। चास-बोकारो का कोना-कोना महावीरी झंडों से पटा हुआ है। हर गली मोहल्लों में केसरिया ही केसरिया नजर आ रहा है। भारी तादाद में शहरवासियों ने मंगलवार को बांस व झंडों की खरीदारी की। बुधवार को विधिवत पूजा के बाद वे अपने घरों में महावीरी ध्वजा फहराएंगे। दुंदीबाद बाजार, सेक्टर-1 श्री राम मंदिर, सेक्टर-4, चास चेकपोस्ट आदि बाजारों में खूब बिक्री हुई। जहां 100 रुपए से पांच हजार तक के झंडे बिक रहे थे। इसके अलावा पूजा सामग्री की दुकानों में भी भीड़ देखी गई। इधर, शहर में चारों तरफ का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। मंदिरों में अखंड कीर्तन जैसे अनुष्ठान शुरू हो चुके हैं। पूरा शहर राममय बना हुआ है। हर तरफ आस्था और उत्साह का माहौल है। वहीं रामनवमी को लेकर सभी अखाड़ा समितियों की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। दूसरी तरफ, अखाड़ा समिति की ओर से झांकी व शोभायात्रा निकाली जाएगी। झांकी व शोभायात्रा विभिन्न स्थानों से निकलकर सेक्टर-1 स्थित श्री राम मंदिर चौक गोलंबर पर पहुंचेगी। रामनवमी जुलूस रेलवे फाटक रितुडीह, झोपड़ी कालोनी, एलएच मोड़, माराफारी, चास व बीएस सिटी के सभी क्षेत्रों से गाजे-बाजे, झंडा के साथ झांकियां एवं जुलूस के साथ 3 बजे से झांकी निकालकर रात्रि 7 बजे तक सेक्टर-1 स्थित श्री राम मंदिर चौक पहुंचेगी। वहां सभी अखाड़ा व झांकी का स्वागत करेगी व सम्मानित किया जाएगा।

वहीं, रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। डीसी विजया जाधव एवं एसपी पूज्य प्रकाश के नेतृत्व में प्रशासन-पुलिस के अधिकारी खुद सतर्क हैं। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से जुलूस पर नजर रखी जाएगी। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। एहतियातन विद्युत व्यवस्था भी प्रभावित रहेगी। रामनवमी जुलूस को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से चास क्षेत्र में अपराह्न 01 बजे से रात्रि 11 बजे तक एवं तेनुघाट क्षेत्र में अपराह्न 02 बजे से रात्रि 11 बजे तक बाधित रहेगी। जबकि, इस्पातनगरी बोकारो में बिजली आपूर्ति संध्या 4 से रात 10 बजे तक बंद रखी जाएगी।

### बीएसओए की आमसभा में नई समिति ने पदभार संभाला

# अधिकारियों की सुविधा, सुरक्षा का रखेंगे ख्याल : महासचिव

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन (बीएसओए) की नई समिति ने अपना पदभार संभाल लिया। सोमवार देर रात तक चली पूर्व निर्धारित जनरल बॉडी मीटिंग समाप्त हुई, जिसमें पुरानी कमेटी से नई कमेटी को कार्यभार सौंप दिया गया। इस अवसर पर अधिकारियों की सुविधाओं, सुरक्षा सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। नए ऑडिटर की नियुक्ति पर चर्चा हुई एवं पूर्व कमेटी के कोषाध्यक्ष ने जनवरी 2024 तक का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

आमसभा में बीएसओए के माध्यम से मेडिकल इंश्योरेंस पर भी विशेष चर्चा हुई। महासचिव अजय कुमार पाण्डेय ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल इंश्योरेंस के लिए एक कमेटी गठित कर दी गई है। इस पर बीते 9 अप्रैल को नवनियुक्त बीएसओए काउंसिल की मीटिंग हुई थी, जिसमें जल्द ही मेडिकल इंश्योरेंस पॉलिसी के लिए कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया जा चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि एसोसिएशन की नई टीम एकजुट होकर सभी अधिकारियों की सुविधा, उनके सम्मान, अस्पताल व्यवस्था, कंपनी क्वार्टर के रखरखाव आदि में सुधार एवं अधिकारियों के घर परिवार की सुरक्षा को दुरुस्त करने की दिशा में जल्द ही संबंधित विभाग अथवा एजेंसी के साथ मीटिंग करेगी। श्री पांडेय ने कहा- हम सब बीएसओए की नई टीम एक साथ मिलकर अधिकारी वर्ग की भलाई के लिए कार्य करने को कृत संकल्प है और नई टीम कुछ नया कर एक मिसाल कायम करेगी।



नई कार्यसमिति में अशोक कुमार उपाध्यक्ष, मनोज कुमार उप महासचिव, वीएस नारायण कोषाध्यक्ष, कौशल कुमार राय, संयुक्त कोषाध्यक्ष तथा रंजक पांडे, प्रवीण कुमार,सुजीत रावत एवं लखविंदर सिंह विभिन्न विभागों के लिए सचिव बनाए गए हैं।

## बोकारो थर्मल में रामनवमी को ले पुलिस का बाइक से फ्लैग मार्च



संवाददाता

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल थाना के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को स्थानीय थाना क्षेत्र में रामनवमी एवं वासंती दुर्गा पूजा त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था की बहाली को लेकर बाइक एवं पुलिस के वाहनों से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च बोकारो थर्मल के विभिन्न मुख्य सड़कों व गलियों से होते हुए कथारा, जारंगडीह से होकर लौटकर थाना परिसर में समाप्त किया गया।

इंस्पेक्टर ने थाना क्षेत्र के आमजनों से मिलकर आपसी सौहार्द के साथ रामनवमी एवं वासंती दुर्गा पूजा का त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से हाई अलर्ट पर है। फ्लैग मार्च के माध्यम से इलाके में शांति व्यवस्था बरकरार रखते हुए पर्व को आपसी सौहार्द के वातावरण में मनाने की अपील करते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर है। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देना है और शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों पर कड़ी कारवाई करने की बात भी कही। फ्लैग मार्च में थाना के पुलिस पदाधिकारियों में बिरेंद्र हांसदा, अजीत कुमार, धनंजय सिंह, धर्मेंद्र कुमार, भागीरथ महतो, दीपक कुमार पासवान, जी. बानरा, सअनि अरविंद सिंह, पंकज कुमार भारद्वाज, अरविंद मेहता, एस मुर्मू, बैजून मरांडी, मनोज कुमार मंडल, सुरक्षा बलों एवं डीवीसी होमगार्ड के जवान शामिल थे।

## डीपीएस चास के दक्षेश बने सिल्वर जोन ओलंपियाड टॉपर

संवाददाता

**बोकारो :** डीपीएस चास के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने एक बार फिर विद्यालय तथा राज्य का नाम गौरवान्वित किया है। सिल्वर जोन द्वारा आयोजित ओलंपियाड परीक्षा में इस विद्यालय में छठी कक्षा के छात्र दक्षेश गोस्वामी ने ओलंपियाड टॉपर बनकर राष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता प्राप्त की है।

इसके साथ ही कक्षा नौवीं के राज आर्यन तथा दसवीं के उत्पल कुमार स्टेट टॉपर रहे। दक्षेश गोस्वामी को सिल्वर जोन ओलंपियाड संस्था द्वारा मेडल तथा पाँच हजार रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। रामनवमी की पूर्व संध्या पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था, जिसमें विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे ने तीनों विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया। विशेष प्रार्थना सभा में संगीत शिक्षक की निगरानी में विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। बच्चों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन तथा डीएस मेमोरियल सोसायटी चास के सचिव सुरेश अग्रवाल ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## मंजूरा के ग्रामीणों ने धूमधाम से मनाया सरहुल पर्व

संवाददाता

**बोकारो :** कसमार प्रखंड के मंजूरा गांव स्थित नाइया जेहराथान में मंगलवार को मंजूरा पंचायत के कुड़मी समाज ने सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया। गांव के नाइया जानकी महतो ने खीर का भोग चढ़ाकर जेहराथान में पूजा अर्चना की। इस दौरान नाया ने ग्रामीणों के बीच सखुआ का फूल बांटा। ग्रामीणों ने बताया कि मंजूरा गांव में चड़क पूजा के उपरांत सरहुल परब मनाने की परंपरा गांव बसने के दौरान से हीं पीढ़ी दर पीढ़ी सदियों से चली आ रही है। नाइया जेहराथान कुड़मि समेत आदिवासियों की गहरी आस्था का केंद्र है। इस परब के माध्यम से भूमिगत जल स्तर का अनुमान एवं भविष्य में होने वाली वर्षा की संभावना का पूवार्नुमान लगाते हैं, जो कि आगामी धान की खेती में काफी लाभदायक होता है। मौके पर भागीरथ बंसरिआर, सदानंद गुलिआर, मिथिलेश महतो केटिआर, प्रवीण केसरिआर, ज्ञानी गुलिआर, दशरथ गुलिआर, पियूष बंसरिआर, सहदेव झारखंडी, उमेश केसरिआर, अखिलेश केसरिआर, सुभाष हिंदइआर, बालेश्वर पुनअरिआर, मुरली जालबानुआर, शांती गुलिआर, रंजीत गुलिआर, शैलेश केसरिआर, राजकिशोर केसरियार, कमल जालबानुआर, सरोज गुलिआर, सुनील केसरिआर, हीरालाल केसरियार, उमेश केसरियार, अखिलेश्वर केसरियार, अमरनाथ गुलिआर, प्रकाश केसरियार, भागीरथ केसरियार, बालेश्वर केसरिआर, सुदेश केटिआर, उमाचरण गुलिआर, महावीर गुलिआर, सुलचंद गुलिआर, अमरनाथ गुलिआर, दुर्गा पुनअरिआर, द्वारिका केसरिआर, लालमोहन गुलिआर, निरंजन केसरिआर, रूपेश हिन्दइआर, अजीत टिडुआर, जंगबहादुर केसरिआर समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।



# इस बार की लड़ाई दो विचारधाराओं की लड़ाई : अमर बाउरी

### भारतीय जनता पार्टी ने एनआईपीएम सभागार में शक्ति केंद्र की बैठक आहूत की

### धनबाद विधानसभा के कार्यकर्ता फिर से अव्वल आयेंगे : दीपक प्रकाश



संवाददाता

**बोकारो :** भाजपा ने सेक्टर-5 स्थित एनआईपीएम सभागार में शक्ति केंद्र की बैठक आहूत की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष जयदेव राय ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंदनकियारी विधायक व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी थे। नेता प्रतिपक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 400 पार का नारा दिया। मोदी जी के गारंटी के नारे के साथ झारखंड के 14 में 14 सीट प्राप्त करने के लिए कार्यकताओं को संकल्प दिलाई गई। कहा कि पूरे देश में मोदी जी की गारंटी चल रही है। आज महा अष्टमी है और कल ऐतिहासिक रामनवमी है। 500 साल के लंबे संघर्ष, तपस्या और बलिदान के बाद टूटे फूटे टेंट से निकल कर राम लला अयोध्या में विराजमान हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार की लड़ाई दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक का लक्ष्य राष्ट्र है दूसरे का परिवार फर्स्ट है को समर्पित है। मोदी जी अपने 140 करोड़ के परिवार को समर्पित हैं। 18 घंटे कार्य करते हैं। निरंतर बिना किसी छुट्टी के काम कर रहे हैं। एक तरफ लोग अपने बच्चों के लिए चिंतित हैं। वहीं मोदी जी मां भारती के लिए समर्पित हैं। इसलिए आप सभी ने देखा होगा कि झारखंड में इंडी गठबंधन अपना प्रत्याशी देने में कितना घबरा रहा है। झारखंड में जेएमएम ने भाजपा के दबाव में आ कर चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया है। कहा कि किसी भी दल के मुख्यमंत्री उसके स्टार प्रचारक होते हैं। मगर जेएमएम में मैडम कल्पना सोरेन स्टार प्रचारक हैं। वो न तो विधायक हैं न अध्यक्ष हैं सिर्फ प्रचारक हैं। कोहलान के टाइगर को उन्होंने सर्कस का टाइगर बना दिया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह लोक-सभा क्लस्टर प्रमुख दीपक प्रकाश ने कार्यकताओं को नवरात्रि की बधाई दी एवम रामनवमी के अवसर पर शपथ दिलाई।

धनबाद विधानसभा के कार्यकर्ता फिर से अव्वल आयेंगे। पार्टी को दुनिया का नंबर 1 बनाने का श्रेय किसी को जाता है तो आप सभी कार्यकर्ताओं को। हमारे बूथ के सभी कार्यकर्ता परमाणु बम हैं। बूथ जीतो, चुनाव जीतो, मेरा बूथ सबसे मजबूत, हमे सभी ताकत बूथ पर लगाना है। धनबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सह राजग प्रत्याशी ढूलू महतो ने बोकारो के सभी कार्यकताओं को देवतुल्य कहा। कहा कि मैं आप के सटे हुए विधानसभा से विधायक रहा हूं। आप जानते हीं हैं। हम आप के परिवार का भाई हूं। प्रभु श्री राम का भगत हूं मैं उन्हीं से प्रेरित होकर कार्य करूंगा। हम इंडी गठबंधन को मुंहतोड़ जवाब दूंगा।

ये कांग्रेसी आज तक कोई काम किए ही नहीं इस लिए उनको कहने के लिए कुछ है ही नहीं निजी कार्यों के लिए राजनीत करने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री का विरोध करते हैं। मैं माननीय प्रधानमंत्री को साक्षी मन कर आप के साथ कार्यकर्ता के तरह दिन रात कार्य करता रहूंगा। राष्ट्र हित में कार्य करता रहा हूं और करता रहूंगा। ईमानदारी से जनता और देश के लिए कार्य करता रहा हूं और करता रहूंगा। दुराचारियों से ना डरा हूं ना डरूंगा।

## जिला समाज कल्याण पदाधिकारी का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत



संवाददाता

**बोकारो :** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बोकारो पूर्णिमा कुमारी का बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शंकर रवानी के नेतृत्व मे बाल कल्याण समिति, बाल गृह, सहयोग विलेज, चास, बोकारो के अधिकारियो ने संयुक्त रूप से उनके कार्यालय मे गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। बोकारो जिला मे चलाए जा रहे बाल संरक्षण के मुद्दों पर चर्चा की गई। मौके पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शंकर रवानी ,सदस्य प्रीति प्रसाद, मो0 रजी अहमद, प्रगति शंकर बाल गृह के अधिक्षक ओम प्रकाश, गायत्रि कुमारी, बलजीत कौर, रोहित कुमार, अभीजीत पांडेय आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च



संवाददाता

**बेरमो :** रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को बेरमो प्रशासन द्वारा फुसरो बाजार में पैदल फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च बेरमो थाना से निकलकर फुसरो बाजार, रहीमगंज होते हुए पुराना बीडीओ आफिस पहुंचा। बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह ने कहा कि रामनवमी त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक स्तर से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कहीं भी कोई अप्रिय घटना ना हो इसे लेकर जगह-जगह मजिस्टेट के साथ पुलिस के जवानों की तैनाती रहेगी। कहा कि अखाड़ा कमेटी निर्वाचन आयोग का गाइडलाइन का पालन करते हुए जुलूस को निकालें। जुलूस के दौरान किसी प्रकार की आसुविधा न हो इसे लेकर अपने-अपने वालंटियर को भी तैयार रखें। कहा कि जुलूस की निगरानी के लिए पुराना बीडीओ आफिस में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है, जहां से प्रशासन निगरानी करेंगी। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरा व ड्रोन से भी निगरानी की जायेगी। कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार ने कहा कि अखाड़ा कमेटी निर्धारित रूट से हीं जुलूस लेकर जाएं और लेकर आए जुलूस के दौरान उपद्रवियों पर प्रशासन की नजर है। कोई भी हुडदंग करते हुए पाए गए तो उन पर विधि संवत कार्रवाई की जायेगी। मौके पर बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार, राजीव कुमार सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष जवान मौजूद थे।

## रामनवमी शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रशानिक अधिकारियों की हुई बैठक



संवाददाता

**बेरमो :** रामनवमी त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को बेरमो प्रखंड कार्यालय के सभागार में अंचल अधिकारी संजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस प्रशासन की बैठक हुई। बैठक में रामनवमी त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था व सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। सीओ श्री सिंह ने कहा कि रामनवमी का त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पुलिस-प्रशासन सक्रिय रहे।

ड्यूटी के दौरान सभी कोई अपनी सूत्र व नजर को तेज रखें। कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की जानकारी मिलती है तो तुरंत वरीय अधिकारी को उसकी सूचना दें। कहा कि सुरक्षा में कहीं भी चूक ना हो, जुलूस के दौरान हुड़दंगियों पर विशेष नजर बनाये रखें। कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का भी सभी को पालन करना है। मौके पर फुसरो नप इओ गोपेश कुंभकार, बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार, वीरेंद्र कुमार, अमित कुमार, कामेश्वर प्रसाद, विशाल प्रकाश, अजीत कुमार साह, आलोक सिंह, महेश साहनी आदि मौजूद थे।

## दो बाईकों के आमने-सामने की टक्कर में तीन घायल



संवाददाता

**गिरिडीह :** तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसरी - गिरिडीह मुख्य मार्ग पर खोटो के समीप मंगलवार को दो बाइकों के बीच हुई आमने - सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में दोनों बाइकों के चालक और एक महिला बाइक सवार शामिल हैं। दुर्घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की काफी भीड़ जुट गई। आस - पास के लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा बाइक चालक रंजीत दास और उनकी बहन पूनम कुमारी को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी लाया गया। जहां डाक्टर महेश्वरम ने घायल भाई - बहन के प्राथमिक उपचार के बाद गिरिडीह रेफर कर दिया। वहीं दूसरे बाइक चालक मुरली यादव को उनके स्वजन इलाज के लिए गिरिडीह की ओर ले गए। बताया जाता है कि गांवा के मालड़ा निवासी रंजीत दास बाईक से अपनी बहन को उसके ससुराल छोड़ने मंडरो की ओर जा रहा था इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे बाईक सवार मुरली यादव से जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में मुरली यादव का पैर टूटने, रंजीत दास का दाहिना हाथ टूटने और उसकी बहन पूनम कुमारी के सर में चोट होने की बात बताई जा रही है।

## मारूती नंदन महायज्ञ सह हनुमत मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रतिमा का कराया गया नगर भ्रमण



संवाददाता

**बेरमो :** नगर परिषद फुसरो क्षेत्र के अंबेड़कर कॉलोनी के हनुमान मंदिर में पांच दिवसीय श्री श्री मारूती नंदन महायज्ञ सह हनुमत मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ प्रतिमा का नगर भ्रमण सह शोभायात्रा निकाली गयी।

यहां सैकड़ों महिला-पुरुष एवं श्रद्धालु महायज्ञ स्थल से निकले जो अंबेडकर कॉलोनी होते हुए पुराना बीडीओ ऑफिस फुसरो का भ्रमण कराते हुए पुनः वापस लोटे, जहां यज्ञाचार्य हरिशरणम कुटीर बी देवघर से आये पंडित हीरा लाल शास्त्री एवं बतौर सहयोगी आचार्य विकास कुमार शास्त्री, रवींद्र कुमार शास्त्री, सूरज कुमार पांडेय व अरविंद शास्त्री के द्वारा पूरे विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान कराये गए। मुख्य यजमान संतोष बाउरी एवं उनकी पत्नी अनिता देवी, अर्जुन रविदास एवं उनकी पत्नी कमला देवी, शिबू मुंडा एवं उनकी पत्नी तुलसी देवी, कुमार हरिष एवं उनकी पत्नी ममता देवी, गौतम भुईया एवं उनकी पत्नी बरखा देवी शामिल थे।

नगर भ्रमण में गाजे-बाजे के साथ जय माता दी, जय हनुमान, जय श्री राम के नारों से क्षेत्र गुंजयमान हो गया। कमेटी के अध्यक्ष उमेश रवि व रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष भुनेश्वर रविदास ने बताया कि 17 अप्रैल को वेदी पूजन, हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा एवं यज्ञ की पूणार्हुति एवं दरिद्र नारायण भोज की व्यवस्था की जाएगी। बताया कि महायज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की भी व्यवस्था की गई है। मौके पर रामनवमी समिति अध्यक्ष भुनेश्वर रविदास, महायज्ञ कमेटी के अध्यक्ष उमेश रवि, उपाध्यक्ष राजेश राम, सचिव अशोक रविदास, उपसचिव चन्दन बाउरी , दीपक भारद्वाज, कोषाध्यक्ष रंजीत खुराना, उप कोषाध्यक्ष तुलसी कुमार, संगठन मंत्री विजय कुमार, सहायक संगठन मंत्री संदीप भारती, उप संगठन मंत्री राकेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम बाउरी, अजय कुमार, सोनू कुमार, सोनू बाउरी, राहुल रजवार, करण कुमार, रोहित बाउरी, साहिल कुमार, महेंद्र मुंडा, रवि कुमार, प्रेम मांझी, महावीर नायक, सुभम कुमार, रोहित भुइयां, सनी भुइयां, राजू गोप बादल, मुरली रविदास आदि लोग है। मौके पर भाजपा नेता शिवलाल रवि, बाबुचंद रवि आदि मौजूद थे।

## रामनवमी को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव शहर के कई रूट पर बड़े वाहनों की लगेगी नो एंट्री



संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो जिला प्रशासन ने रामनवमी के अवसर पर शहर व अन्य क्षेत्रों में ट्रैफिक व यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कई बदलाव किए हैं। रामनवमी में 17 अप्रैल को अपराह्न 2 बजे से रात 10 बजे तक ट्रैफिक में बदलाव किया गया है। जिसमें कई रूटों पर वाहनों के परिचालन में पाबंदी लागू रहेगी। इस जुलूस में लोग भारी संख्या में उमड़ते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में रामनवमी जुलूस के दौरान दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक यातायात को सुव्यवस्थित रखने एवं विधि- व्यवस्था के मद्देनजर दिशा निर्देश जारी किया गया है। साथ हीं संबंधित थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत वाहनों को निर्धारित समय एवं स्थल पर रोकने का निर्देश दिया गया है।

### इन मार्गों पर वाहनों की रहेगी नो एंट्री

पेटरवार की ओर से उकरीद मोड़ की ओर आनेवाली एनएच 23 पर भारी वाहन को जरीडीह टोल के पास रोकी जायेगी। पुरुलिया की ओर से आई०टी०आई० मोड़ की ओर आने वाली एनएच 32 पर भारी वाहन को पिण्ड्राजोरा चेक पोस्ट एवं आईटीआई मोड़ पर रोकी जायेगी। वहीं, धनबाद की ओर से जोधाडीह मोड़ की ओर आने वाली एनएच 32 पर भारी वाहन को तेलमच्चो टोल के पास रोकी जायेगी। इधर, चन्दनकियारी की ओर से जोधाडीह मोड़ की ओर आने वाली भारी वाहन को भवानीपुर साईड के पास रोकी जायेगी। इलेक्ट्रोस्टील की ओर से आनेवाली भारी वाहनों को तेलगड़िया मोड़ पर रोक दी जायेगी। वहीं, माराफारी से नयामोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों का परिचालन पूर्णतः बंद रहेगा तथा भारी वाहन को रेलवे पुल के पास रोका जायेगा। उकरीद मोड़ बैरिकेटिंग कर पूर्णतः बंद रहेगा। नयामोड़ से उकरीद मोड़ वाले मार्ग पर जुलूस के समय बस का परिचालन पूर्णतः वर्जित रहेगा।

### इन मार्गों पर छोटे वाहनों की होगी एंट्री

बालीडीह की ओर से उकरीद मोड़ की ओर आने वाले एनएच 23 पर चार पहिया व तीन पहिया वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगा। उकरीद मोड़ से बालीडीह जाने वाली एनएच 23 पर सभी चार पहिया, तीन पहिया वाहन का परिचालन स्टेशन मोड़ से उकरीद मोड़ तक होगा। नयामोड़ से उकरीद मोड़ की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन सेक्टर-12 मोड़ से होते हुए पुलिस लाईन से होते हुए उकरीद मोड़ जायेंगे। चास की ओर से आने वाली तथा उकरीद मोड़ की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन सेक्टर-12 मोड़ से बांए पुलिस लाईन होते हुए हाईवे से उकरीद मोड़ जायेंगे। सेक्टर-11 की ओर से हवाई अड्डा की ओर आने वाले सभी प्रकार के वाहन पत्थरकट्टा चौक से दाहिने गाँधी चौक होते हुए जायेंगे। राजेन्द्र चौक से राम मंदिर चौक की ओर जाने वाले वाहनों का परिचालन जुलूस के समय वर्जित रहेगा।

## एक नजर

### पिछरी में चैत्र नवरात्र की अष्टमी पूजा में उमड़ी भीड़



**फुसरो :** पिछरी स्थित सार्वजनिक बासंती दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि मंगलवार को पुजारी महादेव बनर्जी, रास बिहारी आचार्य, नरेश पांडेय व पवन पाठक द्वारा मुख्य यजमान मुकेश मिश्रा को बंगला विधि विधान के साथ मां दुर्गा की आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा कराई। पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। देर शाम संध्या आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जय मां दुर्गे के जयकारों से गूंजायमान हो गया। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष गणेश मिश्रा, पूर्व मुखिया छत्रधारी मिश्रा, निक्कू मिश्रा, पंकज मिश्रा, बजरंगी मिश्रा, धीरज मिश्रा, रितेश मिश्रा, राकेश मिश्रा आदि मौजूद थे।

### मारवाडी भाया ने की शीतल ग्रीष्मकालीन प्याऊ की शुरूआत



**बेरमो :** मारवाड़ी भाया बेरमो द्वारा मंगलवार को शीतल ग्रीष्मकालीन प्याऊ का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन मारवाड़ी समाज के सांवरमल अग्रवाल ने किया। यहां सांवरमल अग्रवाल व गंगादास चांडक को बल्लभ दास राठी ने सम्मानित किया। भाया के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि गत आठ वर्षो से गर्मी में जनहित में इस प्याऊ का संचालन किया जा रहा है। सचिव अमर चांडक ने बताया कि स्व० सोहन लाल मित्तल के परिजनों के द्वारा उद्घाटन से पंद्रह दिनों तक पानी उपलब्ध करवाने में सहयोग किया गया है। उद्घाटनकर्ता श्री अग्रवाल ने कहा कि गर्मी में शीतल पेयजल पिलाना बहुत ही धर्म का काम है। राहगीरों को इससे काफी राहत मिलेगी। मौके पर बेरमो प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक, विजय सिंह, घनश्याम प्रसाद, कृष्ण कुमार, ललन रवानी, रवींद्र कुमार, शंभू यादव, सुरेंद्र गोयल, विजय अग्रवाल, नवीन गोयल, पवन अग्रवाल, अशोक जैन, मानिक मित्तल, मंटू मित्तल, रोहित मित्तल, संतोष मित्तल, बरूण राठी, लालचंद अग्रवाल, जगदीश मुनका, अजय गोयल, भरत अग्रवाल, सुरेश गोयल, सुनील अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### मारवाड़ी युवा मंच द्वारा किया गया 12 वीं अमृत धारा का निर्माण




**गिरिडीह :** मारवाड़ी युवा मंच द्वारा 12 वीं अमृत धारा का निर्माण किया गया। मौके पर 03 और अमृत धारा की घोषणा की गई। श्री केडिया जनकल्याण ट्रस्ट के द्वारा गिरिडीह झंडा मैदान के सामने सर जे सी बोस गर्ल्स हाई स्कूल के प्रांगण में, स्कूल एवं हॉस्टल में पढ़नेवाले बच्चों और स्कूल के बाहर झंडा मैदान के आसपास में आने-जाने वाले आमजनों और राहगीरों के पीने के लिए शीतल जल सुविधा के साथ पियाऊ (अमृतधारा) (दोनों तरफ) का निर्माण कराया गया है। जिसका संचालन मारवाड़ी युवा मंच, गिरिडीह शाखा द्वारा किया जाएगा। प्रशिद्ध संगीत सम्राट पंडित शम्भू दयाल केड़िया एवम प्रधानाचर्या मुन्ना कुशवाहा द्वारा स्कूल परिसर में निर्मित इस जन कल्याणकारी प्रोजेक्ट का उद्घाटन अपने कर कमलों से किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य मुन्ना कुशवाहा, अध्यक्ष राहुल केडिया, सचिव अंकित सरावगी, पूर्व चंदन केडिया पंडित, शंभू दयाल केडिया, सरवन केडिया, राजू बगड़िया, निर्मल झुनझुनवाला, ध्रुव संथालिया, प्रमोद अगरवाल, जीवन राम अगरवाल, विकास खैतान, बांके बिहारी शर्मा, सजन केडिया, बिनोद केडिया, सुनील मोदी,डॉक्टर राम रतन केडिया, निखिल झुंझुनवाला, सोनू केडिया, रवि क्याल, विकाश केडिया, बिमल खैतान उपस्थित रहे।

# मां शक्ति व भगवान श्रीराम के दरबार में पहुंची गांडेय प्रत्याशी कल्पना सोरेन

### श्रद्धाभाव से टेका माथा, मांगा आशीर्वाद



संवाददाता

**गिरिडीह :** मंगलवार को वासंतीक नवरात्र के महाष्टमी तिथि होने के कारण एक ओर जहां विभिन्न दुर्गा मंडपों में महाष्टमी पूजा के लिए भक्तों की भीड़ लगी थी। वहीं गांडेय उपचुनाव में इंडी गठबंधन की उम्मीदवार सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन शहर के बड़ा चौक स्थित हनुमान मंदिर व आईसीआर रोड स्थित छोटकी दुर्गा मंडप पहुंचकर श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना की। चुनाव के आते हीं नेता जनता जर्नादन के साथ हीं भगवान के घर भी माथा टेकने पहुंचने लगे हैं। इस क्रम में कल्पना सोरेन सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू सहित पार्टी के अन्य नेताओं के साथ पहले बड़ा चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुंची और पूरी श्रद्धाभाव से भगवान श्रीराम सहित बजरंगबली की पूजा अर्चना की और जीत का आशीर्वाद मांगा। उसके बाद सभी आईसीआर रोड स्थित छोटकी दुर्गा मंडप पहुंची। जहां पुरोहित के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उन्होंने मां शक्ति की पूजा अर्चना की। इस दौरान मंडप के मुख्य पुजारी सतीश उपाध्याय ने कल्पना सोरेन को चुनरी ओढ़ाकर मां का आशीर्वाद दिया। इस दौरान झामुमो से राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, सुमित कुमार, नगर अध्यक्ष रॉकी सिंह सहित झामुमो के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रामनवमी को लेकर फुसरो शहर सज धज कर तैयार, आज निकलेगी जुलूस और झांकी



संवाददाता

**बेरमो :** रामनवमी को लेकर फुसरो शहर सज धज कर तैयार हो गया है। सडक के दोनों किनारे महावीरी पताका से पाट दिया गया है। जगह-जगह पर रामभक्तों के स्वागत के लिए तोरणद्वार लगाया गया है। शहर से लेकर गांवों में भी महावीरी पताका लगाया गया है। जिससे पूरा बेरमो कोयलांचल और ग्रामीण क्षेत्र भक्ति मय हो गया है। पूरे फुसरो बाजार को रंग बिरंगे लाइटों से सजाया गया है। पूरे क्षेत्र में भक्ति गीत बजने से राम भक्तों में उमंग भर गया है। 17 अप्रैल को विभिन्न अखाडा से फुसरो शहर सहित जरीडीह बाजार, सुभाष नगर, अमलो कुरपनिया, जारंगडीह, कथारा आदि जगहों से जुलूस व झांकी निकाली जायेगी। जिसमें महावीर मंदिर भूत बंगला फुसरो, शिव शनि मंदिर पुराना बीडीओ ऑफिस, कारगली बाजार, सुभाषनगर, अमलो, पटेलनगर आदि जगहों से जुलूस निकलेगा। जिसका मिलन केंद्रीय अखाडा समिति करगली बाजार में होगा। यहां बेहतर जुलूस, झांकी व साज सज्जा के लिए केंद्रीय अखाडा समिति की ओर से सम्मानित किया जायेगा। वहीं रामभक्तों के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों और समाजसेवियों की ओर से ठंडा पानी, शरबत, ठंडा आदि की व्यवस्था की जायेगी।

# रामनवमी में जिला प्रशासन ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

## सीसीटीवी कैमरे से रखी जाएगी नजर

संवाददाता

**जमशेदपुर ।** रामनवमी पर्व के मद्देनजर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। वहीं मंगलवार शहर में जिला पुलिस बल द्वारा साकची सीसीआर से फ्लैग मार्च निकाला गया। इससे पूर्व एसएसपी किशोर कौशल ने सीसीआर कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच भी की। साथ ही मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने मौजूद कर्मियों से कहा कि अगले 48 घंटे तक उन्हें सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से शहर पर नजर बनाए रखनी है। इसी तरह उन्होंने टाइगर मोबाइल जवानों को भी कई निर्देश दिए। और तो और एसएसपी ने शहर के संवेदनशील इलाकों में पैदल फ्लैग मार्च भी निकाला। इस संबंध में उन्होंने बताया कि रामनवमी पर्व को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से नजर रखी जाएगी। साथ ही दंडाधिकारी भी तैनात किए गए है। उन्होंने बताया कि रामनवमी में विशेष बाइक क्यूआरटी भी बनाई गई है। जिसकी मॉनिटरिंग डीएसपी करेंगे। जिससे शहर में नजर बनाए रखने में आसानी भी होगी। कई चेकपोस्ट भी बनाए गए है। वहीं हुड़दंगियों पर भी विशेष नजर है। जिसके लिए नियंत्रण कक्ष भी बनाए गए है। अगर आम जनता को किसी भी प्रकार की जानकारी देनी है तो वे नियंत्रण कक्ष में 0657-2230555, 2912047 या 7091091825 पर व्हाट्सएप कर जानकारी दे सकते है।



## एनसीसी कैडेट ने समाहरणालय से निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**जमशेदपुर ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल के निर्देश पर जिले में मतदाता जागरूकता को लेकर व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार अलग-अलग स्कूल व कॉलेज से जुड़े एनसीसी कैडेट ने समाहरणालय से साकची गोलचक्कर होते हुए आम बगान से वापस समाहरणालय तक जागरूकता रैली निकालते हुए शहरवासियों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट हाथों में वोट देने संबंधी अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। मेरा मत मेरा हक, वोट दिया सही किया, एक कदम बढ़ायेंगे वोट देने जाएंगे।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत छात्राओं ने रैली निकाली

संवाददाता

**बलियापुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेर्शानुसार मंगलवार को आसन्न लोकसभा चुनाव के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में बालिका प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बलियापुर की ईएलसी सदस्य छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली कुम्हार टोला होते हुए मस्जिद टोला के रास्ते लगभग 3 किमी की दूरी तय कर विद्यालय पहुंची। इस रैली में बलियापुर पश्चिम पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 315, 316, 317 क्षेत्र के मतदाताओं को आगामी 25 मई को मतदान सुनिश्चित कराने की अपील की गई। छात्राओं द्वारा स्लोगन एवं स्वीप प्रचार सामग्रियों से मतदान करने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षकगणों के अलावा क्षेत्र के बीएलओ व स्वीप नोडल ने भाग लिया। साथ हीं स्वीप के अन्य कार्यक्रम बुनियादी विद्यालय बीआईटी सिंदरी में भी छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सिंदरी नगर निगम क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 393, 394, 396 डोमगढ़ में बीएलओ द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाई गई।




## एक नजर

### इपीएस 95 पेंशनर और बुजुर्गों के साथ ना इंसाफी



**सिन्दरी ।** किसी भी पार्टी या गठबंधन के लोकसभा चुनावी घोषणा पत्र या संकल्प पत्र में इपीएस 95 पेंशनर की राहत के बारे में अथवा बुजुर्गों ,जिन्हें रेलवे में सुविधा मिलती थी उसे पुनः लागू किया जाय, कहीं विदित नहीं है। यह इपीएस 95 पेंशनर और बुजुर्गों के साथ काफी ना इंसाफी है। एक छोटी सी संजीवनी की झलक भाजपा के संकल्प पत्र में दिखाई दी कि 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड की तरह 500000 की मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराएंगे। इसके लिए ऑल इंडिया एफसीआई वीएसएस एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने धन्यवाद दिया है और कहा है कि जो खामियां इपीएस 95 पेंशनरों के लिए या बुजुर्गों को रेलवे में राहत के लिए रह गई है उसे आने वाले समय में इसकी पूर्ति भाजपा सरकार अवश्य करेगी ऐसा एसोसिएशन को विश्वास है।

### एक लाख क्यूबिक फीट अवैध बालू जब्त



**धनबाद ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने टुंडी में छापामारी कर एक लाख क्यूबिक फीट अवैध बालू जब्त किया है। साथ हीं इसमें संलिप्त 7 लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

इस संबंध में खान निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि टुंडी के अंचल अधिकारी शैलेन्द्र चौरसिया, खान निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक एवं मनियाडीह थाना के पुलिस बल के साथ संयुक्त रुप से मौजा-सर्रा में औचक छापामारी की गई। इस क्रम में अवैध रूप से खनन कर स्टॉक की गई लगभग 100000 क्यूबिक फीट बालू को जब्त किया गया। जब्त बालू स्थानिय लोगों को जिम्मेनामा पर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण में संलिप्त 7 नामजद व्यक्तियों, आरिफ अंसारी, पिता-स्व रहमान मियां, ललन राय, पिता- सुरेन्दर राय, अरूण चौधरी, पिता- गणेश चौधरी, सिकंदर चौधरी, पिता- गणेश चौधरी, पप्पु राय, पिता- अयोध्या राय, रजाक अंसारी, पिता- स्व मगरूद्दीन मियां तथा गुलाम अंसारी, पिता-स्व बक्सी मियां, सभी ग्राम-सर्रा, थाना- मनियाडीह, के विरुद्ध मनियाडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### रामनवमी पर्व से पूर्व जिला प्रशासन का मॉक ड्रिल अभ्यास

**धनबाद ।** पुलिस लाइन स्थित पुलिस केंद्र में आगामी रामनवमी और आम लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिला पुलिस के द्वारा अनियंत्रित भीड़ को रोकने के लिए यह मॉक ड्रिल अभ्यास किया गया। रामनवमी पर्व के दिन जिले में अधिकांश मंदिरों से जूलूस निकलता है। रामनवमी के जुलूस में शामिल भीड़ के द्वारा हथियार भांजा जाता है जिसको देखते हुए पुलिस प्रशासन ने यह मॉक ड्रिल अभ्यास किया। यह मॉक ड्रिल अभ्यास एसएसपी एचपी जनार्दन्न के निदेर्शानुसार किया गया।

### सेल टासरा ओपन कास्ट माइंस में मतदाता जागरुकता का आयोजन



**धनबाद ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार धनबाद जिला अंतर्गत सेल टासरा ओपन कास्ट माइंस में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत माइंस के अधिकारी एवं कर्मियों के बीच मतदाता प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान देश के लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए ।

## एसएसपी ने किया सन्नी हत्याकांड का खुलासा

# 7 अपराधी गिरफ्तार, हथियार व कारतूस बरामद

संवाददाता

**जमशेदपुर ।** बीते 14 अप्रैल की दोपहर लगभग 12 बजे ओलीडीह ओपी अंतर्गत एनएच 33 स्थित मानगो वसुंधरा इस्टेट के पास अपराधियों ने हाइवा चालक सन्नी यादव को छह गोलियां मारी थी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतक के भाई विशाल यादव के बयान पर पुलिस ने थाने में मामला दर्ज कर अनुसंधान के क्रम में घटना को कारित करने वाले 7 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें मानगो गुरुद्वारा रोड निवासी प्रवीर सिंह उर्फ प्रवीण सिंह उर्फ छोटू, अर्जुन महतो व आशीष कुमार बर्मन उर्फ लल्ला, ओलीडीह विश्वकर्मा कॉलोनी दरभंगा डेयरी के पास रहने वाला राहुल सिंह उर्फ राहुल बच्चा, सीतारामडेरा छाया नगर होम पाइप निवासी राहुल राय, मानगो दाईगुटटू निवासी अभिषेक शाह और मानगो एनएच 33 नीलगिरी कॉलोनी निवासी रौनक शर्मा शामिल है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर तीन देशी पिस्टल, तीन देसी कट्टा, 11 जिंदा कारतूस और तीन मैगजीन बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक, एक ऑटो और महिंद्र एक्सयूवी 700 कार भी जब्त किया है। टीम में डीएसपी वन के अलावा पटमदा डीएसपी बच्चन देव कुजूर, घाटशिला थाना प्रभारी, ओलीडीह ओपी प्रभारी एसआई अमित कुमार, मऊभंडार ओपी प्रभारी गौतम कुमार, धालभूमगढ़ थाना प्रभारी राजेंद्र मुंडा, एसआई सुरेंद्र कुमार, हरि महतो, मनोरंजन कुमार, अभिषेक कुमार और विवेक पंडित समेत सशस्त्र पुलिस बल मौजूद थी। वहीं मामले का खुलासा मंगलवार पुलिस ऑफिस में एसएसपी किशोर कौशल ने प्रेसवार्ता कर किया। मौके पर एसपी सिटी मुकेश कुमार लुनायत और डीएसपी वन भोला प्रसाद सिंह भी मौजूद थे। वार्ता के दौरान एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी प्रवीर सिंह का भाई मृतक प्रदीप सिंह की विगत दिनों सीतारामडेरा न्यू सिविल कोर्ट के गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह मृतक अमरनाथ सिंह गिरोह का सक्रिय सदस्य था। जिसका बदला लेने के लिए अपराधियों ने सन्नी यादव को मौत के घाट उतार दिया। उन्होंने बताया कि प्रवीर के अनुसार कुछ दिनों पूर्व सन्नी ने उसके घर पर आकर हंगामा भी किया था। जिसके बाद ही प्रवीर ने अपने साथियों के साथ मिलकर सन्नी की हत्या करने की साजिश रची। जिसके तहत राहुल बच्चा सन्नी की रेकी कर रहा था। वहीं घटना वाले दिन एनएच 33 पर सन्नी को अकेला देखकर उसने इसकी जानकारी फोन पर दी। वहीं सूचना मिलते ही पल्सर बाइक पर सवार होकर राहुल सिंह और अर्जुन महतो के साथ वह मौके पर पहुंचा और सन्नी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस दौरान राहुल सिंह बाइक चला रहा था। जबकि प्रवीर बीच में और अर्जुन पीछे बैठा था। साथ ही घटना को अंजाम देने के बाद सभी बाइक से घाटशिला की ओर भाग गए। वहीं एसएसपी ने बताया कि पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही अभिषेक और रौशन को गिरफ्तार कर लिया था।



# स्वीप कोषांग के पदाधिकारियों ने झरिया के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों का किया निरीक्षण

- झरिया के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों के वोटरों को दिलाई गई मतदाता शपथ
- छुटे हुए मतदाताओं को मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया

संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार मंगलवार को आसन्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह एवं डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन के ने कम मतदान प्रतिशत वाले झरिया के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान वोटर अवेयरनेस फोरम के तहत नोडल पदाधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग,जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील की गई। साथ हीं स्वीप के पदाधिकारियों द्वारा ऑन द स्पॉट कई लोगों का फॉर्म 6 भी भरा गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विनीता कुमारी समेत बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं अन्य मौजूद रहें।



# मॉक पोल से लेकर पोलिंग पार्टी के निकलने तक का माइक्रो ऑब्जर्वरों को दिया प्रशिक्षण

संवाददाता

**धनबाद ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर न्यू टाउन हॉल में लोकसभा चुनाव के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए माइक्रो ऑब्जर्वरों को चुनाव के दिन मॉक पोल से लेकर मतदान संपन्न होने के बाद पोलिंग पार्टी के निकलने तक उनके दायित्व का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में माइक्रो ऑब्जर्वरों को उनका दायित्व समझाते हुए उपायुक्त ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर अपने मतदान केंद्रों में समय से मॉक पोल करेंगे। पहली बार प्रत्येक उम्मीदवार के लिए तीन-तीन मॉक पोल करेंगे। वहीं मतदान के दौरान यदि कंट्रोल यूनिट को रिप्लेस करने की स्थिति आती है, तब उसे रिप्लेस करके प्रत्येक उम्मीदवार के लिए एक-एक मॉक पोल करेंगे। मॉक पोल हो जाने पर कंट्रोल यूनिट से मॉक पोल के डाटा को क्लियर कर, वीवीपैट से सभी स्लिप निकाल कर लिफाफे में सीलबंद कर, ईवीएम को जीरो पर सेट करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर आयोग के निदेर्शानुसार समय पर मतदान शुरू कराएंगे। बूथ पर प्रत्येक उम्मीदवार के एक-एक एजेंट को मौजूद रहने की अनुमति देंगे। साथ हीं यह सुनिश्चित करेंगे कि मतदान की गोपनीयता बनी रहे। वहीं एब्सेंटी वोटर के मतदान की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए उपायुक्त ने कहा कि एब्सेंटी वोटर जब मतदान करने आते हैं तो उनके अंगूठे का निशान अवश्य लेना है। साथ हीं आयोग द्वारा प्रमाणित जो भी पहचान पत्र मतदाता प्रस्तुत करें, उसका नंबर नोट करना है। उपायुक्त ने कहा कि ईवीएम को क्लोज करते ही समय अंकित हो जाएगा। इसलिए सभी मतदान केंद्रों पर आयोग द्वारा निर्धारित समय अवधि से पहले मतदान की प्रक्रिया को बंद नहीं करना है। उन्होंने कहा कि हर मतदान केंद्र से वेब कास्टिंग की जाएगी। इसकी सतत निगरानी की जाएगी। इसलिए सभी माइक्रो ऑब्जर्वर एवं पोलिंग पदाधिकारी अपने दायित्व का सुचारू रूप से निर्वाहन करें। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण एवं राजकुमार वर्मा ने चुनाव के दिन माइक्रो ऑब्जर्वरों के विशेष 18 दायित्व पर प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता के अलावा माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित थे।




# भाकपा माले कमिटी की बैठक संपन्न

संवाददाता

**धनबाद ।** लोक सभा चुनाव की तैयारी को लेकर 16 अप्रैल को भाकपा माले के एग्यारकुण्ड प्रखंड कमिटी की एक बैठक मैथन रोड स्थित माले कार्यालय में हुई। मौके पर राज्य कमिटी सदस्य सह निरसा एरिया सचिव नागेन्द्र कुमार ने कहा कि लोक सभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और झारखण्ड में एनडीए और इंडिया गठबंधन में कांटे की टक्कर तय है। झारखंड में गठबंधन के तहत कोडरमा से जनसंघर्षों की बुलंद आवाज कॉमरेड विनोद सिंह उम्मीदवार हैं और जीत भी पक्की है। इस जीत में एग्यारकुण्ड से धनबाद तक सारे पार्टी साथियों को तन-मन-धन से सहयोग करने की गारंटी करनी है और माले के राजनीतिक व संघर्षो को चाहने वाले मित्रों एवं आमजनों से सहयोग राशी के बल पर कोडरमा से जनसंघर्षों की आवाज को दिल्ली के संसद में आवाज बुलंद करने के लिए भेजने की गारंटी करनी है। बैठक में 21 अप्रैल को इंडिया गठबंधन के उलगुलान रैली में एग्यारकुण्ड प्रखंड से सैंकड़ो कार्यकत्ताओं को शामिल होने का निर्णय लिया गया। लोक सभा चुनाव में पार्टी परिवारों व आम लोगो से कोष उगाही कर कोडरमा चुनाव में सहयोग करने और कार्यकत्ताओं को भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन एग्यारकुण्ड प्रखंड सचिव मनोरंजन मलिक ने किया। मौके पर नागेन्द्र कुमार, मनोरंजन मलिक, असीम घोष, जितेंद्र शर्मा, लक्ष्मीनारायण दास, पी के मिश्रा, सत्येंद्र चौहान, मुन्ना चौहान, राजू चौहान, पंचानंद माजी, जमाल अंसारी, प्रदीप बाउरी, भीम पासवान व गोबिन्द रविदास आदि शामिल थे।



## राजकमल के ऋतुराज तिवारी शतरंज प्रतियोगिता के उपविजेता

**धनबाद ।** 35 वां धनबाद जिला शतरंज प्रतियोगिता 2024 का आयोजन धनबाद जिला शतरंज संघ द्वारा 12 से 14 अप्रैल तक न्यू मार्केट बैंक मोड़ धनबाद में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद के नवीं कक्षा के विद्यार्थी ऋतुराज तिवारी ने 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की प्रतियोगिता में उपविजेता बने। विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने कहा कि शतरंज प्रतियोगिता में उपविजेता बनकर ऋतुराज ने परिवार के साथ विद्यालय का भी मान बढ़ाया है। मनोज कुमार ने कहा कि भैया ऋतुराज से अन्य छात्रों को प्रेरणा लेनी चाहिए।

## रामनवमी को लेकर शहर में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**धनबाद ।** झरिया थाना क्षेत्र में सोमवर की शाम धनबाद सिटी एसपी अजीत कुमार के नेतृत्व मे सिंदरी अनुमंडल पुलिस द्वारा झरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च झरिया थाना से निकलते हुए उपर कुल्ही, नीचे कुल्ही, इंदिरा चौक, फुलारीबग, चार नंम्बर मेन रोड, बाटा मोड़ होते हुए वापस झरिया थाना पहुंचकर समाप्त हुआ। सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से रामनवमी पर्व संपन हो, इसको लेकर पूरे धनबाद जिला में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। सिटी एसपी ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस आम लोगों के सुरक्षा में सदैव तत्पर है। रामनवमी पूजा के दौरान सभी चौक चौराहे एवं विभिन्न जगहों पर पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू है उसका पालन करना सुनिश्चित करें।

# बीडीओ ने अबुआ आवास और मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की



संवाददाता

**बलियापुर ।** उपायुक्त धनबाद के निदेशानुसार मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह के द्वारा बलियापुर प्रखंड सभागार में मनरेगा के तहत योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम आम बागवानी सहित अन्य योजनाओं के कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। आधार आधारित भुगतान और रिजेक्ट ट्रांजैक्शन को अबिलंब सुधार करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजना अंतर्गत सभी लाभुको के आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। समीक्षा के दौरान कुछ पंचायत सचिवों ने बताया कि कुछ लाभुक ऐसे हैं जिनको बार-बार कहने पर भी कार्य प्रारंभ नहीं कर रहे हैं। ऐसे लाभुक की सूची मांगी गई है। ताकि उन्हें नोटिस निर्गत किया जा सके। इसके अतिरिक्त 15 वीं वित्त आयोग योजना अंतर्गत अपूर्ण योजनाओं को अविलंब पूरा करने का निदेश दिया गया। समीक्षा बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा विशाल कुमार एवं पूजा वर्मा, प्रखंड आवास समन्वयक और 15 वीं वित्त आयोग, सभी पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## सुभाषितम्

**कष्ट ही तो वह प्रेरक शक्ति है जो मनुष्य को कसौटी पर परखती है और आगे बढ़ाती है। - वीर सावरकर**

## 'ममता दीदी! बंगाल में स्त्री अस्मिता लुट रही और आप तुष्टिकरण में लगी हैं '

कहने को कहा जाता है कि जिसने दर्द नहीं सहा, वह क्या जानें पीर पराई, ममता बनर्जी को लेकर जब उनके प्रशंसक उनका गुणगान करते हैं तो यही बताते हैं कि बहुत संघर्ष भरा है 'ममता दीदी' का राजनीतिक जीवन। वह 1992 का दिसम्बर महीना विशेष तौर पर याद दिलाना नहीं भूलते, जब एक शारीरिक रूप से अक्षम लड़की फेलानी बसाक (जिसका कथित तौर पर सीपीआई(एम) कार्यकताओं द्वारा बलात्कार किया गया था) को वह तत्कालीन मुख्यमंत्री ज्योति बसु के पास ले गई थीं, लेकिन पुलिस ने उन्हे उलटा गिरफ्तार कर लिया था। यानी 'दीदी' के प्रशंसक यह जरूर बताते हैं कि उनका राजनीतिक सफर स्त्री अस्मिता के लिए संघर्ष करनेवाली बुलंद आवाज के रूप में शुरू हुआ है। लेकिन आज इस प्रशंसा के इतर हकीकत क्या है पश्चिम बंगाल की कहीं कोई सुरक्षित नहीं, पूरे बंगाल में दंगे कभी भी भड़क सकते हैं। वस्तुतः ममता राज में कोई एक वर्ष भी ऐसा नहीं गुजरा है जब रामनवमी, दुर्गा उत्सव या अन्य हिन्दू त्यौहारों पर शांति बनी रही हो और इस्लामिक भीड़ ने पत्थर न बरसाए हों। अक्सर आतंकवादी पश्चिम बंगाल के अलग-अलग स्थानों से पकड़े जाते हैं। बेंगलुरु ब्लास्ट के आतंकी भी यहीं आकर छिपे थे। हां, बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट करने वाले मुख्य आरोपित को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। दोनों ही कोलकाता से हिरासत में लिए गए। शाजिब हुसैन ने कैफे में आईईडी रखा था जबकि अब्दुल मतीन ताहा ने धमाके की साजिश रची थी। जिन 'ममता दीदी' के राजनीतिक जीवन को स्त्री अस्मिता से जोड़ा जाता है, उसी ममता के राज में आज संदेशखाली जैसी घटनाएं वर्षों से घट रही हैं। अभी यदि चप्पे-चप्पे की जांच हो जाए तो पता नहीं बंगाल में न जाने कितने ही संदेशखाली निकलकर सामने आ जाएंगे। दूसरी ओर 'ममता दीदी' की ममता है कि सत्ता के लिए अपराधियों को लगातार संरक्षण देती है। एक स्त्री होकर स्त्री अत्याचार पर 'ममता' की चुप्पी, पुलिस को अत्याचारियों के स्थान पर पीड़ितों पर ही अत्याचार करने की छूट दे देना, आखिर क्या बता रहा है? यही कि 'ममता बनर्जी' वक्त के साथ इतनी बदल गईं कि उनके लिए राजनीति ही सब कुछ हो गई है। वह अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकती हैं। पश्चिम बंगाल में एक नहीं कई संदेशखाली भी सामने आ जाएं तो भी उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता! उनकी सत्ता हर हाल में बनी रहना चाहिए। वह तो अच्छा है कि देश में न्यायालय है, केंद्र सरकार है, कई राष्ट्रीय एजेंसियां हैं, आयोग हैं, जोकि पीड़ित का पक्ष सुनने के लिए मौजूद हैं और उसके आधार पर राज्य सरकारों को निर्देश देने तथा पीड़ित को संरक्षण प्रदान करने की व्यवस्था मुहैया कराने में सक्षम हैं। यदि यह नहीं होते तो सोचिए; 'ममता बनर्जी' अपनी सत्ता का और कितना अधिक दुरउपयोग करतीं, जब अभी राज्य में पुलिस प्रशासन एवं तुष्टिकरण का यह हाल है। वस्तुतः संदेशखाली मामले में सुनवाई जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, न्यायालय के सामने कई चौंकाने वाले साक्ष्य सामने आ रहे हैं। कई आयोग अपने स्तर पर सही तथ्यों को जानने का प्रयास कर रहे हैं और वे अब तक जितना जान पाए उसके आधार पर वह बहुत असहज हैं कि आखिर एक स्त्री होकर भी 'ममता' को पश्चिम बंगाल की स्त्रियों का दर्द क्यों नहीं अनुभूत हुआ। वह इतना सब होने के बाद अब भी क्यों नहीं समझना चाहतीं अपने राज्य की स्त्रियों की समस्याएं और उनका भोगा हुआ दर्द से भरा यथार्थ। यहां स्थिति कितनी भयाभह होगी, इसका तो सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है, क्योंकि कलकत्ता हाई कोर्ट तक को संदेशखाली मामले की जांच अपनी निगरानी में सीबीआई से करवाने के निर्देश देने तक की आवश्यकता महसूस हुई है । टीएमसी के पूर्व नेता शाहजहां शेख पर संदेशखाली की महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने, जमीन कब्जाने और जबरन वसूली जैसे न जाने कितने ही आरोप हैं।

## चिंतन-मनन

### प्रेम और सहयोग का नाम है परिवार

पारिवारिक सदस्यों के त्याग, सहयोग, स्वच्छता, प्रेम, संतुष्टि व व्यसनमुक्ति से ही परिवार संयुक्त और समृद्धिशाली बनता है। वे सौभाग्यशाली हैं जो संयुक्त परिवार में रह रहे हैं तथा जिन्हें माता -पिता का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। विश्व बंधुत्व की बात करने वालों को पहले अपने परिवार में बंधुत्व बनाए रखने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। आज छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार टूट रहे हैं। हम अधिकारों की बजाए एक-दूसरे के हितों का ध्यान रखेंगे, तभी हमारे परिवार खुशहाल और सुदृढ़ होंगे। एक माता-पिता अपने पाँच-पाँच बच्चों को पाल पोसकर बड़ा करके योग्य बना देते हैं जबकि पाँच-पाँच बच्चे बुढ़ापे में अपने एक माता-पिता को संभालने से कतराते हैं। आज हम जितने बूढ़े दादा-दादी के प्रति लापरवाह हैं यदि हमारे बचपन में वे हमारे प्रति इतने ही लापरवाह होते तो हमारी क्या दुर्गति हो गई होती। इस बात को युवा पीढ़ी को अच्छी तरह ध्यान रखना चाहिए। परिवार में ब्याह कर आई नई बहू को चाहिए कि जितने उम्र का पति उसे मिला है कम से कम उतने साल तो सास-ससुर का फर्ज मानकर उन्हें निभा देना चाहिए। इस पीढ़ी को व्यसनमुक्त होकर अपने माता-पिता की सेवा करने, उनके प्रणाम करने के तरीको को जीवन में अपनाना चाहिए। जीवन में सदाचार को अपना कर हमें अपने विचारों को बदलना होगा। विचार जीवन का प्रतिबिंब है। संतों की संगति से अच्छे विचार आते हैं। विचार अच्छे होना हमारी जागरूकता को दशार्ता है। हमारे विचार हमारे जीवन का परिचय देते हैं। रुपया-पैसे का लालच छोड़कर हमें जीवन में धार्मिक आराधना करते रहना चाहिए। जिससे हमारा जीवन और हमारे परिवार का जीवन सार्थक होगा।

## आज का राशिफल

**मेष :** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।
**वृष :** अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।
**मिथुन :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी।
**कर्क :** दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।
**सिंह :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।
**कन्या :** संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा।
**तुला :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।
**वृश्चिक :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी।
**धनु :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा।
**मकर :** व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी।
**कुंभ :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है।
**मीन :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे।

# इस रामनवमी की सदियों से थी प्रतीक्षा


डॉ. आशीष वशिष्ठ

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 9 अप्रैल को पहली बार रामनवमी का आयोजन हो रहा है। इस रामनवमी को पांच सौ वर्षों बाद श्रीराम लला अपने घर में जन्मदिन मनाएंगे। भव्य राम मंदिर में रामनवमी का ये स्वर्णिम और ऐतिहासिक अवसर सनातनधर्मियों को कड़े संघर्ष से हासिल हुआ है, जिसका पांच सदियों से अधिक का इतिहास है। इसमें 70 से अधिक बार का संघर्ष, जिसमें से अधिकतर मुगल आक्रांताओं द्वारा भारतवासियों और हमारे मंदिरों पर हमले का रक्तरंजित इतिहास शामिल है। लेकिन सबसे ज्यादा पीड़ादायक पिछले 75 वर्ष रहे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने तुष्टिकरण की राजनीति को सिर माथे से लगाया और हिंदू आस्थाओं और भावनाओं को कुचलने में कोई कसर बाकी नही रखी। नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह की सरकार तक ने राम मंदिर की राह में रोड़े अटकाने का काम किया। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार संसद में कहा था कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय स्वाभिमान का मुद्दा है। उनका वह वक्तव्य सही मायने में एक संदेश था जिसमें राजनीति नहीं थी। सही बात तो ये है कि राम मंदिर का विरोध करने वालों ने ही इसे वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बना दिया। कांग्रेस और अन्य कुछ दल मुस्लिम मतों के कारण इस मुद्दे पर हिंदुओं के न्यायोचित दावों की अनदेखी करते रहे।

प्रतिक्रिया स्वरूप इस मामले ने दूसरा मोड़ ले लिया। लेकिन दुर्भाग्य है कि देश की बहुसंख्यक आबादी के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने का कार्य न्यायालय के निर्णय से संभव हो सका। और वह प्रक्रिया भी वर्षों नहीं दशकों तक चली। सबसे बड़ी बात ये हुई कि बाबरी ढांचे की तरफदारी मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ ही साथ धर्मनिरपेक्षता के झंडाबरदार बने हिन्दू नेतागण भी करते रहे। सोमनाथ मंदिर को अंतिम बार औरंगजेब ने यह कहकर तोड़वाया था कि इसबार इसे पूरी तरह नेस्तानाबूद कर दो कि मंदिर का कहीं कोई निशान तक दिखाई न दे। सोमनाथ पर मस्जिद और कब्रिस्तान को सरदार पटेल ने इतिहास की विकृति का चिह्न और राष्ट्रीय अपमान बताकर कहा था कि राष्ट्र के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण आवश्यक है। गांधी जी भी इससे सहमत थे। हिन्दू बहुल देश में प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली को मुक्त करवाने में जिस तरह के अवरोध उत्पन्न किए गए वे अकल्पनीय हैं। यदि सोमनाथ के साथ ही राम जन्मभूमि का मसला भी तत्कालीन नेहरू सरकार सुलझा लेती तब शायद इसे लेकर राजनीति करने का किसी को अवसर नहीं मिलता। वर्तमान में देश में राम नाम की प्रचंड लहर के चलते अब कांग्रेस नेता, समर्थक और मीडिया का एक वर्ग यह साबित करने में जुटा है कि राम मंदिर में कांग्रेस का भी योगदान है। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि, कांग्रेस ने राम के नाम पर घिनौनी राजनीति का प्रदर्शन किया है। एक ऐसी राजनीति जिसने राम मंदिर मुद्दे को उलझाने का काम किया। राम मंदिर केस में कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया था कि अयोध्या मामले की जांच को कोर्ट 2019 के आम चुनाव तक टाल दे। 2008 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने इस मामले में हलफनामा दाखिल कर सेतु समुद्रम परियोजना के लिए राम सेतु को तोड़ कर तय वर्तमान मार्ग से ही लागू किये जाने पर जोर देते हुए कहा था कि भगवान राम के अस्तित्व में होने के बारे में कोई पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। ये भी कहा था कि रामायण महज कल्पित कथा है।

हिंदू विरोध की भावना कांग्रेस के डीएनए में है। आजादी के बाद प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने पहली लोकसभा में 1955-56 में हिंदू कोड बिल्स पास किए। इस बिल को लेकर डॉ. राजेंद्र प्रसाद और पंडित जवाहर लाल नेहरू के बीच राजनीतिक मतभेद उत्पन्न हो गया था। इसकी एक बड़ी वजह दोनों का धर्म को लेकर रवैया था। वर्ष 1976 में इंदिरा ने देश में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें सेक्युलर शब्द शामिल किया गया था। जिसका मतलब था कि भारत हिन्दू देश होते हुए भी हिन्दू देश नहीं कहा जा सकता। 1991 में लागू किया गया यह प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट कहता है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। यह कानून तब लाया गया जब राम मंदिर आंदोलन अपने चरम सीमा पर पहुंचा था। इस कानून की परिधि से अयोध्या की राम जन्मभूमि को अलग रखा गया है। कांग्रेस के बनाए कानूनों के चलते ही वर्तमान में ज्ञानवापी, भोजशाला और मथुरा आदि हिंदू आस्था के स्थलों को वापस पाने लिए हिंदू समाज कानूनी लड़ाई लड़ रहा है।

कांग्रेस और इंडी गठबंधन में शामिल घटक दलों के कई नेता राम मंदिर और सनातन धर्म पर आपत्तिजनक बयानबाजी करते हैं। ऐसे में कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी पूरे हिंदू समाज को अखरती है। इससे यह संदेश भी जाता है कि अर्नगल बयानबाजी करने वालों को आलाकमान का समर्थन और मूक सहमति प्राप्त है। वास्तव में, सोमनाथ से अयोध्या तक कांग्रेस का चरित्र बिल्कुल भी बदला नहीं है। 18वीं लोकसभा के गठन के लिए आम चुनाव हो रहे हैं। इंडी गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव नवरात्र के प्रथम दिन मछली खाने का वीडियो बड़ी बेशर्मी से पोस्ट करते हैं। इससे पहले बीते साल सावन के महीने में राजद नेता लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मटन बनाने को वीडियो शेयर किया था। इन वीडियो पर राजद, कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दल भले ही कोई तर्क दें, वास्तव में उनका मकसद हिंदू समाज को अपमानित करने का है।

मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस, राजद, तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल किस स्तर तक नीचे गिरेंगे, इसका आप अंदाजा नहीं लगा सकते। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी समेत विपक्ष के तमाम दल और नेता शामिल नहीं हुए। कांग्रेस राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर को भाजपा और आरएसएस को इवेंट बताती रही। लेकिन जमीन सच्चाई यह है कि कांग्रेस समेत विपक्ष ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दूरी बनाकर वही गलती की है, जो गलती कभी पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी।

# सदैव अनुकरणीय रहेंगे भगवान श्रीराम के आदर्श


योगेश कुमार गोयल

(रामनवमी/17 अप्रैल/पर विशेष)

समूचे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को रामनवमी का त्यौहार भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो इस वर्ष 17 अप्रैल को मनाया जा रहा है। मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। रामनवमी के दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं। अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जनवरी में हुई भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस बार पहली बार रामनवमी बेहद खास होगी। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आएगी और हर तरफ भजन-कीर्तन तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ेगी। रामनवमी के अवसर पर भगवान राम के दर्शन के लिए इस बार लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है और इसके लिए खास प्रबंध किए गए हैं।

विधि-विधान के अनुसार भगवान श्रीराम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेलीं और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें 'मयार्दा पुरुषोत्तम' कहा गया। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी आदर्श शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को रामराज्य कहकर परिभाषित किया जाता है।

श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्ति बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया। महारानी



केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। वह बिना किसी कारण राम को 14 वर्ष के लिए वनों में भटकने के लिए भला कैसे कह सकते थे और श्रीराम में तो वैसे भी उनके प्राण बसते थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मयार्दा थी। ऐसे में जब श्रीराम को माता केकैयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली। श्रीराम द्वारा लाख मना किए जाने पर भी उनकी पत्नी सीता जी और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ वनों में निकल पड़े। वनवास की यात्रा की शुरूआत श्रृंगवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया। यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखा की नाक काटे जाने की घटना हुई।

उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14 हजार राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गए। यहीं से श्रीराम व लक्ष्मण की अनुपस्थिति में लंका का राजा रावण माता सीता का अपहरण कर उन्हें अपने साथ लंका ले गया। कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था।

श्रीराम ने बाली का वध करके सुग्रीव तथा बाली के पुत्र अंगद को किष्किंधा का शासन सौंपा और उसके बाद सुग्रीव की वानरसेना के नेतृत्व में लंका पर आक्रमण कर देवताओं पर भी विजय पाने वाले महाप्रतापी, महाबली, महापंडित तथा भगवान शिव के घोर उपासक लंका नरेश राक्षसराज रावण का वध कर सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया और लंका पर खुद अपना अधिकार न जमाकर लंका का शासन रावण के छोटे भाई विभीषण को सौंप दिया तथा वनवास की अवधि समाप्त होने पर भैया लक्ष्मण, सीता जी व हनुमान सहित अयोध्या लौट आए। एक ओर जहां रावण अन्याय, अत्याचार व अनाचार का प्रतीक था तो श्रीराम सत्य, न्याय एवं सदाचार के प्रतीक थे। सीता जी के अपहरण के बाद भी श्रीराम ने अपनी मयार्दाओं को कभी तिलांजलि नहीं दी। उन्होंने इसके बाद भी रावण को एक महाज्ञानी के रूप में सदैव सम्मान दिया और यह इससे साबित भी हुआ कि रावण की मृत्यु से कुछ ही क्षण पूर्व श्रीराम ने लक्ष्मण को रावण के पास ज्ञान अर्जन के लिए भेजा था।

# आप भी बचें और अपने परिवार को भी बचाएं


मनोहर यडवट्टि

भारतीय मौसम और जीवन दोनों में सूर्य और ऊर्जा की तपिश अपने चरमोत्कर्ष की ओर जाती हुई दिखाई दे रही है। विश्व भर में सभी आर्थिक एवं सामाजिक एजेंसियों के आंकड़े बता रहे हैं कि भारत की मानव शक्ति इस समय जिस तरह से कार्य कर रही है, वह भविष्य में श्रेष्ठ और सबसे आगे के भारत के होने का संकेत देती है। ऊर्जा की अधिकतम उपयोगिता को जानकर भारत के नागरिक इन दिनों अपने कार्य को करते हुए प्रायः सहज ही देखे जा सकते हैं। इस बीच ऊर्जा का दूसरा भी पक्ष देखने को मिल रहा है, इस ऊर्जा के अपार स्त्रोत के लिए सूर्य रश्मियां जिम्मेदार हैं। गर्मी समय बीतने के साथ अपने शीर्ष पर जाने के लिए प्रयासरत है और भारतीय हैं कि ऐसे में बिना सूर्य तपिश की चिंता किए वगैर दिन-रात अपने सुनिश्चित किए कार्य को पूर्ण करने में जुटे हुए हैं। ऐसे में यह जरूरी है काम और जीवन दोनों में संतुलन बना रहे। कहीं ऐसा न हो कि बदलते और तेज हीटवेव के इस मौसम में हम काम करने लायक भी न रह जाएं। इसलिए जरूरी है कि हीटवेब से आप भी बचें और अपने परिवार को भी बचाएं। इस संबंध में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पहले ही बता दिया है कि आगामी जून तक गर्मी अपने चरम पर रहेगी। ऐसे में हीटवेव दौरान स्वस्थ रहने के लिए छोटे बच्चों , बुजुर्गों और प्रेग्नेंट महिलाओं को खास देखभाल की जरूरत है। इस हीट एक्सॉशन की वजह से मितली, उल्टी और यहां तक कि बेहोशी भी हो सकती है। उचित सावधानी के बिना, अत्यधिक गर्मी से हीट स्ट्रोक और इससे भी बदतर, मृत्यु हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप, गर्मी की लहरें अधिक लंबी, और अधिक गंभीर होती जा रही हैं। जिसके लिए हमें सबसे पहले मानसिक रूप से तैयार रहना है, साथ ही इससे निपटने के लिए अपनी जरूरी तैयारी करके रखनी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में गर्मी से जुड़ी बीमारियों को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। गर्मी से बचने के लिए अकेले रहने वाले बुजुर्ग या बीमार लोगों की देखभाल करना, अपने घरों को ठंडा रखने, दिन के दौरान पर्दे और शटर या सनशेड का उपयोग करने और रात में खिड़कियां खोलने जैसे निर्देश दिए गए हैं। वहीं, यह भी कहा गया है कि लोगों को दिन के दौरान निचली मंजिलों पर रहने की कोशिश करनी चाहिए और शरीर को ठंडा करने के लिए पंखे और गीले कपड़ों का उपयोग करना चाहिए। अब प्रश्न है कि हीट स्ट्रोक के संकेतों को कैसे पहचानें और यदि आवश्यक है तो आपको क्या कदम उठाने चाहिए? तो सबसे पहले हमें यह जानना आवश्यक है। वास्तव में जब लू चलती है तब तापमान लगातार कई दिनों तक सामान्य से अधिक रहता है। नमी के कारण अधिक गर्मी महसूस हो सकती है। वास्तव में हीट स्ट्रोक तब होता है जब शरीर अत्यधिक उच्च तापमान के संपर्क में आता है और शरीर का मुख्य तापमान 104 डिग्री फारेनहाइट (40 डिग्री सेल्सियस) और उससे अधिक तक बढ़ जाता है। निर्जलीकरण तुरंत होता है, इसके बाद अन्य लक्षण जैसे थकावट, मतली , उल्टी, सिरदर्द, भटकाव, भ्रम, चेतना की हानि और कभी-कभी कोमा भी हो जाता है। यह मस्तिष्क, हृदय, गुर्दे और अन्य अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है। हीट स्ट्रोक का तुरंत इलाज न होने पर यह जानलेवा भी हो सकता है।

गर्म हवा के वायुमंडल में फंसने के कारण गर्मी की लहरें उत्पन्न होती हैं और यह एक प्राकृतिक मौसम घटना है। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मी की लहरों की तीव्रता और आवृत्ति में वृद्धि हो रही है, जो गर्मी को लंबे समय तक रोके रखती है और यही बहुत अधिक गर्मी हर किसी के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। शिशु, बच्चे, गर्भवती महिलाएं और बुजुर्ग विशेष रूप से गर्मी के तनाव के प्रति संवेदनशील होते हैं। इसलिए ही सबसे पहले इन पर ही इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बहुत अधिक गर्मी के दौरान बच्चों में निर्जलीकरण खतरनाक या घातक भी हो सकता है। बच्चों के शरीर को वयस्कों की तुलना में तापमान को नियंत्रित करने में अधिक परेशानी होती है, और वे गर्मी से खुद को बचाने के लिए एक तरह से अपने परिवार के सदस्यों या जो उनकी देख रेख कर रहा है उस पर ही निर्भर रहते हैं।

इसी तरह से गर्भवती महिलाओं को भी अधिक खतरा होता है। बहुत अधिक गर्मी और निर्जलीकरण से शिशु का वजन कम होने, समय से पहले जन्म होने और यहां तक कि मृत शिशु के जन्म का भी खतरा बढ़ सकता है। गर्भवती महिलाएं स्वयं नकारात्मक रूप से प्रभावित हो सकती हैं और जल्दी प्रसव पीड़ा में जा सकती हैं, साथ ही गर्भकालीन मधुमेह और उच्च रक्तचाप भी विकसित हो सकती हैं। अतः सावधानी रखना ही वह उपाय है, जिससे कि इस तरह की गर्भवती महिलाएं अपना और अपने गर्भस्थ शिशु की देखभाल कर सकती हैं।

## दैनिक पंचांग

**17 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.27 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | वृष | 07.11 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 09.09 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.23 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 13.39 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.51 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.01 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.16 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.32 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | मकर | 00.37 बजे से |
| | | कुंभ | 02.24 बजे से |
| | | मीन | 03.56 बजे से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 108 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 15.15 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा अहोरात्र।
**योग** शूल 23.51 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 15.15 बजे तदनन्तर तैतिल 04.21 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 08.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 10° 34'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871952
**जूलियन दिन** 2460417.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल **तारीख** 07
**विशेष** राम नवमी, श्री रामचरित मानस जयंती, स्वामीनारायण जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक | |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक | |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक | |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक | |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ-** शुभत्व **श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

### विश्रामपुर सीएचसी में कृमि संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

# कृमि से मुक्ति के लिए 19 से चलेगा अभियान : डॉ राजेंद

संवाददाता

**विश्रामपुर(पलामू)।** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में मंगलवार को कृमि संक्रमण के बारे में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में सभी सीएचओ,एमपीडब्ल्यू,एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि शामिल हुए। शिविर में कृमि से मुक्ति हेतु सभी को प्रशिक्षित किया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से बच्चों को कृमि से मुक्त करने के लिए आगामी 19 अप्रैल से एक



विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान कृमि से मुक्ति की दवा बच्चों को खिलाई जायेगी। बीपीएम पंकज पाण्डेय ने कहा कि कृमि संक्रमण के दुष्प्रभाव से बच्चों में खून की कमी, कुपोषण, मानसिक विकास में बदलाव सहित कई स्वस्थ समस्या हो

**एक अध्ययन के अनुसार कृमि संक्रमण से स्कूल में बच्चों को उपस्थित 25% तक कम हो जाती है**

सकती है। एक अध्ययन के अनुसार कृमि संक्रमण से स्कूल में बच्चों को उपस्थित 25% तक कम हो जाती है। इसलिए 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि से मुक्ति के लिए दवा जरूर खिलाएं.साथ ही साथ सभी को बाथरूम के बाद, खाने से पहले, खाने के बाद,बाहर खेलने के बाद और पालतू जानवरों के संपर्क में आने बाद अच्छी तरह हाथ धोना बहुत जरूरी है, ताकि कृमि संक्रमण को पूर्णतः रोका जा सके। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज थामस,डॉ धीरज कुमार, सीआरपी कृष्णा कुमार साहू, प्रवेक्षिका गोनती कुमारी, पंकज सिंह, मिथलेश दुबे, पंकज कुमार,रवि कुमार, प्रणय रंजन सिंह, जलज तिवारी, उपेंद्र कुमार, रमेश कुमार, कर्मचंद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर सीओ ने सुपरवाइजर व बीएलओ के साथ की बैठक

संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** हुसैनाबाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में एसडीओ के निर्देशानुसार सीओ सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी पंकज कुमार ने प्रखंड के सभी बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ बैठक कर के कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीओ ने लोकसभा चुनाव के दौरान सभी बीएलओ को मतदान केन्द्र पर मतदाताओं को मिलने वाली मूलभूत सुविधा का जायजा लेकर सभी बूथों पर बेहतर सुविधा करने का निर्देश दिया। साथ ही बीएलओ को बूथ स्तर पर 85 वर्ष से अधिक उम्र और 40 प्रतिशत



से अधिक दिव्यांग व्यक्ति को चिन्हित करने की बात कही। सीओ ने कहा कि 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिकनउम्र के व्यक्ति जो मतदान केंद्र आने में अक्षम है वैसे व्यक्तियों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है ताकि वैसे व्यक्तियों को मतदान केंद्र तक लाने की व्यवस्था की जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया गया है। मौके पर प्रभारी एमओ मनोज कुमार,अविनाश कुमार सिंह, पंचायत सेवक वशिष्ठ तिवारी, शमीम, उमेन्द्र सिंह समेत प्रखंड के कई बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## एक नजर

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला के भैया-बहनों को आग पर काबू पाने के सिखाए गए गुर

**हुसैनाबाद/पलामू।** अग्निशमन अधिकारी के मार्ग दर्शन में अग्निशमन शाखा-हुसैनाबाद ने अग्निशमन सेवा सप्ताह वर्ष 2024 की थीम अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय निर्माण में योगदान दें के साथ निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में अग्निशमन सेवा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के आचार्य-दीदी जी व भैया-बहनों को अग्निशमन प्रभारी रामयश सिंह, हवलदार मोहन चौधरी, फायरमैन विकास गुप्ता ने आग से बचने,आग पर प्रारंभिक रूप में काबू पाने, फायर उपकरणों की जानकारी देकर एवं फायर डेमो प्रदर्शित कर विद्यालय के आचार्य-दीदी जी और भैया-बहनों को फायर चलाने का प्रशिक्षण दिया गय अग्निशमन अधिकारी रामयश सिंह ने कहा कि जलने की वस्तु,हवा एवं गर्मी त्रिकोण रूपी आग का निर्माण करती है।

### भाजपा नेता ने नाबालिग से किया दुष्कर्म,फरार

**मेदिनीनगर।** भाजपा के मनातू मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने नाबालिग से दुष्कर्म किया। नाबालिग लड़की महुआ चुनकर अपने घर जा रही थी। इसी क्रम में मंडल अध्यक्ष उसे बहला फुसला कर अपने घर ले गया और फिर उसके साथ अनैतिक संबंध बनाएं। साथ ही परिवार को मामले उजागर नहीं करने की चेतावनी दी। हालांकि इसके बाद भी पीड़िता और उसके माता-पिता ने मनातू थाने में भाजपा मंडल अध्यक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। गांव स्तर पर बैठ कर मामले को रफा दफा करने का भी प्रयास किया गया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। हालांकि घटना के बाद से आरोपी मंडल अध्यक्ष फरार चल रहा है। घटना 2 दिन पहले की है। मंगलवार को पीड़िता की मेडिकल जांच एमआरएमसीएच में कराई गई।बताया जाता है कि पीड़ित नाबालिग मनातू के इलाके में ननिहाल में रहा करती है। रविवार को वह महुआ चुनने के लिए जंगल गई थी, घर वापस लौटने के क्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष ने उसे झांसे में लिया।

### पुरुषार्थ से होती है धर्म व मोक्ष की प्राप्तिःश्याम

**नीलांबर/पीतांबरपुर/पलामू।** लेस्लीगंज थाना के निकट महावीर मंदिर के प्रांगण में चल रहे। नवाहन्न परायण पाठ महायज्ञ के 19वें अधिवेशन में राम कथा मंच से मिजार्पुर उत्तर प्रदेश से आए कथा वाचक श्याम जी शास्त्री ने कहा की हर व्यक्ति जीवन में चार फल प्राप्त करना चाहता है। धर्म,अर्थ,काम और मोक्ष।लेकिन चारों फल प्राप्त करने का जो साधन है, वह प्रारब्ध और पुरुषार्थ से है। बिना इन रास्तों पर चले यह फल प्राप्त नहीं होते। व्यक्ति इन्ही दोनों रास्तों पर चल भी रहा है। लेकिन चलने का तरीका क्या है यह महत्वपूर्ण है। धर्म और मोक्ष को पुरुषार्थ के रास्ते से पाया जाता है। जबकि अर्थ और काम को प्रारब्ध से। यदि अर्थ को पुरुषार्थ से पाया जाता तो सबसे ज्यादा धन मजदूर वर्ग के पास होना चाहिए था। लेकिन इतना श्रम करने के बाद भी उनके जीवन में धन का सहज अभाव देखा जा सकता है। पत्नी का सुख यदि पुरषार्थ के कारण होता तो आज कई लोग विवाह के लिए परेशान न देखे जाते। यह दोनो सुख केवल प्रारब्ध के माध्यम से ही प्राप्त किए जा सकते हैं।

### भूमि सुधार उप समाहर्ता की अध्यक्षता में 'मतदाता जागरूकता अभियान' संपन्न

**हुसैनाबाद/ पलामू।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ए० के० सिंह कॉलेज, जपला में दिनांक 15 अप्रैल 2024 को भूमि सुधार उप समाहर्ता श्री गौरांग महतो की अध्यक्षता में विद्यार्थियों की एक सभा की गई और मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों से यह जानकारी ली गई कि 18 वर्ष से अधिक के कितने विद्यार्थियों ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कर लिया है, तो लगभग 90% छात्रों ने नाम दर्ज होने की बात कही। श्री गौरांग मेहता ने चुनाव एवं मतदान संबंधी अनेक महत्वपूर्ण जानकारी शिक्षक एवं विद्यार्थियों को दी। इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्राचार्य सूर्य मणि सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री रौशन कुमार, पंचायत सचिव मोहम्मद शमीम अंसारी, जनसेवक श्री अखिलेश शर्मा, प्रो. राहुल सिंह, लेखपाल ओम प्रकाश सिंह सहित भारी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

### दिवंगत शिक्षक को श्रद्धांजलि दी गई



**हरिहरगंज।** प्रखंड के कटैया स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में मंगलवार को शोकसभा आयोजित कर दिवंगत सहायक अध्यापक अखिलेश पटेल को श्रद्धांजलि दी गयी। मालूम हो कि उक्त विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक की गत सोमवार को मेदिनीनगर में सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। श्रद्धांजलि शोकसभा में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों सहित अन्य लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी, एसएमसी अध्यक्ष सूरजमल राम, शिक्षक राकेश कुमार, अब्दुल कलाम, नवीन, राकेश, युगल , पंकज, विपुल रंजन, अर्चना, मीना, संतोष कुमार सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# क्या शहर क्या गांव सब भगवा झंडों से पटा मंदिरों को भी सजाया गया आकर्षक रूप से



संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** रामनवमी को लेकर क्या शहर और क्या गांव सभी भगवा झंडों से पटा पड़ा है। रामनवमी पूजा कमेटी ने विश्रामपुर व रेहला शहर के हर गली कुच्चों को भगवा झंडों से पाट दिया है। वहीं गांवों में भी घर घर भगवा झंडा लहरा रहा है.इसके अलावा क्षेत्र के सभी मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। किससे पूरा क्षेत्र ही भक्तिमय हो गया है। रेहला में जुलूस 17 अप्रैल को निकलेगा। वहीं विश्रामपुर मे वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार जुलूस 18 अप्रैल दसवीं को निकलेगा। भव्य जुलूस निकालने की पूरी तैयारी पूजा कमेटियों द्वारा पूरी कर ली गई है.जुलूस में राम दरबार, बानरी सेना सहित कई आकर्षक झांकी भी निकाली जायेगी.इधर विश्रामपुर और रेहला पुलिस भी रामनवमी को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस द्वारा आज फ्लैग मार्च भी निकाला गया। प्रशासन ने जुलूस के दौरान लोगों से शांति बनाए रखने का अपील किया है।

## रामनवमी पूजा समिति ने निकाली बाइक जुलूस

संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू)।** रामनवमी पूजा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को रामनवमी की पूर्व संध्या पर मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर हाथों में बजरंग बली का झंडा लिए जय श्रीराम आदि के गगनभेदी नारे लगा रहे थे। जुलूस स्थानीय महावीर मंदिर से शुरू होकर मुख्य सड़क, अररूआ मोड़, मेन बाजार आदि स्थानों का भ्रमण किया। बाद में पुनः महावीर स्थान पहुंचकर जुलूस समाप्त हुआ। जहां राम भक्तों ने मंदिर में माथा टेककर भगवान से आशीर्वाद लिया। जुलूस में रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष सन्नी गुप्ता,



सचिव चंदन जायसवाल, कोषाध्यक्ष साकेत कुमार, व्यवस्थापक दिलीप स्वर्णकार, सोनू जायसवाल, जेपी गुप्ता, अजय स्वर्णकार, पुरुषोत्तम जायसवाल उर्फ पिंटू, रविकांत, करण राजीवर, सत्येंद्र साव, मखन लाल, पवन, गोलू, अमित, सौरभ सहित सैकड़ों रामभक्त शामिल थे।

## अष्टमी पर देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर शहर के देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंगलवार को आठवें दिन भक्तों ने नवदुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना की। नवरात्र के पहले दिन और अष्टमी का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने घर व देवी मंदिरों पर हवन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।जय माता दी के उद्घोष से दिन भर मंदिरों में घंटे-घड़ियाल बजते रहे। घरों व मंदिरों में अष्टमी के हवन की सुगंध महकी तो नवमी के हवन की तैयारियां पूरी की गईं। देवी मंदिरों पर देर शाम तक दर्शन करने को भक्तों की कतारें लगी रहीं। देवी भक्तों ने अष्टमी के दिन कन्याओं को भोजन कराया।



अष्टमी का व्रत रखने वाले श्रद्धालओं ने मंगलवार को देवी महागौरी की आराधना की।

शहर के छह मुहान पर स्थित काली मंदिर में अष्टमी पर्व पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। शहर के सूर्य सूर्य मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों पर दिन भर घंटे-घडियाल गूंजते रहे। अष्टमी के दिन हवन-पूजन से वातावरण सुगंधित रहा। उधर, ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों व घरों में लोगों ने हवन-पूजन कर कन्याओं को भोज कराया।

देवी मंदिरों पर रामनवमी के लिए मां का दरबार सजा दिया गया। बुधवार सुबह से ही हवन शुरू हो जाएगा। जिलेभर में नवरात्र महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है।

जिले के देवी मंदिरों पर सुबह शाम के समय महाआरती के आयोजन हो रहे हैं। वहीं मंदिरों पर देवी प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है।अष्टमी को लेकर श्रद्धालुओं का दिन भर मंदिरों पर दर्शनों के लिए तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने माता को चुन्नी, नारियल, सोलह श्रृंगार मिठाई भेंट कर परिवार के लिए खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर माता के मंदिरों पर मेला लगा रहा।

## एसडीएम व एसडीपीओ ने जुलूस के मार्ग का किया निरीक्षण

संवाददाता

**हुसैनाबाद /पलामू।** रामनवमी पर्व को हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी संह आईएस पियुष सिन्हा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो सहित अन्य प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। विधि-व्यवस्था को लेकर सोमवार की रात 9 बजे से हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में प्रशासनिक पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ हुसैनाबाद शहर के सभी जुलूस रूट का निरीक्षण किया। इस दौरान जगह-जगह स्थापित महावीर झंडा स्थल का भी निरीक्षण किया। वही जुलूस के उपरांत समापन समारोह के स्थल



का भी जायजा लिया। उन्होंने हुसैनाबाद क्षेत्र के शहीद भगत सिंह कॉलेज के समीप वाहनों की चेकिंग भी की। शहर के गांधी चौक, पुरानी बाजार, लंबी गली , अंबेडकर चौक, जेपी चौक, स्टेशन रोड़ समेत मुख्य बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शांति पूर्वक रामनवमी मनाने की अपील की। निरीक्षण में शामिल पदाधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान उपद्रवियों और सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है।

## पलामू एसपी के निर्देश पर थाना ने निकाला फ्लैग मार्च



संवाददाता

**नावा बाजार/पलामू।** पलामू एसपी के निर्देश पर रामनवमी पूजा को लेकर नावा बाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार के नेतृत्व पुलिस बल के साथ प्रखंड मुख्यालय के कई क्षेत्रों में निकाल गया फ्लैग मार्च। रामनवमी त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे। थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव एवं राम नवमी पूजा को लेकर नावा बाजार पुलिस सभी गतिविधियों पर एलर्ट है। फ्लैग मार्च मुख्यालय बाजार प्रांगण से शुरू होकर मुख्य पथ से महाबीर मंदिर प्रांगण होते हुए खोढी मोड़ पहुंचकर छतरपुर प्रखंड से डाली मुरूमदाग, शाही, भिखी रूदवा, कुंडौली, चेगौना, खोढी, अरर अटवाही, सतघरवा का अखाड़ा व जुलूस का मुयाअना किया गया। उसके बाद वापस सोहदाग मोड़ पहुंचकर कुम्भी खुर्द, कुम्भी कला, सोढ़महुआ, ठेकही का जुलूस का आकलन किया गया।उन्होंने कहा कि इस कार्य मे स्थानीय प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहेगा। सभी आयोजक पूजा समिति के लोगो को लिखित रूप से स्थानीय प्रशासन को सूचना देनी चाहिए। धार्मिक आयोजन में या जुलूस के दौरान शराब के सेवन नही करने की अपील किया। उन्होंने लोगो से आदर्श आचार संघीता का पालन करते हुए रामनवमी पूजा मनाने की बात कहा उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था को भंग करने के प्रयास करने वाले लोगो को बक्सा नही जाएगा वैसे लोगो को चिन्हीत कर विधिसंवत कानूनी करवाई की जाएगी।मौके पर पुलिस अवरनिरीक्षक रितेश लकड़ा सुधीर कुमार संयुक्त नव्या पुलिस बल मौजूद थे।

## रावण दहन कार्यक्रम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर रामनवमी का पर्व हमें मन के अंदर छुपे रावण रूपी अहंकार को मिटाने का संदेश देता है रावण महा ज्ञानी होते हुए भी अधर्म के पथ पर चला था इसलिए उसका पुतला प्रत्येक वर्ष जलाया जाता है उक्त बातें महावीर ने युवक दल जेनरल के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कही वे मंगलवार की सुबह शाहपुर विवेकानंद चौक पर शाहपुर महावीर नवयुवक दल जेनरल की ओर सेआयोजित रावण दहन कार्यक्रम में बोल रहे थे, उन्होंने कहा कि हमें प्रभु श्रीराम के विचारों को अपने जीवन में उतारना चाहिए प्रभु श्री राम ने मयार्दा एवं वचन का पालन करते हुए 14 वर्ष वनवास में बिताए कर्तव्य पथ पर चलते हुए उन्होंने महलों की सुख सुविधा को त्याग कर सन्यासी का जीवन व्यतीत किया।

मौके मुकेश अग्रवाल ने रावण 25 फीट ऊंचे रावण व मेघनाथ के पुतले को तीर मारकर आग लगाए आग लगते ही रावण का पुतला धू-धू कर जलने लगा। जुलूस में पानेरीबांध रोड



के सत्य प्रेम संघ एवं वीर बजरंग संघ के द्वारा झांकी एवं लाइट एवं साउंड की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम अध्यक्षता जनरल संरक्षक धर्मेंद्र जायसवाल व संचालन संरक्षक भोला पांडे ने किया। मौके पर सत्यजीत जायसवाल,उमेश जायसवाल, धीरज, लड्डू जयसवाल,सनी शशांक, बैजनाथ प्रसाद दीपक जायसवाल, शेखर सिंह, सोनू जायसवाल, लवलेश प्रजापति, अनिल रवि, सुनील गुप्ता, पिंटू जायसवाल, मनोज जायसवाल, दिलीप शर्मा आदि आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मोहर्रम इंतेजामिया कमिटी ने थाना परिसर में किया सम्मान समारोह का आयोजन

**मेदिनीनगर।** शहर थाना परिसर में मंगलवार को मोहर्रम इंतेजामिया कमिटी के द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजन किया गया। मोहर्रम इंतेजामिया कमिटी के जेनरल खलीफ़ा शहरयार अली की अध्यक्षता में सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान श्री महाबीर नव युवक दल जेनरल के अध्यक्ष पंकज जयसवाल समेत कमिटी के पूरे सदस्यों को पगड़ी पोषी कर और मोमेंटो देकर समानित किया गया। वही पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी और पत्रकार लोग भी समानित किए गए। कार्यक्रम के दौरान कमिटी के महामंत्री बिकास , गणेश गिरी ,किशोर, नागेंद्र बाबु, क्राऊन प्लाजा, राजेश ,प्रभात उदयपुरिया, मिथलेश, नरेश सोनी, मुमताज, अरविंद, कतारु समेत शहर थाना प्रभारी देव व्रत पोद्दार, इंद्र देव और सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय में रात्रि में सप्तमी पर महावीर ध्वज के साथ निकले रामभक्त

**नावा बाजार (पलामू)।** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी त्योहार को लेकर सप्तमी पर रात्रि में महावीर ध्वज के साथ हजारों राम भक्त जयकारे के साथ जुलूस निकाला। जुलूस महावीर मंदिर नावा बाजार के अखाड़ा नगर भ्रमण करते हुए एनएच 98 मुख्य मार्ग पर शिव मंदिर , कुम्हार टोला, तेलियाटोला, पासवान टोला के महावीर अखाड़ा के साथ मिलान किया गया जहां राम भक्त जय श्री राम जय बोलो आदि नारों के साथ प्रखंड मुख्यालय देर रात गुजंता रहा। सभी जुलूस में आए अखाड़ा महावीर मंदिर परिसर में एकत्रित हुआ। जुलूस को लेकर नावा बाजार रामनवमी पूजा समिति द्वारा विद्युत पावर सब स्टेशन से बिजली सप्लाई बंद कर दी गई थी मालूम होगी महावीर ध्वज में लगे हरे बांस से अप्रिय घटना नहीं होने को लेकर बिजली आपूर्ति तक कर दी गई थी।

## एक नजर

### महिला की मौत पर परिजनों ने निजी क्लीनिक में किया हंगामा



**भागलपुर।** जिले के सन्हौला थाना क्षेत्र स्थित राधिका क्लीनिक में मंगलवार को एक महिला की मौत को लेकर परिजन ने जमकर बवाल काटा। महिला की मौत मंगलवार को पटना में इलाज के दौरान हो गई। बताया जा रहा है कि एक गर्भवती महिला को बीते 24 मार्च को राधिका क्लिनिक में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जहां पर ऑपरेशन के बाद महिला ने नवजात शिशु को जन्म दिया। इसके बाद डॉक्टर ने महिला को घर भेज दिया। घर आने के दो दिन बाद महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जिसके बाद परिजन ने राधिका क्लीनिक के डॉक्टर से संपर्क किया और फिर अस्पताल में भर्ती करवाया। इसके बाद यहां पर डॉक्टरों ने दो इंजेक्शन दिया, जिसके बाद कुछ देर तक महिला को दर्द से राहत मिली,लेकिन फिर अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई, जिसके बाद डॉक्टर ने बेहतर उपचार के लिए उसे जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी।

### गला रेतकर युवक की हत्या

**भागलपुर।** जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र के पंखा टोला स्थित लीची पट्टी मैदान में बेखौफ बदमाशों ने कपड़ा व्यवसाई की गला रेत कर हत्या कर दी। घटना बीते देर रात की बताई जा रही है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि पड़ोस के ही एक युवक ने देर रात उसे फोन कर अपने साथ बाइक पर बैठा कर ले गया था। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी परिजन को स्थानीय लोगों ने दिया कि भाई की गला रेत कर हत्या कर दिया गया है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे मृतक के छोटे भाई मोहम्मद शाहबाज ने शव की पहचान की। घटना की जानकारी मिलने के बाद सिटी एसपी राज एवं नगर डीएसपी-2 राकेश कुमार एवं तीन थाने के पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मृतक की पहचान इमरान उर्फ खाजा के रूप में की गई है।

### एसएसबी ने चार किलो गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**अररिया।** एसएसबी 52वीं बटालियन के मजरख कैंप के जवानों ने बीती रात भारत-नेपाल पीलर संख्या 164 के पास नाका के दौरान चार किलों गांजा के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया।
एसएसबी ने जब्ती सूची बनाकर गांजा के साथ दोनों युवकों को सिकटी पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मामले में सिकटी पुलिस ने कैंप के सहायक कमांडेंट चिराग कुमार के आवेदन पर सिकटी थाना में कांड संख्या 61/24 दर्ज कर एक तस्कर के नाबालिग होने के कारण बालक सुधार गृह किशनगंज भेज दिया गया। जबकि दूसरे तस्कर को न्यायिक हिरासत में अररिया भेज दिया गया है। सिकटी थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि मजरख कैंप के सहायक कमांडेंट चिराग कुमार चार पांच जवानों के साथ भारत-नेपाल पीलर संख्या 164 के पास नाका के दौरान दो युवक को पकड़ा।

### चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के नेपाल सीमावर्ती कुंडवा चैनपुर थाना पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ दो नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में लगातार वाहन चेंकिग और जांच पड़ताल की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को एएसआई जितेंद्र कुमार ने जांच के दौरान चोरी की एक अपाची बाइक बरामद किया है,साथ ही बाइक सवार नेपाल के सलार्ही जिला के अकोलवां गांव निवासी शेख अतिकुल रहमान और शेख अख्तर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया है कि पकड़ी गई बाईक की चोरी होने के संबंध में मामला जिले के मुफसिल थाना में दर्ज है।भारतीय क्षेत्र में चोरी की गई ज्यादातर बाइक को नेपाल में खपाने का काम काफी दिनो से बदस्तूर जारी है।हालांकि लोकसभा चुनाव को लेकर चलाये गये अभियान से बीते पंद्रह दिनों के अंदर चार चोरी की बाइक पुलिस ने बरामद किया है।

### सड़क हादसे में स्कूल छात्र की मौत

**सिलीगुड़ी।** ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक स्कूल छात्र की मौत हो गई है जबकि एक अन्य छात्र घायल हो गया। घटना मंगलवार सुबह फांसीदेवा महकमा के सिंगीझोड़ा ग्राम पंचायत की है। सूत्रों के अनुसार, दो भाई साइकिल से स्कूल जा रहे थे। तभी टाइपू नदी से पत्थर लेकर आ रहे एक ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। बाद में ग्रामीणों ने शव के साथ प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पाकर बागडोगरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। उत्तेजित भीड़ को समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि टाइपू नदी से पुलिस की नाक के नीचे अवैध रूप से रेत निकाली जाती है लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है।

### पीएम मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर साधा निशाना, बोले

# ममता ने फिर की रामनवमी जुलूस रोकने की कोशिश, घुटने पर लाएंगे

एजेंसी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बालूरघाट में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी ममता बनर्जी की सरकार ने हिंदुओं के त्योहार रामनवमी को रोकने की कोशिश की। पीएम ने कहा कोर्ट से अनुमति मिली। कल पूरी श्रद्धा-भक्ति से रामनवमी की शोभायात्राएं निकलेगी। मैं बंगाल



के भाई-बहनों को बधाई देता हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल ने बंगाल को अवैध घुसपैठियों को लीज पर दे दिया है। वह कानूनी शरणार्थियों का विरोध करती हैं और नहीं चाहती हैं कि देश में वैध लोग बसें। ऐसे में तृणमूल सीएए का भी विरोध करती है और अवैध घुसपैठियों को बसाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहली रामनवमी है, जब अयोध्या के भव्य मंदिर में रामलला विराजमान हो चुके हैं। मुझे पता है कि तृणमूल ने हमेशा की तरह यहां रामनवमी उत्सव रोकने की पूरी कोशिश की और सारे षड्यंत्र रचे पर जीत सत्य की ही होती है।

## बदला! किसको छुपाने की कोशिश हो रहा है? एनआईए का सवाल

संवाददाता

**कोलकाता।** भूपतिनगर विस्फोट का समय बदला कर दिखा गया है ! पुलिस की चार्जशीट में डेढ़ घंटा आगे बढ़ाया गया है। एनआईए ने कोर्ट में विस्फोटक का दावा किया। पुलिस ने किसे छुपाने का फैसला किया? केंद्रीय जांचकताओं का प्रश्न। सोमवार को कोर्ट में एनआईए का सवाल, रात 9:51 बजे दोनों मृतकों ने तीन सेकेंड तक की बात, रात 8:30 बजे विस्फोट कैसे हुआ? उन्होंने बताया कि इस संबंध में चार गवाहों ने भी बयान दिये हैं। जिसका जिक्र चार्जशीट में है। मामले पर स्वाभाविक रूप से सवाल उठने लगे। पूर्व मेदिनीपुर भगवानपुर 2 ब्लॉक के भूपतिनगर थाना क्षेत्र के नादुबिरला गांव में दिसंबर 2022 में भयानक विस्फोट हुआ था। 3 लोगों की मौत हो गई। एक पीड़ित की पत्नी ने थाने में शिकायत की कि फटका बांधने के समय विस्फोट हुआ होगा। यह भी आरोप लगाया गया कि जिस स्थान पर विस्फोट हुआ वह एक तृणमूल नेता का घर था। घटना की एनआईए जांच की मांग को लेकर कोलकाता हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। बीजेपी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को लिखा पत्र. इसके बाद एनआईए जांच शुरू हुई। पिछले शनिवार को एनआईए के अधिकारी ब्लास्ट मामले की जांच के लिए गांव गए थे। आरोप है कि दो तृणमूल नेताओं के साथ इलाके से निकलते समय अधिकारियों पर हमला किया गया। इसे लेकर राज्य की सियासत गर्म है।

## श्रीरामपुर के बाद, हावड़ा रामनवमी जुलूस की हाईकोर्ट ने सशर्त इजाजत दी

संवाददाता

**कोलकाता।** हुगली के श्रीरामपुर के बाद हावड़ा, रामनवमी जुलूस की अनुमति कोलकाता हाईकोर्ट ने दे दी है। हालांकि, जस्टिस जय सेनगुप्ता ने जुलूस के लिए कई शर्तें तय की हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जुलूस में 200 से अधिक लोग शामिल नहीं हो सकेंगे। राज्य पुलिस को जुलूस को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। लेकिन यदि नहीं, तो राज्य आवश्यकता पड़ने पर केंद्रीय बलों की मांग कर सकता है। पिछले कुछ वर्षों से राज्य में रामनवमी की धूम है। कोलकाता और जिले-दर-जिले सांबर में भाजपा और हिंदूवादी संगठन रामनवमी मनाते हैं। उन्होंने हथियारों के साथ मार्च निकालते है। पिछले साल इसी रामनवमी के आसपास राज्य के विभिन्न हिस्से उत्तप्त हो गये थे। मुख्य न्यायाधीश ने घटना की एनआईए जांच के आदेश दिये थे। उस अशांति को देखते हुए राज्य सरकार ने इस वर्ष रामनवमी जुलूस का मार्ग बदलने का अनुरोध किया। जस्टिस जय



सेनगुप्ता ने आदेश दिया कि 200 लोगों को लेकर मार्च किया जाए। इससे अधिक होने पर आयोजक संस्था के पांच लोगों को जिम्मेदारी लेनी होगी। उन पांच लोगों के नाम पुलिस को बताए जाने चाहिए। जुलूस से कोई भी भड़काऊ शब्द नहीं बोला जा सकेगा। जुलूस में हथियार और डीजे का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।
अदालत ने यह भी सवाल किया कि क्या केवल 200 लोगों के साथ जुलूस निकालना संभव है, राज्य की ओर से जुलूस के लिए सुरक्षा कैसे प्रदान की जाएगी। सवाल-जवाब सुनने के बाद जज ने राज्य से सवाल किया, "इतनी कम संख्या में लोगों को नियंत्रित करने के लिए कोई ताकत नहीं है?" चुनाव में नहीं गये?ह्व न्यायाधीश ने यह भी कहा कि जुलूस को नियंत्रित करने के लिए जरूरत पड़ने पर केंद्रीय बलों की मदद ली जा सकती है। केंद्र की ओर से बताया गया है कि राज्य की ओर से अनुरोध किया गया तो फोर्स की व्यवस्था की जायेगी। लेकिन उस स्थिति में राज्य सरकार रामनवमी से 24 घंटे पहले जवानों की मांग कर सकती है।

## गार्डेनरिच में एक और आपदा, इस बार रेलवे अस्पताल में लगी भयानक आग

### सभी मरीजों को सुरक्षित निकाला गया बाहर

संवाददाता

**कोलकाता।** गार्डन रीच में फिर आपदा! इस बार रेलवे अस्पताल में आग लगने की घटना से आसपास सनसनी फैल गई। बीएनआर अस्पताल में मंगलवार की सुबह सुबह 6:40 बजे आग लग गयी। मरीजों व परिजनों में दहशत फैल गयी। हालांकि खबर है कि फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया है। शुरूआती जांच के मुताबिक, आग एसी से शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी।
अस्पताल सूत्रों के अनुसार, आग लगने की घटना पश्चिमी बंदर पुलिस स्टेशन के तहत गार्डनरिच इलाके में दक्षिण पूर्व रेलवे अस्पताल में हुई, जो बीएनआर अस्पताल के नाम से मशहूर है। सुबह करीब 6:40 बजे अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ जवानों ने आग देखी। कथित तौर पर आग अस्पताल की तीसरी मंजिल पर नेत्र विभाग के ऑपरेशन थिएटर (ओटी) के



पास लगी। तुरंत अग्निशमन विभाग को खबर दी गई। बचाव अभियान में आरपीएफ के जवान भी शामिल हुए। ऑपरेशन थियेटर से मरीजों को तुरंत बाहर निकाला गया।
इसके बाद दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। बताया जा रहा है कि काफी कोशिशों के बाद आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि, खबर है कि ऑपरेशन थिएटर के कई उपकरण क्षतिग्रस्त हो गये हैं। सुबह में हुई इस घटना से मरीज काफी डरे हुए हैं। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, वे सभी सुरक्षित हैं। अस्पताल प्रशासन ने परिजनों को आश्वासन दिया है कि चिंता की कोई बात नहीं है। हालांकि अग्निशमन विभाग इस बात को लेकर निश्चित नहीं है कि आग कैसे लगी, लेकिन शुरूआती अनुमान है कि यह शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। आग लगने के कारण नेत्र रोग विभाग का ऑपरेशन थियेटर बंद कर दिया गया है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक नये उपकरण लाने के बाद ही सर्जरी संभव है। दमकलकर्मी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

## मेहसी को समृद्ध बनाना लीचीपुरम उत्सव का लक्ष्य: विनय कुमार

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** उत्तर बिहार में आयोजित होने वाले एकमात्र फल महोत्सव लीचीपुरम के 16वें आयोजन की तैयारी जोरों पर है। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर मंगलवार को तिरहुत उच्च विद्यालय मेहसी के प्रांगण में लीचीपुरम उत्सव समिति की बैठक संपन्न हुई।जिसको संबोधित करते देश के एक प्रसिद्ध सीमेंट कंपनी के सेवानिवृत्त उच्चाधिकारी मेहसी निवासी विनय कुमार ने कहा इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मेहसी को समृद्ध बनाना है। मेहसी की लीची का स्वाद एवं सुगंध लाजवाब है। ऐसे में मेहसी रेलवे स्टेशन पर लीचीपुरम नाम से लीची से जुड़े उत्पादों का एक स्टाल होना चाहिए। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की एजेंसियों से यहां के उत्पाद को विश्वस्तरीय बनाने के लिए आगे आने की अपील करते कहा कि लीची उत्पादक किसानों




को सभी सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार सिन्हा ने कहा कि लीचीपुरम उत्सव समिति की पहल का ही परिणाम है कि सीएम नीतीश कुमार से लेकर क?ई मंत्री इस कार्यक्रम में शिरकत कर चुके हैं। मेहसी में पावर ग्रिड एवं विद्युत पावर सब स्टेशन, बूढ़ी गंडक नदी पर कटहां एवं सेमरा घाट पर पुल, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के लिए नया भवन, नगर पंचायत की स्थापना,लीची बगानो की जुताई और पेड़ों की रंगाई आदि कार्य हुए। उपाध्यक्ष राकेश पाठक ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए लीची व्यवसायियों को बागान से फल लाने के लिए धड़पकड़ मुक्त वाहन व्यवस्था पर जोर देते कहा कि इससे लीची उत्पादक किसान एवं व्यापारियो को नुकसान नही उठाना पड़ेगा।साथ ही बैठक में किसानों को सरकारी स्तर पर अनुदानित बोरिंग उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। बैठक में उत्सव समिति की ओर प्रकाशित की जाने वाली ज्ञानवर्धक आकर्षक एवं संग्रहणीय स्मारिका के लिए लेख संग्रह करने का भी निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है,कि लीचीपुरम उत्सव का आयोजन 8 से 10 मई 2024 को किया जाना है। जिसमे बिहार सरकार के कई मंत्री,जिले के विधायक गण व जिला प्रशासन के अधिकारियो को आमंत्रित किया जायेगा।

### दक्षिण बंगाल के 10 जिलों में लू की चेतावनी

**कोलकाता।** बैसाख से पहले जले हुए बंगाल का संदेश ही मिल चुका था। बंगाल के लोग जानते हैं कि मतदान के मौसम की शुरूआत में उन्हें जलना होगा। लेकिन मंगलवार को अलीपुर मौसम कार्यालय से और भी चिंताजनक खबर आई। अब दक्षिण बंगाल में पूर्ण लू (हीट वेव) की स्थिति है। कम से कम 10 जिलों में लू की चेतावनी। पूरे सप्ताह अत्यधिक गर्म और असुविधाजनक मौसम रहने की संभावना है। उत्तर बंगाल के पहाड़ी इलाकों के 5 जिलों में बारिश जारी रहेगी। हालांकि, समतल के तीन जिले गर्मी में जलेंगे।
अलीपुर मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी बांग्लादेश, मध्य प्रदेश और दक्षिण के कोमरिन इलाके में चक्रवात है। दक्षिण में कोमरीन क्षेत्र से लेकर कर्नाटक तक एक धुरी है। इसके चलते गुरुवार 18 अप्रैल को एक ताजा पश्चिमी तूफान प्रवेश करेगा। दूसरा चक्रवात राजस्थान में है।

## एडमास यूनिवर्सिटी ने रूसी विवि के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया




संवाददाता

**कोलकाता।** एडमास यूनिवर्सिटी ने हाल ही में नई दिल्ली में भारत-रूसी शिक्षा शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी विश्वविद्यालयों के साथ कई समझौतों पर हस्ताक्षर किया। शैक्षणिक आदान-प्रदान को मजबूत करने के लिए 50 से अधिक रूसी विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। एडमास यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. डॉ. समित रे ने अंतःविषय सहयोग बढ़ाने के लिए क्यूबन स्टेट एग्रेरियन यूनिवर्सिटी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। सेंट पीटर्सबर्ग पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी के साथ एक अन्य समझौते ने एडमास यूनिवर्सिटी के नवाचार के प्रति समर्पण पर जोर दिया। एडमास ने आर्कटिक अनुसंधान पर चर्चा करते हुए उत्तरी फोरम द्वारा गोलमेज सम्मेलन में भी भाग लिया। एडमास यूनिवर्सिटी रूसी-एशियाई आर्कटिक रिसर्च कंसोर्टियम में शामिल हुआ, जिससे आर्कटिक अध्ययन की भूमिका मजबूत हो गई। इन समझौतों ने वैश्विक गठबंधनों और शिक्षा और अनुसंधान में परिवर्तनकारी सहयोग के प्रति एडमास यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

### दूसरे दौर के मतदान के लिए सभी मतदान केंद्रों पर अर्द्धसैनिक बल और

# केंद्रीय बलों की 22 और कंपनियां आ रही हैं

संवाददाता

**कोलकाता।** आयोग ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि पहले चरण के मतदान में कूचबिहार पर अतिरिक्त ध्यान दिया जायेगा। आयोग के अनुसार विशेष पुलिस पर्यवेक्षक अनिल कुमार शर्मा मंगलवार को उत्तर बंगाल गए थे। वह कूचबिहार में पहले चरण के मतदान पर नजर रखेंगे। वह केंद्र के टच बूथों का भ्रमण करने के साथ ही रोमांचक क्षेत्र का भ्रमण भी कर सकते हैं। आयोग के मुताबिक पहले चरण के तीन विधानसभा क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था सामान्य है। हालांकि, कूचबिहार से अशांति की कई खबरें आ रही हैं। इसलिए उस सेंटर को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है। इस दिन आयोग ने कहा कि पहले चरण के मतदान के लिए सभी बूथों पर केंद्रीय जवानों



की तैनाती के अलावा वेब कास्टिंग की जा रही है। 277 कंपनी बल तुरंत राज्य में पहुँच गये। जिसमें से पहले चरण में 263 कंपनियों का उपयोग किया जा रहा है। तीन केंद्रों पर फोर्स का रूट मार्च भी शुरू हो गया है। आयोग ने कहा कि दूसरे चरण में भी बूथ पर शत-प्रतिशत केंद्रीय बल रहेंगे। इसी वजह से और 22 कंपनी प्रदेश में आ रही हैं। इनमें 9 कंपनियां सिक्किम और 13 कंपनियां मेघालय से आ रही हैं। अधिक सैनिकों के आने से दूसरे दौर में सैनिकों की कुल संख्या 299 कंपनियां हो जाएंगी। इनमें 272 कंपनियां सीधे तौर पर बूथ की सुरक्षा में लगाई जाएंगी। बाकी 27 कंपनियों में से 6 कंपनियां स्ट्रॉन्ग रूम और चुनाव बाद हिंसा को संभालने के लिए वहां रहेंगी। शेष 21 कंपनियों को तीसरे चरण में विभिन्न केंद्रों पर भेजा जाएगा।
पहले चरण के मतदान में 277 कंपनी बल तैनात किये गये थे, इसलिए आयोग फिलहाल राज्य के चार जिलों में कोई केंद्रीय बल नहीं रख रहा है। आयोग के सूत्रों के अनुसार, पहले चरण के मतदान से पहले झाड़ग्राम, पश्चिम मेदिनीपुर, पुरुलिया और बांकुरा जिलों में कोई केंद्रीय बल तैनात नहीं किया जा रहा है। आयोग के मुताबिक, उन चारों जिलों में स्थिति सामान्य है। इसलिए, आयोग कानून-व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए राज्य पुलिस पर निर्भर है।
विधानसभा चुनाव में शीतलाकुची घटना के मद्देनजर आयोग ने पहले चरण के मतदान से पहले बलों को गोलीबारी, दुर्व्यवहार और बूथ में प्रवेश के खिलाफ चेतावनी दी है। आयोग के मुताबिक, मतदान कर्मियों की सुरक्षा और आत्मरक्षा का कोई अन्य साधन न होने पर ही ईवीएम को फायर किया जा सकता है। अत्यधिक बल या बुरे शब्दों का प्रयोग न करें। आयोग के स्पष्ट निर्देश के अनुसार बूथ के गेट पर केंद्रीय जवान रहेंगे।

## शुभेंदु ने किया दिनहाटा में प्रचार

संवाददाता

**कोलकाता।** इस बार उदयन गुहा को लेकर जिस विपक्षी दल की चर्चा चल रही है, उसके नेता शुवेंदु अधिकारी हैं। उन्होंने दावा किया कि उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा तीन साल पहले उनका हाथ पकड़कर भाजपा में शामिल होना चाहते थे। उलटा दिए राज्य मंत्री। 2024 लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। अभियान जोरों पर है। सुभेंदु अधिकारी सोमवार को दिनहाटा में निसिथ प्रमाणिक के समर्थन में वोट के लिए प्रचार करने गए थे। यहीं पर विपक्ष के नेता उदयन गुहा ने अकेले ही मोर्चा संभाल लिया। नाम लेकर उन पर हमला किया। बोले, "उदयन गुहा कहां



हो?" उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष के नेता दिनहाटा आएंगे तो उन्हें बांध दिया जाएगा। उनको लाओ। इसके बाद उसने विस्फोटक की मांग की। उन्होंने कहा कि उदयन ने 2021 चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल होने की कोशिश की थी। पर ऐसा नहीं हुआ। उदयन गुहा ने भी हार नहीं मानी। उन्होंने कहा, "मैं बहुत कुछ कह सकता हूं। मैं आपको बता सकता हूं कि कब क्या हुआ। लेकिन ये काफी नहीं है, कोई सबूत दिखाओ। और अगर मैंने ऐसा कहा, तो उन्होंने 2021 में भाजपा उम्मीदवार के रूप में प्रचार करते समय ऐसा क्यों नहीं कहा?ह्व उदयन ने बारी-बारी से सुभेंदु से सवाल दागे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उन्होंने कभी बीजेपी में शामिल होने के बारे में सोचा होता तो दूसरे नेताओं को जरूर बताते। शुभेंदु अधिकारी की हाथ कभी नहीं पकड़ेंगे।

# चौपियाबागी में ग्रामीण करते है चैती नवरात्र का आयोजन



**संवाददाता**

**इटखोरी(चतरा)।** सनातन धर्मावलंबियों के लिए चौत मास का विशेष महत्व है। इस मास में माता दुर्गा की पूजा बड़ी विधि विधान से किया जाता है। चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड मुख्यतः माता भद्रकाली मंदिर के लिए जानी जाती है। इटखोरी से चौपारण जाने वाले रास्ते मे धुना पंचायत स्थित चौपियाबागी में जिले भर का इकलौते चौती दुर्गा मंदिर भी स्थित है। यहां प्रत्येक वर्ष चार गांव के ग्रामीणों द्वारा बड़े उत्साह से चौती नवरात्र का आयोजन धूम धाम से करते हैं। यहां मंगलवार को वासंतिक नवरात्र को लेकर कलश स्थापन पुरोहित द्वारा किया गया। इटखोरी मुख्य बाजार से 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चौती दुर्गा मंदिर प्रखंड का ही नही जिले का इकलौता मंदिर है। जहां माता अष्टभुजी शेर पर सवार दुर्गा समेत भगवान गणेश ,कार्तिकेय महालक्ष्मी एवं माता सरस्वती समेत बजरंगबली की संगमरमर की मूर्ति स्थापित है। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 1964 से यहां माता की पूजा लगातार की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 1964 में इसी गांव सौनियां के तत्कालीन मुखिया बैजनाथ सिंह के द्वारा इस पूजा की शुरूआत की गई थी। उस वक्त माता की पूजा ग्रामीण बड़े उत्साह के साथ कोलकाता के मूर्तिकार द्वारा मिट्टी की मूर्ति बनाकर धूम धाम से किया करते थे। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 1980 के आसपास माता काली की रौद्र रूप की पूजा व बलि प्रथा तत्कालीन पुरोहित पंडित राघो बाबा के सुझाव पर बंद कर दिया गया। और माता दुर्गा के महिसासुरमर्दिनी की पूजा की शुरूआत की गई। जो अनवरत 2017 तक चलता रहा।

**ग्रामीणों के सहयोग से इस स्थल पर मंदिर निर्माण कर संगमरमर की मूर्ति लगाई गई**

समय गुजरने के साथ माता की पूजा से चारों गांव के लोगों संपन्नता आ गई। जैसे जैसे माता का भवन बनता गया ग्रामीणों का भी स्थिति परिवर्तन होता गया। लोगों का मानना है कि माता चौती दुर्गा के अनवरत पूजा पाठ से पूरा गांव खुशाल हुआ।आज माता की कृपा से चारो गांव में डॉक्टर, इंजीनियर, प्रतिनिधि, बड़ी संख्या शिक्षक एवं कई बड़े व्यवसाई हैं। जिस वजह से प्रखण्ड में इन गांव का अलग महत्व है। आज इन चारों गांव में माता चौती दुर्गा की कृपा से खुशहाली आई है। ग्रामीण इसे माता की कृपा मानते हैं। ग्रामीणों ने जानकारी दिया कि वर्ष 2017 में तत्कालीन पुरोहित पंडित राघो बाबा के वंशज पंडित उमाशंकर पांडेय के सुझाव के बाद उसी स्थल पर माता दुर्गा समेत गणेश, कार्तिकेय, महालक्ष्मी, सरस्वती एवं बजरंगबली का संगमरमर की मूर्ति स्थापित कर मंदिर का रूप दे दिया।

**1964 से हो रहा है नाटक का मंचन**

वर्ष 1964 में माता दुर्गा की पूजा के साथ-साथ चार गांव के ग्रामीणों द्वारा कौशल विकास व मनोरंजन को लेकर नाटक मंचन की शुरूआत की गई थी।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



**संवाददाता**

**चतरा।** लोकसभा चुनारव 2024 में अधिक से अधिक मतदान हो इस उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के निदेर्शानुसार जिले भर में स्वीप कार्यक्रम के तहत व्यापक जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वैसे बूथ जहां पूर्व निर्वाचन के दौरान मतदान प्रतिशत कम देखा गया है। वैसे बूथों पर रात्रि व संध्या चौपाल एवं आंगनबाड़ी, विद्यालय, सुदूरवर्ती क्षेत्र, बिरहोर टोला समेत अन्य स्थानों पर भी आम जनों को विभिन्न तरह की गतिविधि कर मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा में स्वीप कार्यक्रम के तहत स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही सभी बच्चों ने चुनाव से संबंधित स्लोगन लिखन कर नारा भी लगाया और बताया कि मै अपने घर जाकर पास-पड़ोस, माता-पिता समेत अन्य जानने वाले लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करूंगा। उक्त कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरूणा प्रसाद, विद्यालय के प्रधानध्यापक एवं शिक्षक, शिक्षिकाएं समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## एक नजर

### अवैध शराब के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी



**कोडरमा।** लोक सभा आम चुनाव 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, कोडरमा के आदेशानुसार दिनांक-15.04.2024 को अधीक्षक उत्पाद, कोडरमा के पर्यवेक्षण में अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल, कोडरमा, अवर निरीक्षक उत्पाद, कोडरमा अंचल एवं अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल-2, कोडरमा के द्वारा डोमचांच थानान्तर्गत सिमरिया एवं ढाब थानान्तर्गत गोरयाडीह में स्थित अवैध शराब के विभिन्न स्थानों पर छापामारी किया गया। छापामारी में कुल 10 लीटर अवैध चुलाई शराब जप्त एवं 800 कि०ग्रा० अवैध जावा महुआ बरामद कर विनष्ट किया गया। साथ ही अवैध शराब के व्यापार में संलिप्त कुल 03 व्यक्तियों यथा राजू यादव, परेश यादव एवं मदन तुरी के विरूद्ध उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया।

### रिया सिंह और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने उक्त स्थल का भ्रमण किया

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखण्ड अन्तर्गत ढोढाकोला पंचायत में वोट बहिष्कार से संबंधित लगे बैनर पर छपी खबरों के संदर्भ में निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से उक्त स्थल का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने वहां के ग्रामीणों से बातचीत की और उनके समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी दी कि सड़क बनाने का कार्य के संदर्भ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है और सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है, यह जल्द ही बनकर तैयार हो जायेगा। उन्होंने ग्रामीण मतदाताओं से अपील किये कि किसी के बहकावे में न आये। आगामी 20 मई 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनें। जिला प्रशासन शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान कराने के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए विधि व्यवस्था कोषांग के गठन के साथ-साथ मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु अन्य विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया है। सी-विजिल एप्प आम नागरिकों के लिए उपलब्ध है। 247 जिला नियंत्रण कक्ष संचालित है। साथ ही किसी भी शिकायत अथवा जानकारी के लिए टोल प्री न. 1950 एवं 065341950 समर्पित रूप से कार्यरत हैं। आम मतदाता निर्भीक होकर मतदान करें।

### अंचल कोर्ट में आए पांच मामले

**गिद्धौर(चतरा)।** भूमि विवाद के निपटारा करने को लेकर मंगलवार को अंचल अधिकारी राकेश शाह ने गिद्धौर अंचल कार्यालय में कोर्ट का आयोजन किया। कोर्ट में कुल पांच मामले आए। जिसमें बरियातू गांव निवासी नोमन कुमार साव बनाम हेमन यादव के मामले में सीओ ने दोनों पक्षों के कागजात का अवलोकन कर मापी करने का निर्देश दिया। जबकि मंझगांवा निवासी सरयू यादव बनाम हेमलाल यादव, गिद्धौर निवासी पच्चू ठाकुर बनाम भगवान ठाकुर, मारंगी निवासी युगेश्वर यादव बनाम गोविंद यादव व नयाखाप निवासी रामलाल यादव बनाम सोना यादव के मामले में सीओ ने दोनों पक्षों के कागजात का अवलोकन कर अगली तारीख दी है। अंचल कोर्ट में सीआई प्रमोद कुमार सिन्हा, कर्मचारी पप्पू यादव समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### बीएलओ को दिया गया एकदिवसीय प्रशिक्षण



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ राहुल देव ने मंगलवार को बीएलओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में उपस्थित बीएलओ को बूथ जागरुक्ता ग्रुप के साथ बैठक करने, प्रखंड में मतदान प्रतिशत बढ़ाने, मतदाताओं को जागरुक करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाने, बूथ पर सुविधा मुहैया कराने आदि को लेकर कई अवश्यक दिशा निर्देश बीडीओ ने दिया। सभी बीएलओ को मतदाता जागरुक्ता के साथ मतदान प्रक्रिया को लेकर भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बीपीआरओ दिगंबर पांडेय, बीपीओ रामकुमार सिंह, बीएलओ सुनैना देवी, संगीता देवी, मालती देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

### आपसी भाईचारगी के साथ रामनवमी मनाएं : टोनी

**हजारीबाग।** रामनवमी स्वागत समिति के अध्यक्ष टोनी जैन ने और बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास के सानिध्य में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से अध्यक्ष टोनी जैन ने कहा की रामनवमी राम दशमी और एकादशी के दिन स्वागत समिति के कार्य विस्तार पूर्वक बताया।

## सतगांवा के बासोडीह में भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

# देश ने कई बड़ी उपलब्धियां अर्जित की है: अन्नपूर्णा

**धारा 370 खत्म हुआ, एक देश, एक निशान, एक प्रधान का स्वप्न साकार हुआ**

**संवाददाता**

**सतगांवा (कोडरमा) ।** कोडरमा संसदीय क्षेत्र के एक एक घर से मेरा रिश्ता है और सतगांवा के साथ तो मेरा पुराना और विशेष जुड़ाव है। सतगांवा को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने में सफलता मिली है, अब जल्दी ही सतगांवा को रेल संपर्क भी उपलब्ध होगा। तीसरी गांवा सतगांवा होते हुए नई रेल परियोजना की शुरूआत भी जल्दी ही होगी। कोडरमा जिले के सतगांवा स्थित बासोडीह बाजार में सतगांवा मंडल के बूथ स्तरीय कार्यकताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने ये बातें कहीं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि विगत 10 वर्षों में देश ने कई बड़ी उपलब्धियां अर्जित की हैं। 500 वर्षों का इंतजार खत्म हुआ और अब हमारे रमलला टेंट में नहीं बल्कि भव्य भवन में विराज रहे हैं। धारा 370 खत्म हुआ, एक देश, एक निशान, एक प्रधान का स्वप्न साकार हुआ। सीएए लागू हुआ, मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से आजादी मिली, नारी शक्ति वंदन अधिनियम बना। रेल, हवाई और सड़क परिवहन के क्षेत्र में विस्मयकारी कार्य हुए। रिकॉर्ड संख्या में एम्स, आईआईटी और आईआईएम बने। विश्वविद्यालयों



की संख्या कई गुना बढ़ी। मैकाले की शिक्षा पद्धति से मुक्ति के लिए 34 वर्षों के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनी, मातृभाषा में इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई शुरू हुई। गरीबों को पक्की छत मिली, शौचालय मिला, नल से पीने का पानी मिला, 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिली, ठेले खोमचे वालों को भी पहली बार कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए बिना गारंटी आर्थिक समर्थन मिला। ऐसे और भी कई ऐसे काम हुए जिनके लिए भारतीय मानस वर्षों से इंतजार कर रहा था लेकिन फैसला लेने की हिम्मत कोई नहीं दिखा पा रहा था। एक बार फिर वही शक्ति आपसे मांगने के लिए आपके बीच आई हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा विरोधी दलों के पास न सर्वस्वीकार्य नेता है, न स्पष्ट नीति है, न साफ नीयत है। दूसरी ओर,यशस्वी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी देश के समन्वित विकास की योजना पर काम कर रही है और इसके लिए एक दीर्घकालिक सुस्पष्ट रोड मैप तैयार है। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र से भी हमारी यह कार्ययोजना परिलक्षित होती है। मोदी के नेतृत्व में बनी भाजपा की पहली सरकार की ऊर्जा पूर्ववर्ती यूपीए सरकार के गड्ढे भरने में खर्च हुई। इसके बावजूद शुरूआती 5 सालों में सबको साथ लेकर सबके विकास की शानदार शुरूआत हुई। देश के हर गरीब को गरिमामय जीवन सुलभ कराने के लिए आवास, शौचालय, पेयजल, रसोई गैस, बिजली, स्वरोजगार आदि उपलब्ध कराने की योजनाओं पर काम हुआ। मोदी के नेतृत्व में दूसरे कार्यकाल में आधारभूत संरचनाओं के विकास के साथ भारत को वैश्विक स्तर पर एक आत्मनिर्भर और विकसित देश के रूप स्थापित करने की दिशा में कायारंभ हुआ। मोदी जी ने स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ अर्थात 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है जिसकी सिद्धि जनता जनार्दन के आशीर्वाद से ही संभव है। कोडरमा की सम्मानित विधायक डॉ. नीरा यादव, कोडरमा जिला प्रभारी भैया अभिमन्यु प्रसाद, कोडरमा विधानसभा प्रभारी इंजीनियर विनय सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नितेश चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, प्रदेश मीडिया सेल प्रभारी विवेक विश्वास, मंडल अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद, कार्यक्रम संचालक बालमुकुंद प्रसाद सहित भाजपा के सभी स्थानीय ज्येष्ठ श्रेष्ठ साथी उपस्थित रहे।

# पानी की किल्लत से जूझ रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मरीजों की बढ़ी परेशानी

**संवाददाता**

**मयूरहंड(चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों पानी की किल्लत से जूझ रहा है। दिखावे को लेकर दो बोरींग है, पर पानी नदारद है।

नल-जल योजना अंतर्गत पानी की सफ्लाई दी जा रही थी वो भी पंद्रह दिनों से बाधित है। जिसके कारण प्रसव के अलावे इलाज कराने पहुंचने वाले व केंद्र में रहने वाले कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। लगभग 70 हजार आबादी वाले इस क्षेत्र में एक स्वास्थ्य केंद्र है, जिसके भरोसे पूरा प्रखंड है। स्थानिय लोगों की माने तो पानी के किल्लत प्राथमिक



स्वास्थ्य केंद्र में प्रारंभ से ही है। परंतु आजतक संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी संज्ञान तक नहीं लिए। जिसका खमियाजा मरीजों के साथ स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित कर्मियों को भुगतना पड रहा है। जल नल योजना के तहत दी जाने वाली सफ्लाई मेन पाइप लीकेज हो जाने से एक पखवाड़े से विभागीय उदासीनता के कारण मरम्मती कार्य नहीं होने के कारण बाधित है। जबकि स्वास्थ्य केंद्र में पानी की उपलब्धता चौबीसो धंटे अनिवार्यता है। परंतु संबंधित विभाग व जिम्मेदार अधिकारी के साथ क्षेत्र के सांसद, विधायक व विन्नि दलों के नेता व प्रतिनिधि बेफिक्र हैं।

# रामनवमी पर्व को आपसी भाईचारे व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनायें: उपायुक्त

**त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर संयुक्त जिला आदेश जारी किया गया है**



**संवाददाता**

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिलावासियों से रामनवमी त्यौहार को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रामनवमी त्यौहार आस्था का त्योहार है, इस पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें।

उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर संयुक्त जिला आदेश जारी किया गया है। सभी स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है । साथ ही दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

त्यौहार के दौरान सौहार्द बिगाड़ने वाले आसामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई किया जायेगा। जुलूस के दौरान कोई भी घातक हथियार नहीं ले जाएंगे। सभी अखाड़ों की वीडियोग्राफी होगी और सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जायेगी। त्यौहार के दौरान किसी भी तरह के आपत्तिजनक और अश्लील गानों के बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। सुबह 6 बजे से लेकर रात 10 बजे तक लाउडस्पीकर बजाने की अनुमति है। जिला नियंत्रण कक्ष 247 कार्यरत हैं, किसी भी आकस्मिकता अथवा जानकारी के लिए जिला कंट्रोल कक्ष के संपर्क नं 06534252685 पर संपर्क किया जा सकता है। उपायुक्त की ओर सभी से जिलावासियों से अपील की गई है कि वे शांतिपूर्ण और सौंदर्यपूर्ण तरीके से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनायें।

## अवैध बालू खनन के विरुद्ध पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के नोनगांव पंचायत अंतर्गत सोनगढ़वा नदी से मंगलवार को अवैध बालू लोड कर जा रहे एक ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया है। थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सोनगढवा नदी से अवैध बालू लोड़ कर बाहर ले जाया जा रहा है। सूचना का सत्यापन करते हुए नदी में छापेमारी कर अवैध बालू खनन कर लोड़क ले जा रहे ट्रैक्टर को पकड़ लिया गया। जबकी पुलिस के देख ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। वहीं ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेसर कार्रवाई के लिए पत्थलगडा सीओ को आवेदन दिया गया है।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

**संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा के निदेर्शानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के तहत लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त मतदाताओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से झुमरी तिलैया नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नं०-9 एवं 10 में वोट देने की तिथि, समय के बारे में मतदाताओं को जानकारी दी गई एवं जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, उनका फॉर्म-06 भरा गया। इसके साथ साथ जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जेएसएलपीएस की सखी मंडल द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं से 20 मई को मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई। स्वीप गतिविधि के तहत चंदवारा प्रखंड के बेंदी



पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्राम भीतिया में रहने वाले ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता पंजीकरण महाअभियान अंतर्गत गठित स्वीप टीमों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से चुनाव संबंधित प्रश्न पूछे जा रहें हैं एवं एढक्ळ कार्ड चेक किया जा रहा है। साथ ही जिन मतदाताओं का एपिक कार्ड नहीं है, उनका ऑन स्पॉट पपत्र-06 भरकर मतदाता सूची में नाम जोड़ा जा रहा है। जिलेवासियों से है अपील, मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएं और लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनें। जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों ने चुनावी पाठशाला, शपथ, पोस्टर, स्लोगन राइटिंग, वाद-विवाद समेत अन्य गतिविधियां कर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया।

### रामनवमी को लेकर विधि व्यवस्था को पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**पत्थलगड़ा/प्रतापपुर(चतरा)।** रामनवमी महापर्व को लेकर पुलिस व प्रशासन ने मंगलवार देर शाम जिले के प्रतापपुर व पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च किया। पत्थलगड़ा में फ्लैग मार्च थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी के नेतृत्व में किया गया है। फ्लैग मार्च थाना परिसर से सुभाष चौक, गांधी चौक, पंचमुखी चौक सिंघानी, नोनगांव के अलावे विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुवे आमलोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार से होने वाले अप्रिय घटनाओं को तुरंत सूचित करने की बात कही। साथ ही लोगों से अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान नहीं देने व किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना अविलंब प्रशासन से साझा करने की बातें कही गई। मार्च में एसआई मिसील सोरेन के अलावे पुलिस कर्मी शामिल थे।

# स्वास्थ्य केंद्र में अग्निशमन सेवा की दी गई जानकारी



**संवाददाता**

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सको के साथ कर्मियों व इलाज के लिए पहुंचे ग्रामीणों को अग्निशमन सेवा की जानकारी दी गई। जागरूकता शिविर में आग से होने वाले नुकसान व बचाव की जानकारी प्रयोग कर दी गई। अग्निशमन के प्रधान अग्नि चालक अमितनंदा भारती, राहुल कुमार, अग्नि चालक संजीव पांडेय ने क्रमवार आग लगने पर बचाव के कई उपाय बताएं। बताया गया कि आग लगने से ज्यादा हड़बड़ाने की जरूरत नहीं है। भीषण अगलगी होने पर टोल फ्री नंबर 112 पर संपर्क कर अग्निशन विभाग को सूचित करने की बात कही। आगे बताया गया कि ज्वलनशील पदार्थ को खुले में न रखें व आग से भी दूर रखें। क्षतिग्रस्त विद्युत तारों का उपयोग किसी भी स्थिति में ना करें। घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग के पश्चात उसे अवश्य बंद करें। साथ ही प्रत्येक घर में अग्निशन यंत्र अवश्य रखे। शिविर में डॉ. अमृता अनुप्रिया, डॉ. अंजली कुमारी भगत, डॉ. सत्य प्रकाश, रिंकी कुमारी, विमला देवी, सीएचओ चंचला कुमारी, सुचिता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### बीसीए ने महिला खिलाड़ियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया क्रिकेट विकास समिति का गठन




**पटना।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने महिला क्रिकेट विकास समिति की स्थापना करके राज्य में महिला क्रिकेट के विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। समिति का प्राथमिक उद्देश्य खेल में युवा महिला क्रिकेटरों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना और समर्थन करना है। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) देश में काफी सफल रहा है, जिसको देखते हुए बीसीए बिहार में महिला क्रिकेट को आगे बढ़ने में मदद करना चाहता है और बिहार में महिला क्रिकेट प्रतिभा को निखारने के लिए प्रतिबद्ध है। बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने एक बयान में कहा राज्य में महिलाओं के बीच क्रिकेट के प्रचार और विकास पर बीसीसीआई द्वारा विशेष ध्यान दिया गया है। इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए, एक महिला क्रिकेट विकास समिति का गठन किया गया है, जो सक्रिय रूप से युवा महिलाओं को क्रिकेट में शामिल करने के लिए काम कर रही है। बीसीए अध्यक्ष ने यह भी बताया कि क्रिकेट संचालन संस्था राज्य के खिलाड़ियों को बेहतर बुनियादी ढांचा और रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में काम कर रही है। तिवारी ने कहा बिहार क्रिकेट एसोसिएशन बिहार में क्रिकेट के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, बेहतर बुनियादी ढांचे, रोजगार के अवसर, वेतन और बहुत कुछ की दिशा में काम कर रहा है। इन प्रयासों के परिणाम बहुत जल्द दिखाई देंगे।

### इंडियन सुपर लीग ने की 2023-2024 प्लेऑफ और सेमीफाइनल के स्थानों की घोषणा

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने सोमवार रात 19 अप्रैल से शुरू होने वाले 2023- 2024 नॉकआउट और सेमीफाइनल के स्थानों की घोषणा कर दी है। एक रोमांचक परिणति में, मोहन बागान सुपर जायंट ने आईएसएल चैंपियंस का प्रतिष्ठित पहला खिताब जीता, जबकि मुंबई सिटी एफसी ने दूसरा स्थान हासिल किया, जिससे दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। तीसरे से छठे स्थान पर रहने वाली टीमें अन्य दो सेमीफाइनलिस्टों का निर्धारण करने के लिए सिंगल लेग नॉकआउट मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। सेमीफाइनल घरेलू और बाहरी प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें दोनों चरणों के विजेता 4 मई को ग्रैंड फाइनल खेलेंगे। इंडियन सुपर लीग 2023-24 सीजन के फाइनल के स्थान की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

## भारतीय महिला हॉकी टीम के खिलाड़ी असुंता लकड़ा पुरस्कार से सम्मानित

# असुंता लकड़ा सबसे ज्यादा गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं : दीपिका

- महिला जूनियर एशिया कप में टीम के लिए पदार्पण किया
- 6 मैचों में 7 गोल करके टीम को स्वर्ण पदक जीतने में मदद की



**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम की फारवर्ड दीपिका सोरेंग ने प्रतिष्ठित असुंता लकड़ा पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर हॉकी इंडिया का आभार व्यक्त किया है। सोरेंग को पिछले महीने आयोजित हुए छठे हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 2023 के दौरान इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, जो वर्ष की उभरती महिला खिलाड़ी को दिया जाता है। दीपिका के लिए 2023 एक जबरदस्त वर्ष रहा, इस वर्ष उन्होंने महिला जूनियर एशिया कप में टीम के लिए पदार्पण किया, 6 मैचों में 7 गोल करके टीम को स्वर्ण पदक जीतने में मदद की और टूर्नामेंट में टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं।

दीपिका ने मंगलवार को हॉकी इंडिया के हवाले से कहा मुझे यह सम्मान देने के लिए मैं हॉकी इंडिया का आभार व्यक्त करती हूं। जब मेरे नाम की घोषणा की गई तो यह मेरे और मेरे परिवार के लिए एक यादगार पल था। पुरस्कार राशि और पुरस्कार जीतना बहुत बड़ी बात है। मेरे लिए यह एक प्रेरणा है, और यह मुझे और भी बेहतर प्रदर्शन करने और देश को गौरवान्वित करने का साहस और ताकत देता है। दीपिका ने भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के साथ 2023 में 4 देशों के जूनियर महिला आमंत्रण टूर्नामेंट में भी हिस्सा लिया और सभी चार मैच खेले। उन्होंने पिछले साल 2023 एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप में टीम के साथ यात्रा की थी और भारतीय टीम की एक प्रमुख खिलाड़ी भी थीं। उन्होंने टूर्नामेंट में 9 गोल करके उद्घाटन एफआईएछ महिला हॉकी5२ विश्व कप ओमान 2024 में टीम को रजत पदक जीताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें ओमान में टूर्नामेंट की युवा खिलाड़ी भी नामित किया गया था।

उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैंने पिछले वर्ष में बहुत प्रगति की है और इसका श्रेय सहायक स्टाफ, कोच और टीम के साथियों को जाता है जिन्होंने लगातार मेरा मार्गदर्शन किया। जब भी मुझे संदेह हुआ तो उन्होंने बहुमूल्य सुझाव दिए और मुझे खुद को व्यक्त करने का मौका भी दिया। अपनी टीम के भीतर विश्वास रखना महत्वपूर्ण है और खुद को अभिव्यक्त करने के लिए जगह महसूस करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है और ऐसे शानदार माहौल में रहना मेरे लिए एक उल्लेखनीय अनुभव रहा है।

दीपिका को हाल ही में 33 सदस्यीय राष्ट्रीय महिला टीम कोर ग्रुप में नामित किया गया था जो 16 मई तक बेंगलुरु के साई केंद्र में प्रशिक्षण ले रही है। उन्होंने कहा मैं हर दिन कड़ी मेहनत कर रही हूं और कोचों की सलाह पर ध्यान दे रही हूं। सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण लेना मेरे लिए बहुत अच्छा अनुभव रहा है क्योंकि मैं उनसे बहुत सी चीजें सीख रही हूं। मुझे उम्मीद है कि मुझे भारतीय सीनियर टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा, क्योंकि इस साल हमारे पास कई महत्वपूर्ण टूर्नामेंट हैं। जब भी मौका मिलेगा, मैं उसका फायदा उठाने के लिए तैयार रहूंगी।

### बीसीबी ने मुस्तफिजुर रहमान के एनओसी को एक दिन बढ़ाया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए मुस्तफिजुर रहमान के अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) को एक दिन के लिए बढ़ा दिया है, जिसके बाद 30 अप्रैल को बांग्लादेश लौटने के बजाय, अब वह पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ टीम के 1 मई के मैच के लिए भी उपलब्ध रहेंगे। इसके साथ, मुस्तफिजुर अब 19 और 23 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी), 28 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और 1 मई को पीबीकेएस के खिलाफ सीएसके के बैक-टू-बैक मैचों के लिए उपलब्ध होंगे। इसके बाद मुस्तफिजुर 3 से 12 मई तक जिम्बाब्वे के खिलाफ बांग्लादेश की घरेलू टी20 सीरीज के लिए अपने गृहनगर वापस जाएंगे, और 21 मई को टेक्सास में संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेंगे। बीसीबी के क्रिकेट संचालन के उप प्रबंधक शहरयार नफीस ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो के हवाले से कहा हमने मुस्तफिजुर को आईपीएल में खेलने के लिए 30 अप्रैल तक की छुट्टी दी थी, लेकिन चूंकि चेन्नई में 1 मई को मैच है, इसलिए हमने चेन्नई और बीसीसीआई से अनुरोध मिलने पर उनकी छुट्टी एक दिन बढ़ा दी है। मुस्तफिजुर ने पांच मैचों में 18.30 की औसत से दस विकेट लिए हैं, जिसमें आईपीएल के 17वें संस्करण में उनका अब तक का पहला चार विकेट भी शामिल है। 2021 सीजन के बाद से आईपीएल में यह उनका सबसे बड़ा प्रदर्शन है, जब वह राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के लिए खेले थे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आगामी टी20 विश्व कप के लिए अमेरिकी वीजा औपचारिकताएं पूरी करने के लिए पिछले हफ्ते ढाका में थे।

## आईपीएल : सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी को 25 रन से हराया



**नई दिल्ली। एजेंसी**

आईपीएल के 30वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) को 25 रन से हरा दिया है। हैदराबाद ने इस मैच में आईपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। जवाब में आरसीबी की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी। हालांकि आरसीबी की तरफ से दिनेश कार्तिक ने साहसिक पारी खेली लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। जबकि विजयी टीम हैदराबाद की तरफ से सबसे ज्यादा ट्रेविस हेड ने 41 गेंदों पर नौ चौकों और आठ छक्कों की मदद से 102 रन बनाए।

आरसीबी के होम ग्राउंड एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए ट्रेविस हेड के शतक और हेनरिच क्लासेन के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में तीन विकेट पर 287 रन बनाए। हैदराबाद ने आईपीएल के इसी सीजन में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाए थे, जो आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर था लेकिन इस मैच के कुछ ही दिन बाद उसने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा। आरसीबी के लिए तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 52 रन देकर दो विकेट लिए।

जवाब में कप्तान फाफ डुप्लेसिस और दिनेश कार्तिक की आतिशी पारियों के बावजूद आरसीबी की टीम सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी। आरसीबी 20 ओवर में सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी। दोनों टीमों के मिलाकर इस मैच में कुल 549 रन बने। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए कप्तान पैट कमिंस ने 43 रन देकर तीन विकेट लिए। कार्तिक ने 35 गेंदों पर 83 रनों की साहसिक पारी खेलकर आरसीबी को अप्रत्याशित जीत दिलाने की कोशिश की।

## भारतीय तैराक भरत सचदेवा, शाश्वत ने पूरा किया एकतरफा राम सेतु ओपन वॉटर तैराकी अभियान



**धनुषकोटि। एजेंसी**

एथलेटिकिज्म, धैर्य और दृढ़ संकल्प की भावना के साथ दो प्रसिद्ध भारतीय तैराक, भरत सचदेवा और शास्वत शर्मा ने सोमवार को पाक स्ट्रेट (राम सेतु) के 32 किलोमीटर के चुनौतीपूर्ण मार्ग को 10 घंटे 30 मिनट के निर्धारित समय के भीतर तैरकर पार किया। दोनों तैराकों के इस असाधारण अभियान का उद्देश्य भारत में एथलीटों के लिए साहसिक खेलों और खुली तैराकी को बढ़ावा देना, पड़ोसी देशों के बीच सार्वभौमिक भाईचारे और दोस्ती को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त, अभियान का उद्देश्य जल सुरक्षा और डूबने की घटनाओं की रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह अभियान श्रीलंका के तलाईमन्नार से शुरू हुआ और भारत के धनुषकोटि में समाप्त हुआ।

तैराकी एक विशेषज्ञ दल की देखरेख में आयोजित की गई जिसने तैराकों को तैरने में मदद की और तैराकी के दौरान पोषण प्रदान किया। नियमों और विनियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए एक बाहरी पर्यवेक्षक भी दल में शामिल हुआ। इस अवसर पर भरत सचदेवा ने एक आधिकारिक बयान में कहा यह देश के लिए पदक जीतने जितना बड़ा है। शास्वत और मैं कुछ वर्षों से इस सपने को साकार करने की दिशा में काम कर रहे हैं, और हमें खुशी है कि यह आखिरकार सच हो गया है। हमारा उद्देश्य हमारे देश में इस खेल के लिए सख्त समर्थन की ओर ध्यान आकर्षित करना है, चाहे वह सही बुनियादी ढाँचा हो या निवेश, हमारे प्रयास तब सफल होंगे जब हम भारत से अधिक युवा प्रतिभाओं को तैराकी को चुनते और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करते देखेंगे।

## क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में गुड़गांव ओपन शुरू, 20 को होगा प्रो-एम इवेंट



**नूह। एजेंसी**

प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) गुड़गांव ओपन मंगलवार को यहां क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में शुरू हुआ और 19 अप्रैल तक चलेगा। प्रो-एम इवेंट 20 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। नव-लॉन्च टूर्नामेंट में 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि है, जिसमें मनु गंडास, राशिद खान, अमन राज, करण प्रताप सिंह, सचिन बैसोया और उदयन माने जैसे कुछ शीर्ष भारतीय पेशेवर शामिल होंगे।

टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे प्रमुख विदेशी नामों में श्रीलंका के एन थंगराजा और के प्रभाकरन, बांग्लादेशी जमाल हुसैन और बादल हुसैन के साथ-साथ पीजीटीआई क्वालीफाइंग स्कूल विजेता चिली के मटियास डोमिंगुएज, नेपाल के सुभाष तमांग, इटली के मिशेल ओटोर्लानी और चेकिया के स्टीफन डेनेक शामिल हैं। पीजीटीआई के सीईओ उत्तम सिंह मुंडी ने कहा गुड़गांव ओपन को लॉन्च करने में हमारे साथ साझेदारी करने के लिए हम अमृतांजन और क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब को धन्यवाद देते हैं। टूर्नामेंट में कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद की जा सकती है क्योंकि पेशेवर इस सप्ताह सीजन की पहली छमाही समाप्त होने से पहले टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग पर प्रभाव डालना चाहेंगे। क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब की प्राचीन परिस्थितियाँ और इवेंट का गहरा मैदान इसे और रोमांचक बनाते हैं।

आईटीसी क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब के प्रमुख ऋषि मट्टू ने कहा, पीजीटीआई के साथ साझेदारी में भारतीय पेशेवर गोल्फ को बढ़ाने में योगदान देना हमारा प्रयास है। यह टूर्नामेंट हमारे सदस्यों को भारत के सर्वश्रेष्ठ पेशेवरों को खेलते हुए देखने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है। क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब भारत का एकमात्र क्लब है।

### चीनी सुपर लीग की पहली महिला रेफरी बनीं झी लिजुन



**शंघाई।** चीनी सुपर लीग 2024 में सोमवार को शंघाई पोर्ट और शेडोंग ताइशान के बीच मैच की जिम्मेदारी संभालने के बाद, झी लिजुन चीन में शीर्ष स्तर के पुरुष फुटबॉल मैच में रेफरी बनने वाली पहली महिला बन गईं हैं। 35 वर्षीय झी, एशियाई फुटबॉल परिसंघ के लिए एक विशिष्ट सहायक रेफरी हैं। उन्होंने 2022 महिला एशियाई कप और 2024 अंडर-20 महिला एशियाई कप फाइनल के साथ-साथ कई फीफा खेलों में अंपायरिंग की। वह 2023 महिला विश्व कप में मैदान पर एकमात्र चीनी रेफरी थीं। झी ने सिन्हुआ के हवाले से कहा 2023 में, महिला विश्व कप में रेफरी के रूप में मैं अकेली थी, और मुझे उम्मीद है कि अधिक चीनी महिला रेफरी विश्व कप में भाग लेंगी। उन्होंने कहा मैं सीएसएल मैचों को अक्सर मौके के रूप में ही देखती हूं। इस खेल से पहले, मैंने दोनों टीमों के बीच पिछली प्रतियोगिताओं की समीक्षा की, दोनों टीमों की रणनीति के विश्लेषण और पहले से योजना बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा पुरुषों के खेल की लय महिलाओं की लय से अलग होती है। मैंने शारीरिक ताकत के मामले में पर्याप्त तैयारी की और फुटबॉल के बारे में अपनी समझ को ताजा किया। हालांकि, झी ने स्वीकार किया कि वह मैच से पहले थोड़ी घबराई हुई थीं, लेकिन जब सीटी बजी, तो मैंने अपना सारा ध्यान खेल पर केंद्रित कर दिया, और तनाव की भावना गायब हो गई। झी ने कहा यूरोपीय लीगों में पुरुषों के मैचों में महिला रेफरी द्वारा अंपायरिंग करना काफी आम बात है। अगर हम विश्व कप में रेफरी बनना चाहते हैं, तो हमें पुरुषों की फुटबॉल प्रतियोगिताओं में एक ठोस आधार तैयार करना होगा।

### मोहन बागान सुपर जायंट ने मुम्बई सिटी एफसी से जीती वर्चस्व की जंग, बना लीग विनर

**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट की टीम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 की लीग विनर बन गई है। मोहन बागान ने सोमवार रात यहां अपने घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में मुम्बई सिटी एफसी के साथ वर्चस्व की जंग 2-1 से जीत ली। इस जीत के साथ ही उन्होंने आइलैंडर्स को शीर्ष से अपदस्थ करके आईएसएल लीग विनर्स खिताब अपने नाम कर लिया। मोहन बागान सुपर जायंट की शानदार जीत में लिस्टन कोलाको ने 28वें और स्थानापन्न ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जेसन कमिंग्स ने 80वें मिनट में गोल किए। ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्रियोस पेट्राटोस को मोहन बागान सुपर जायंट के दोनों गोल में सहायता प्रदान करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। मोहन बागान सुपर जायंट ने 22 मैचों में 15 जीत, तीन ड्रा और चार हार से 48 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान से सीधे शीर्ष पर पहुंच कर लीग दौर समाप्त किया।

# कारोबार की खबरें

## सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट के बावजूद चमके स्मॉलकैप शेयर



**नई दिल्ली। एजेंसी**

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के कारण घरेलू शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी रहा। इस तरह लगातार तीसरे कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। कारोबार के दौरान कई बार खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर बाजार को सहारा देने की कोशिश भी की लेकिन बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.62 प्रतिशत और निफ्टी 0.56 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। कारोबार के दौरान पावर, ऑयल एंड गैस, फार्मास्यूटिकल, कंज्यूमर ड्युरेबल्स और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। बैंकिंग, आईटी, मेटल और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। सेंसेक्स और निफ्टी में शामिल शेयरों में बिकवाली का दबाव बनने के बावजूद ब्रॉडर मार्केट में खरीदारी होती नजर आई। खासकर छोटे और मंझोले शेयर में लगातार खरीदारी होती रही। इस खरीदारी के कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.05 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.57 प्रतिशत उछल कर कारोबार का अंत किया।

सेंसेक्स और निफ्टी में आई कमजोरी के बावजूद ब्रॉडर मार्केट में लगातार हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशक बड़े नुकसान से बच गए। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन के कारोबार के बाद घट कर 394.34 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया।

## सरकार ने दी श्रीलंका को प्याज के निर्यात की अनुमति, यूएई को अतिरिक्त कोटा



**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्र सरकार ने श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात को 20 हजार मीट्रिक टन प्याज निर्यात करने की अनुमति दी है। सरकार के इस फैसले के तहत दोनों देशों को 10-10 हजार मीट्रिक टन प्याज का निर्यात किया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 15 अप्रैल को जारी एक अधिसूचना में संयुक्त अरब अमीरात को अतिरिक्त 10 हजार मीट्रिक टन (एमटी) प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। इसके साथ ही नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से श्रीलंका को भी 10 हजार मीट्रिक टन प्याज की अनुमति प्रदान की गई है।

यूएई को प्याज के निर्यात की यह अनुमति पहले दी गई 24,400 मीट्रिक टन से अतिरिक्त है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने प्याज के निर्यात पर पाबंदी लगाने के बाद बांग्लादेश को 50 हजार मीट्रिक टन, संयुक्त अरब अमीरात को 34,400 मीट्रिक टन, श्रीलंका को 10 हजार मीट्रिक टन, बहरीन को 3 हजार मीट्रिक टन, मॉरीशस को 1,200 मीट्रिक टन और भूटान को 550 मीट्रिक टन प्याज की अनुमति दे चुकी है। दरअसल, केंद्र सरकार ने घरेलू महंगाई को काबू करने के लिए 7 दिसंबर, 2023 की देर रात प्याज निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसे 23 मार्च को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया है।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत एशियाई बाजारों पर भी चौतरफा दबाव



**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से लगातार दूसरे दिन गिरावट के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के कारोबार के दौरान अमेरिकी बाजार में घबराहट का माहौल बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। वहीं एशियाई बाजारों में आज गिरावट का माहौल नजर आ रहा है।

मिडिल ईस्ट में संकट गहराने और बॉन्ड यील्ड में आई तेजी की वजह से अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार करते रहे। डाउ जॉन्स लगातार छठे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.20 प्रतिशत टूट कर 5,061.82 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 290.08 अंक यानी 1.79 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 15,885.02 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 37,656.96 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,965.53 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,045.11 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

# लोकसभा चुनाव में प्रदेश की मातृशक्ति भी कांग्रेस को करारा जवाब देगी : धामी

- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेना के जवानों का मनोबल बढ़ा है
- योजनाओं के माध्यम से महिलाएं सशक्त बन रही हैं
- सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया है

**देहरादून। एजेंसी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। इंडी एलायंस कोई राजनीतिक गठबंधन नहीं है अपितु यह वंशवाद, जातिवाद, और भ्रष्टाचार करने वाले सनातन विरोधियों का एक गिरोह है। कांग्रेस ने उत्तराखंड में एक भी महिला को टिकट नहीं दिया है। यह कांग्रेस पार्टी के मन में महिलाओं के प्रति उनकी कुंठा को प्रदर्शित करता है। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की मातृशक्ति भी कांग्रेस को करारा जवाब देगी। गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चमोली जिले के जोशीमठ में



मंगलवार को आयोजित जनसभा में भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने निरंतर जोशीमठ की चिंता की है। इसी का परिणाम है कि 1700 करोड़ की धनराशि जोशीमठ के पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए स्वीकृत की गई है। भाजपा सरकार ने प्रदेश की मातृशक्ति को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया है। लखपति दीदी योजना, महालक्ष्मी योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाएं सशक्त बन रही हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड का समान नागरिक संहिता भाजपा ने पूरे देश में लागू करने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सैनिकों की बहुप्रतीक्षित मांग वन रैंक-वन पेंशन लागू की है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेना के जवानों का मनोबल बढ़ा है। जनसभा से पहले मुख्यमंत्री ने रोड शो निकाला। रोड में उमड़ी भीड़ ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन स्वीकार किया और भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन मांगा।

## एक नजर

### सड़क किनारे खड़ी दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त

**उधमपुर।** अस्पताल मार्ग पर गत देर रात्रि को एक अज्ञात वाहन द्वारा सड़क किनारे खड़ी दो गाडियों को हिट कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत यह रही कि इसमें किसी को कोई चोट नहीं आई है जबकि उक्त गाड़ी का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। वहीं पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार गत देर रात्रि को एक अज्ञात वाहन जिसकी काफी तेज गति थे ने अस्पताल मार्ग के समीप सड़क के किनारे खड़े एक कार को जोर से हिट किया जिससे वह आगे एक दीवार के साथ टकराई तथा दीवार गिर गई जो एक अन्य वाहन पर गिरी, जिससे उसको भी नुकसान पहुंचा। जबकि उक्त अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। वहीं इसकी जानकारी गाड़ी मालिक को मिलने पर उसने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। तथा पुलिस ने मौके का जायजा लिया तथा गाड़ी को पकड़ने हेतु आगे की कार्रवाई आरंभ कर दी है।

### भोज यूनिवर्सिटी परिसर में घुसा तेंदुआ दहशत में लोग

**भोपाल।** भोज ओपन यूनिवर्सिटी परिसर में तेंदुए का मूवमेंट देखने को मिला है। जिसके बाद से कैंपस में रहने वाले परिवार और आसपास के लोग दहशत में हैं। सोमवार रात करीब 8 बजे तेंदुआ यूनिवर्सिटी कैंपस में घूमता नजर आया। इसका वीडियो भी सामने आया है। जिसमें वह उछलकर गेट पार कर रहा है। यूनिवर्सिटी कैंपस में तेंदुए के मूवमेंट की सूचना मिलने पर रात में ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और देर रात तक पिंजरे लगाए। तेंदुआ अभी यूनिवर्सिटी कैंपस में ही है। वह क्वार्टर के आसपास घूमते नजर आ रहा है। जिसके चलते लोग दहशत में आ गए है। डीएफओ आलोक पाठक ने मंगलवार को बताया कि हिंसक जानवर के कैंपस में घूमने की जानकारी मिली थी। जिस पर टीम मौके पर पहुंची। जानवर तेंदुआ है। उसके घूमते हुए वीडियो भी टीम ने बनाए हैं। लोगों को घरों में रहने को कहा गया है। पिंजरे भी लगाए हैं।

### नशा तस्कर को दबोचा, 8.5 किलो गांजा बरामद

**हरिद्वार।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत की जा रही सख्त चेकिंग के दौरान मंगलौर पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है आरोपित के पास से साढ़े आठ किलो गांजा बरामद हुआ है। उप निरीक्षक देवेंद्र तोमर ने बताया की मंगलौर थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध आरोपित को पुलिस ने 8.5 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ दबोचा। पकड़े गए नशा तस्कर लोहड़ी पुत्र मनोज कुमार निवासी खेड़ाजट, कोतवाली मंगलोर हरिद्वार के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

### लखनऊः पुत्र ने पिता की हत्या की

**लखनऊ।** बीकेटी थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुत्र ने पिता की कुल्हाड़ी से हमला करके मौत के घाट उतार दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर आरोपित को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उप आयुक्त (उत्तरी) अभिजीत आर शंकर ने बताया कि बीकेटी थाना क्षेत्र स्थित दुर्जनपुर गांव में बृजलाल (50) परिवार के साथ रहता था। परिजनों ने बताया कि बृजलाल का छोटा बेटा पिंटू शराब का लती है। सोमवार की शाम को शराब के लिए बेटे ने पिता से पैसे मांगे। इस पर दोनों में कहासुनी हो गयी। घरवालों ने हस्ताक्षेप कर मामले को शांत करा दिया। इसी वजह से बेटे ने कुल्हाड़ी से वार करके पिता को मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर आरोपित को हिरासत में ले लिया। हालांकि इस मामले में अभी तक परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मंत्री जोशी ने कन्याओं का पूजन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की



**देहरादून।** मंत्री गणेश जोशी ने दुर्गा अष्टमी के अवसर पर हाथी बड़कला स्थित अपने शासकीय आवास पर नौ दुर्गा स्वरूपा कन्याओं का विधिवत पूजन कर प्रदेश वासियों की सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर मंत्री गणेश जोशी ने कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन कर चुनरी ओढ़ाई। इसके बाद श्रद्धापूर्वक भोजन कराया और दक्षिणा-उपहार देकर नौ दुर्गा स्वरूपा कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी आस्था-श्रद्धा और हमारे त्योहार समाज को बड़ा संदेश देते हैं। आज के आधुनिक समाज में नवरात्र और अष्टमी पूजन जैसे त्योहार बेटियों को बेटों के बराबर का स्थान और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर बेटियों को संरक्षण का संदेश देता है।

### बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए कांग्रेस दृढ़ संकल्पित : यशपाल

हल्द्वानी। कुमाऊं मीडिया प्रभारी नीरज तिवारी निवास स्थान तिवारी फार्म लामाचौड़ में कांग्रेस उम्मीदवार प्रकाश जोशी के समर्थन में एक सभा हुई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इसमें मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि देश के हित में कांग्रेस का सत्ता में आना जरूरी है, तभी प्रदेश व क्षेत्र का भला संभव है। महंगाई पर अंकुश, बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए कांग्रेस दृढ़ संकल्पित है। साथ ही सांसद निधि का पूर्ण उपयोग होगा। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने वर्तमान सरकारों को जुमले बाजो की सरकार बताया। उन्होंने कहा कि अग्निवीर जैसी युवा विरोधी योजना को समाप्त भी किया जाएगा। पूर्व विधायक संजीव आर्या ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र में सर्व हितकारी है। कांग्रेस सत्ता में आएगी तो बहन अंकिता भंडारी जैसे मामलों में अंकुश लगेगा। राहुल छिमवाल जिला अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान सरकारों ने बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी है।

## ऋषिकेशः चार जून के बाद भाजपा के संकल्प पत्र में तेजी से होगा काम : डा. अग्रवाल

**ऋषिकेश। एजेंसी**

क्षेत्रीय विधायक और कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने इंद्रानगर, मनेरीभाली, नेहरू ग्राम आदि क्षेत्रों में रोड शो कर जनता के समक्ष भाजपा का संकल्प पत्र-मोदी की गारंटी 2024 को रखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जारी भाजपा के संकल्प पत्र पर चार जून के बाद तेजी से काम किया जाएगा। मंगलवार को रोड शो के दौरान डा. अग्रवाल ने बताया कि भाजपा के दस प्रमुख संकल्प में 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख तक का मुफ्त इलाज, देशभर में यूसीसी लागू की जाएगी।, एक देश, एक चुनाव की व्यवस्था को भी चुनाव जीतने पर लागू करने का वादा, देशभर में तीन करोड़ लखपति दीदियां बनाने का वादा संकल्प पत्र में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि बुलेट ट्रेन का विस्तार उत्तर, पूर्व, दक्षिण में भी किया जाएगा, इससे



लोगों को तेज परिवहन मिलेगा। वर्ष 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी की प्रतिबद्धता, इससे देश में खेलों को बढ़ावा मिलेगा।

डा. अग्रवाल ने बताया कि संकल्प पत्र में पेपर लीक रोकने के लिए कड़ा कानून बनाने की बात भी है, जिससे युवाओं का भविष्य सुरक्षित रहे। बताया कि मुद्रा योजना के तहत कर्ज सीमा दस लाख से बढ़ाकर 20 लाख होगी। गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना अगले पांच साल तक जारी रहेगा। बताया कि गरीबों को तीन करोड़ और घर दिए जाएंगे। डा. अग्रवाल ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए दल से बड़ा देश है। महिला आरक्षण विधेयक अब कानून बन गया है। कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र सबका साथ, सबका विकास की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र देश के 140 करोड़ लोगों के सपनों को हकीकत में बदलने का संकल्प पत्र है।

कहा कि मोदी ने बीते दस साल में जो कहा, वही किया, इसलिए अब मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की भी गारंटी है। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने अगले पांच साल में विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों-युवा, महिला, गरीब और किसान को सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया है। डा. अग्रवाल ने बताया कि संकल्प पत्र में दिव्यांग व्यक्तियों को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता देने का प्रावधान है।

उनकी विशिष्ट जरूरतों के अनुसार आवास सुनिश्चित कराया जाएगा। बताया कि भाजपा ने अब ट्रांसजेंडरों को भी आयुष्मान भारत योजना के दायरे में शामिल करने का निर्णय लिया है। बताया कि स्वयं सहायता समूहों में शामिल होने वाली 10 करोड़ महिलाओं के साथ, उन्हें अब आईटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, खुदरा और पर्यटन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त होगा।

## कश्मीर में युवाओं के हाथों में अब हथियार नहीं लैपटाप हैं: अमित शाह

**जम्मू। एजेंसी**

जम्मू जिला के पलौड़ा में मंगलवार को एक सभ्राा में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राज्य में अनुच्छेद 370 हटने से अब युवाओं के हाथों में हथियार नहीं बल्कि लैपटाप हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह यहां जम्मू सीट से भाजपा के उम्मीदवार जुगल किशोर शर्मा के समर्थन में प्रचार के लिए अमित शाह पहुंचे हैं। भाजपा नेताओं ने डोगरी पगड़ी पहना कर शाह का स्वागत किया। याह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने से पहले राज्य के युवाओं के हाथों में बम तथा बंदूकें थीं। समय बदला, अब उन्हीं युवाओं के हाथों में लैपटाप हैं। प्रदेश में अब आतंकवाद अंतिम सांसे ले रहा है।



### स्मृति के पक्ष में ग्रामिणों ने लगाया बैनर

अमेठी। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे ही राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ने लगी हैं। इस बार के चुनाव में नेता और पार्टी ही नहीं बल्कि आम जनमानस स्वयं चुनाव को लड़ने में लगा हुआ है। अमेठी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के पक्ष में जगह-जगह वार्ड एवं गांव में जन समर्थन देखने को मिल रहा है। अमेठी लोकसभा के भेंटुआ ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा दलशाहपुर के ग्रामीणों ने स्मृति ईरानी के समर्थन में बैनर लगा दिया है। जिसमें साफ तौर पर लिखा है कि दीदी जी ने पूरी अमेठी के साथ हमारे गांव का भी चौमुखी विकास किया है। उनके नेतृत्व में गांव में राजकीय नलकूप लगा है। जिससे किसानों के खेतों की निःशुल्क सिंचाई होती है। यहां तक रास्ता भी बनवा रही हैं,गांव में विद्युतीकरण हो रहा है। कई इंटरलॉकिंग सोलर लाइट शमशान घर और कई रास्तों के निर्माण के साथ गांव का समग्र विकास कार्य तेजी से चल रहा है।

## दवाओं के प्रभाव को समझने में कंप्यूटेशनल केमेस्ट्री मददगारः प्रो. वंदना

**जौनपुर। एजेंसी**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री एंड मॉलिक्यूलर डिजाइन विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला के पांचवें दिन मंगलवार को आण्विक डॉकिंग पर व्याख्यान और प्रशिक्षण हुआ।

इस अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने प्रतिभागियों को कंप्यूटेशनल केमेस्ट्री के विभिन्न उपयोगों से परिचित कराया। प्रो. सिंह ने कहा कि विभिन्न विभिन्न अभिक्रियाओं को प्रयोगशाला में करने से पहले हम कंप्यूटर के माध्यम से विभिन्न तरीकों से उनके बारे में अध्ययन कर सटीक परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि कंप्यूटेशनल केमेस्ट्री की मदद



से हम दवाओं का तथा विभिन्न पदार्थों के गुणों को जान सकते हैं। कार्यशाला के प्रथम सत्र में रसायन विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया डॉ. सुमित कुमार ने प्रतिभागियों को मॉलिक्युलर डॉकिंग तथा उसके प्रयोग के बारे में बताया। डॉ. सुमित ने ऑटोडॉक की मदद से प्रोटीन और दवाओं के बीच डॉकिंग करके दिखाया और सिखाया।

डॉ. सुमित ने कहा कि प्रोटीन, पेप्टाइड्स, न्यूक्लिक एसिड, कार्बोहाइड्रेट और लिपिड जैसे जैविक रूप से प्रासंगिक अणुओं के बीच संबंध सिग्नल ट्रांसडक्शन में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं।

## पाकिस्तान पुलिस का दावा सरबजीत का हत्यारा तांबा जिंदा है

**लाहौर। एजेंसी**

पाकिस्तान की जेल में कई झूठे आरोपों में सजा पाए भारतीय मूल के सरबजीत सिंह की जेल में हत्या करने का आरोपित आमिर सरफराज तांबा अभी जिंदा है, यह दावा पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने किया है। ज्ञात रहे कि सरबजीत सिंह की 2013 में पाकिस्तान के जेल में हत्या करने का आरोपित तांबा है, जिसकी एक दिन पहले अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा हत्या करने की सूचना सामने आई थी।

हालांकि इस नाटकीय घटना क्रम के बीच पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया कि वह अब भी जिंदा है। जबकि एक दिन पहले सामने आई सूचना में पता चला था कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद के करीबी सहयोगी तांबा पर यहां सनंत नगर स्थित उसके आवास पर मोटरसाइकिल सवार





हमलावरों ने हमला किया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया था जहां उसने दम तोड़ दिया। लाहौर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ऑपरेशंस सैयद अली रजा ने स्थानीय मीडिया को बताया कि तांबा अब भी जीवित है, लेकिन गंभीर रूप से घायल है। हालांकि, सोमवार को एसएसपी के बयान के बारे में लाहौर पुलिस के प्रवक्ता फरहान शाह से बात की तो उन्होंने इस मामले को संवेदनशील बताते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि एसएसपी रजा ने यह नहीं बताया कि अगर तांबा जीवित है तो उसे चिकित्सा उपचार के लिए कहां स्थानांतरित किया गया है। इस बीच, पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने सोमवार को तांबा की हत्या में भारत का हाथ होने से इनकार नहीं किया है।

मंत्री होने के साथ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नकवी ने सोमवार को पत्रकारों से कहा अतीत में यहां कुछ हत्या की घटनाओं में भारत सीधे तौर पर शामिल था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और इस स्तर पर इस (तांबा) मामले में भारत की संलिप्तता के बारे में कहना जल्दबाजी होगी।

### पीयू परिसर के पाठ्यक्रमों के आवेदन की तिथि बढ़ी

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने परिसर में चलने वाले समस्त पाठ्यक्रमों के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पीयूकैट) सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2024 निर्धारित किया था। अब यह तिथि बढ़ाकर 20 मई 2024 कर दी गई है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय एमबीए सहित विभिन्न स्नातक (यूजी), डिप्लोमा और स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए टेस्ट का आयोजन करता है। इच्छुक अभ्यर्थी वीबीएसपीयू पीयूसीएटी 2024 परीक्षा के लिए आधिकारिक वेबसाइट- ५ुरस्र४.ल्ल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय परिसर में बीएससी, बीए, बीकाम, बीए एलएलबी आनर्स (फाइव इयर इनटीग्रेटेड कोर्स), बीए (जनसंचार, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र), बीसीए, बीबीए, बीटेक, एमएससी, एमए, एमबीए, एमसीए, एमए जनसंचार, एमटेक, डिप्लोमा इन फार्मेसी, मेकिनिकल इंजीनियरिंग, पीजी डिप्लोमा इन जेंडर वूमेन स्टडी, ट्रासलेशन के पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

## कालाकार

### आर्टिस्ट नवीन ने रामलला के लिए निर्मित कलाकृति ट्रस्ट को सौंपी

# रामकथा के 500 प्रसंगों समेत 20 लाख चित्र, 51 हजार राम नाम

**अयोध्या। एजेंसी**

जयपुर के मिनिएचर आर्टिस्ट नवीन शर्मा ने रामलला के लिए छह वर्ष में तैयार की गई एक कलाकृति को मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय को सौंपा। यह कलाकृति 23 इंच लंबी और 31 इंच चौड़ी है। इसमें रामकथा के 500 प्रसंगों समेत कुल 20 लाख चित्र और 51 हजार बार राम का नाम अंकित है। कलाकृति के चारों कोनों पर चारों धाम हैं। बीच में राम दरबार, सीता स्वयंवर और राम मंदिर है। अपनी कला के लिए राष्ट्रपति से पुरस्कृत नवीन शर्मा के मुताबिक राम मंदिर पर फैसला आने के बाद कार्यस्थल पर निर्विघ्न कार्य के लिए बालाजी की गद्दी स्थापित कर उन्होंने काम प्रारंभ किया।

- हम सब भाजपा कार्यकर्ता के नाते और भाजपा के सारे जवाबदार पदाधिकारी वहां भी लगे हैं।



छह साल में 7600 घंटे काम करके उन्होंने यह मिनिएचर कलाकृति तैयार की। चारों कोनों पर चारों धाम के अलावा आधा इंच की परिसीमा में देश के 211 मंदिर, सवा दो इंच की परिसीमा के 28 खंडों में भक्तों समेत भगवान विष्णु के 24 चित्र, अंतिम परिसीमा के पौन इंच के खंडों में राम चरित के 500 सुखदाई प्रसंगों का चित्रण है। ऊपर श्री गणेश जी ऋद्धि सिद्धि के साथ विराजे हैं। बीच वाली परिसीमा के सबसे बड़े खंड में राम मंदिर है। अधिकांश चित्रण और लेखन में बाल से निर्मित ब्रश का उपयोग किया गया है।

### वेबकास्टिंग वाले मतदान केंद्रों के लिए टीम हुई रवाना

गोपेश्वर। लोकसभा चुनाव के तहत पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव को लेकर चमोली जिले के 303 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। वेबकास्टिंग व्यवस्था के लिए मंगलवार को वेबकास्टिंग अधिकारियों की टीम को स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर से जरूरी उपकरणों एवं सामग्री के साथ रवाना किया गया। वेबकास्टिंग के नोडल अधिकारी हेमंत मौर्य ने बताया कि मंगलवार को ही सभी टीमें अपने मतदान क्रेदों पर पहुंच जाएंगी और शाम को मतदान केंद्रों से वेबकास्टिंग का ट्रायल भी किया जाएगा। जनपद की विधानसभा क्षेत्र बदरीनाथ के 103 बूथों से वेबकास्टिंग की जाएगी। जबकि थराली के 109 और कर्णप्रयाग विधानसभा के 91 बूथों से वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है।

### मकान में लगी भीषण आग, बुजुर्ग दंपती झुलसे, हालत गंभीर

कानपुर। बर्रा थाना क्षेत्र के एक मकान में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थिति में भीषण आग लग गई। हादसे में मकान में रह रहे बुजुर्ग दंपती गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह आग पर काबू पाया। इसके बाद एम्बुलेंस से बुजुर्ग दंपती को उर्सला अस्पताल भेजा गया जहां पर डाक्टरों ने उनको पीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया है। वहीं हादसे में कमरे के बाहर खड़ी चार बाइकें भी जलकर खाक हो गईं और घटना की जांच में पुलिस जुट गई। जनता नगर केडीए मार्केट के एक मकान में बुजुर्ग दंपती रमेश और राजेश्वरी किराये पर रहते हैं। मंगलवार संदिग्ध परिस्थिति में उनके कमरे में आग लग गई। इसमें बुजुर्ग दंपती बुरी तरह झुलस गए। चीख-पुकार सुनकर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

## गेहूं उपार्जन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगीः कलेक्टर सक्सेना



**जबलपुर। एजेंसी**

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने सोमवार को शहपुरा के पास स्थित मॉ यशोधरा वेयर हाउस और खरीदी केन्द्र घुंसौर क्र. 01 का औचक निरीक्षण किया। खरीदी केन्द्र में कचरा युक्त नॉन एफएक्यू गेहूं मिलने पर कलेक्टर ने कृषक से कहा कि गेहूं साफ करायें या गेहूं की सफाई के लिये निर्धारित 20 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से राशि समिति में जमा करें, जिसकी पावती दी जायेगी। समिति फिर गेहूं की सफाई करायेगी। उन्होंने कृषकों से कहा कि वे साफ-सुधरा एफएक्यू गेहूं ही लायें। किसान स्लॉट बुकिंग के बाद ही अपनी फसल को खरीदी केन्द्र में लायें। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान गेहूं की तुलाई, उनकी सिलाई व टैग की जांच की साथ ही खरीदी की हुई गेहूं की बोरियों से गेहूं के सैंपल निकलवाकर गेहूं की गुणवत्ता की जांच की।

# पीवीयूएनएल के अधीनस्थ कनवर कंपनी में मजदूरों ने किया स्ट्राइक

संवाददाता

**पतरातू।** पतरातु पीवीयूएनएल के अधीनस्थ कंवर कंपनी में कार्यरत मजदूरों ने विगत 3 महीने से वेतन नहीं मिलने के करण स्ट्राइक कर रखा है। मजदूरों की मांग है कि हमारे बड़े त्योहारों में भी यदि हमें वेतन नहीं दिया जाएगा तो हम अपने परिवारों की खुशियों को मार कर काम क्यों करें। इस संदर्भ में उन्होंने श्रम विभाग को भी एक पत्र लिखा है तथा अपनी मांगों को रखा है। उनके द्वारा रखी गई मांगों की विवरण कुछ इस प्रकार है
**1.** लगभग 03 महीने से वेतन भुगतान नहीं हुआ है। (फरवरी, मार्च 2024) **2.** पुरा महीना काम करने के बावजूद ढ.। का पैसा बहुत कम मिलता है। **3.** 8 घंटे के बजाय 11-12 घंटा काम लिया जाता है और अतिरिक्त समय का वेतन भी नहीं दिया जाता है। **4.** रविवार के दिन भी काम लिया जाता है और उसका पैसा भी नहीं दिया जाता है और न ही कोई सरकारी छुट्टी का प्रावधान है। **5.** सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदुरी तथा निर्धारित समय के अनुसार वेतन का भुगतान भी नहीं किया जाता है। **6.** स्किल्ड तथा सेमी स्किल्ड से काम लेकर अनस्किल्ड का वेतन दिया जाता है। **7.** किसी भी कर्मचारी को कंपनी से हटाने के बाद उसे ग्रेच्युटी भी नहीं दिया जाता है। **8.** विगत कई डु वर्षों से एरकका लाभ किसी भी कर्म- नही मिलता है।



उनका कहना है कि हम सभी पी० वी०यू एन० एल० पतरातु, बी० एच० ई० एल० के अन्तर्गत कार्यरत एजेन्सी कनवर इंटर प्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, पतरातु साईट के कर्मचारी है। जो कि विगत 04-05 वर्षों से कार्यरत है। हमारी उपरोक्त परेशानिया विगत कई महीनो से चलती आ रही है। लेकिन इसका समाधान करने के लिए कोई कनवर इंटर प्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी नहीं आ रहे है। और न ही कोई बी० एच० ई० एल० के अधिकारी इन विषयो को गंभीरता से समाधान करने के लिए पहल कर रहे है। इसके उलट कनवर इंटर प्राइजेज प्रा०लि० प्रोजेक्ट मैनेजर के पास इन विषयों को रखने कहते है कि काम छोड के चले जाओ। मेरे पास पेमेंट तथा अन्य किसी समस्या का समाधान नही है। और इसका विरोध कोई कर्मचारी करता है तो उसका गेट पास कैंसिल करवा दिया जाता है।उनकी माँग है कि उपरोक्त विषय की गंभीरता को देखते हुए उनकी समस्याओ का उचित समाधान करने का कृपा प्रदान की जाए।

## डीएवी गिद्दी ए में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव

# बच्चों को श्रीराम के पदचिन्हों पर चलना चाहिए: मनप्रिय चटर्जी

संवाददाता

**गिद्दी।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का अवतरण दिवस गिद्दी ए डीएवी में अत्यंत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।एक विशेष प्रार्थना सभा में विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत झांकी और भजन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।अदिति और उमंग के द्वारा प्रस्तुत रामभजन (राम कहानी सुनो रे राम कहानी) ने उपस्थित सभी लोगों को भक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। 'राम आयेंगे तो अंगना सजाऊंगी 'के धुन पर माधवी,आयुषी,शिक्षा, शगुन आमेया,संस्कृति,अंकिता




,जस्सी,वंशिका,रीवा,वंदना,श्रृष्टि और जहवी आदि का नृत्य सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। झांकी में प्रस्तुत राम, लक्ष्मण और माता जानकी का अदभुत रूप सभी को मंत्रमुग्ध और प्रफुल्लित कर दिया।इस पुनीत अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य मनप्रीय चटर्जी ने कहा कि बच्चों में अगर नैतिक मूल्यों को विकसित करना है तो मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन से सीखना चाहिए।

## एक नजर

### सारूबेडा पुराना हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा रामनवमी : महेश सिंह



**कुजू।** सीसीएल क्षेत्र के पुराना हनुमान मंदिर में बुधवार को रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बात की जानकारी हनुमान मंदिर पूजा समिति के संरक्षक कुमार महेश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पुराना हनुमान मंदिर में दशकों से रामनवमी का त्यौहार मनाया जाता रहा। 12:00 बजे रात्रि के बाद से ही मंदिर में पूजा प्रारंभ हो जाएगी तथा प्रभु श्री राम की पूजा के साथ हनुमान की भी पूजा होगी एवं ध्वजारोहण का भी कार्यक्रम चालू रहेगा बुधवार को पुरोहित के रूप में रमाशंकर पांडे, यजमान के रूप में तेज प्रताप सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम सिंह रामनवमी की पूजा संपन्न करेंग। रामनवमी त्योहार को मानने को लेकर हनुमान पूजा समिति के अध्यक्ष आर दक्षिणी के मुखिया रोजे करमाली, उपाध्यक्ष पारस महतो एवं अशोक साव, सचिव अजय सिंह सह सचिव तेज प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज मिश्रा एवं इंदल सिंह चंदा प्रभारी नवल महतो के अलावे सदस्य सुधीर सिंह, प्रकाश सिन्हा,प्रकाश महतो, संजय साव, एवं सुजीत सिंह रामनवमी पर मनाने को लेकर सक्रिय हैं ।

### रामनवमी के पूर्व निकाला गया भव्य मंगला जूलूस



**गिद्दी।** होसिर गाँव में चैत रामनवमी महापर्व के अवसर पर भव्य मंगला जूलूस 3 बजे से शाम 5 बजे तक जय श्री राम के नारे के साथ निकाला गया।पूरे गांव में परम्परागत हथियारों के साथ जुलुस जय श्रीराम के नारे से पूरा गांव गूंजता रहा। परम्परागत हथियार भाजते हुए युवा जूलूस में आगे चल रहे थे। पूरे गांव में लाठी सहित हथियार के साथ लोग करतब दिखाते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम राम की महिमा का गुणगान कर रहे थे। मंगला जूलूस में अध्यक्ष नारायण प्रसाद साव, सचिव पंचित कुमार महतो, कोषाध्यक्ष सुजीत महतो, उपसचिव हीरालाल महतो, उपाध्यक्ष नागेश्वर पटेल, संरक्षक पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार महतो, पंचायत समिति सदस्य गणेश महतो, रामभक्त रामप्रवेश ठाकुर, महेश साव, रुपचंद महतो, सकलदीप महतो, दौलत महतो, संजय राम, रामधनी साव, आनंद ठाकुर, सुमित कुमार, बासुदेव चौधरी, गणेश चौधरी, सुधान प्रसाद, कुमेश्वर महतो, महावीर महतो, कुंदन कुमार, सुधीर महतो, दीपेंद्र कुमार, जितेंदर साव, मुकेश कुमार, बलराम महतो, रोशन, विवेक कुमार, अनुज साव, अजीत कुमार, दयाल महतो, ह्रदय कुमार आदि उपस्थित थे।

### प्रशासन ने रामनवमी को लेकर निकला फ्लैग मार्च

**गिद्दी।** कोयलांचल अरगड्डा सिरका में मंगलवार को रामगढ़ जिला प्रशासन के आशीष गंगवार अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस अवसर पर डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, प्रशिक्षु डीएसपी फैजान अहमद, अंचलाधिकारी सत्यनारायण प्रसाद, थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, एसआई आशुतोष कुमार सिंह, एसआई मनजेय कुमार सिंह, मंटू शर्मा आदि शामिल थे। एसडीओ आशीष गंगवार ने कहा कि बीते समय में त्योहार जिस प्रकार शांतिपूर्ण बीता है, हम लोगों का प्रयास होगा कि रामनवमी भी शांति के साथ संपन्न हो।

### कोतो का ऐतिहासिक रामनवमी नए रामनवमी मैदान में मानना गर्व की बात : मुखिया



**पतरातू।** ग्राम पंचायत कोतो के ऐतिहासिक रामनवमी पुजा व चैती दुर्गा पुजा में सोमवार देर शाम विधिवत पुजा अर्चना कर माता का पट खोला गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित कमिटी के संरक्षक जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि वैदिक मंत्रों से कोतो सहित पूरा पीटीपीएस क्षेत्र गुंजा। अष्टमी के अवसर पर महाप्रसाद खीर व कल नवमी के अवसर पर हलवा और दशमी के दिन खीचड़ी वितरण की व्यवस्था की गयी है। निधि सिंह ने कहा कि कई माईने में इस बात का रामनवमी पूजा न्यु रामनवमी मैदान में ऐतिहासिक होगा। उन्होंने सभी सम्मानित अखाड़ा से भी समय पर पहुंचने की सादर अपील की है। मौके पर पुरोहित राधेश्याम दुबे, यजमान नमो नारायण ओझा दम्पति, सुभाष यादव, सपन दास, गोविंद कुमार, तुषार मिश्रा, दिनेश मुन्डा, आंसु कुमार, प्रमोद कुमार, धर्मेंद्र शर्मा, गुडु कुमार, प्रिन्स कुमार, सुरज कुमार, निखिल कुमार, अंकित सिंह, आदि उपस्थित हुए।

## रामनवमी को लेकर फ्लैग मार्च के बाद डीसी ने कहा

# शांतिपूर्ण मनाएं रामनवमी:डीसी

संवाददाता

**रामगढ़ ।** डीसी चंदन कुमार एसपी डॉक्टर विमल कुमार, एसडीओ आशीष गंगवार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद शाहिद प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों एवं पुलिस टीम के साथ बुधवार को होने वाले रामनवमी त्योहार को लेकर शहर के विभिन्न स्थानों पर कड़ी धूप में भी फ्लैग मार्च किया । फ्लैग मार्च के बाद जानकारी देते हुए डीसी चंदन कुमार ने बताया कि जिला के विभिन्न स्थानों पर मनाए जाने वाले रामनवमी त्योहार को लेकर प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी फ्लैग मार्च कर रहे हैं । फ्लैग मार्च के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस



अधीक्षक के द्वारा सभी से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने एवं कोई भी अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी जिला प्रशासन, रामगढ़ को देने की अपील की वहीं उन्होंने पर्व की शुभकामनाएं देने के साथ ही सभी का ध्यान लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत प्रभावी आदर्श आचार संहिता की तरफ भी आकृष्ट किया एवं पर्व के दौरान किसी भी हालत में किसी भी तरह का कोई भी राजनीतिक प्रचार प्रसार का कार्य न होने देने का निर्देश दिया गया। इस दौरान अप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, अंचल अधिकारी रामगढ़ सत्येंद्र कुमार पासवान, थाना प्रभारी रामगढ़ अजय कुमार साहू सहित भारी संख्या में पुलिस भी फ्लैग मार्च में शामिल थे।

## पतरातू अनुमंडल में एसडीपीओ की टीम ने किया फ्लैग मार्च



वरीय संवाददाता

**रांची।** शांतिपूर्ण रामनवमी का त्योहार संपन्न कराने को लेकर पतरातू एसडीपीओ विरेन्द्र कुमार राम के नेतृत्व में मंगलवार को पररातू अनुमंडल के भुरकुंडा, पतरातू, भदानीनगर, और बड़काकाना थाना क्षेत्र में दर्जनों पुलिस पदाधिकारी और जावानों ने फ्लैग मार्च किया। इस अवसर पर पुलिस के पदाधिकारियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रामनवमी जुलूस के दौरान कोई शराब पी कर जुलूस में शामिल नहीं हो, आसामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाये किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी मिले तो नजदीकी पुलिस स्टेशन या थाने के नम्बर पर कॉल कर जानकारी दें। जुलूस के समय कोई हुड़दंग न करे, ऐसा करने वालों की भी सूचना दें पुलिस ऐसे लोगों पर सख्त कारवाई करेगी। एसडीपीओ बिरेन्द्र कुमार राम ने लोगों से मिल जुल कर आपसी सौहार्द के साथ रामवमी मनाने की अपील की है। गलत लोगों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी भी रखी जा रही है। फ्लैग मार्च में पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर योगेन्द्र सिंह, भुरकुंडा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवा कच्छप,बड़काकाना ओपी प्रभारी अख्तर अली और भदानी ओपी प्रभारी संजय कुमार साहित दर्जनों जवान शामिल रहे।

## रामनवमी महावीर झंडा पूजा महासमिति ने कराया बड़ा अखाड़ा के अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन प्रतियोगिता

संवाददाता

**हजारीबाग।** श्री श्री चैत्र रामनवमी महावीर झंडा पूजा महासमिति के द्वारा बड़ा अखाड़ा प्रांगण में अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कई प्रतिभागी शामिल हुए। सभी ने पूरे जोश खरोश के साथ अपना प्रदर्शन दिखाया। प्रतियोगिता में लाठी, तलवारबाजी, मुगदर, बेंच प्रेस, वेट लिफ्टिंग आदि कई करतबो का शानदार प्रदर्शन किया। बेंचप्रेस के प्रथम श्रेणी में पुरूस्कार सोबित यादव को दिया गया। द्वितीय श्रेणी में प्रियम यादव दिया गया। तृतीय श्रेणी बबलू यादव को दिया गया। मुगदर प्रतियोगिता में प्रथम पुरूस्कार रोहित यादव, द्वितीय श्रेणी शंकर यादव, तृतीय श्रेणी प्रदीप यादव दिया गया। लाठी प्रतियोगिता में प्रथम श्रेणी ईश्वर यादव, द्वितीय श्रेणी राजेश यादव, तृतीय श्रेणी नवल यादव, तलवार प्रतियोगिता में



राजेश यादव ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, पूर्व रामनवमी महासमिति अध्यक्ष राजकुमार यादव, बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास एवं हजारीबाग के प्रसिद्ध व्यवसाई सह समाजसेवी प्रशांत प्रधान उपस्थित हो कर सभी का हौसला अफजाई किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर थाना प्रभारी, लोहसिंघना थाना प्रभारी, मनीष गोप, राजेश गोप, कुणाल यादव, शशि भूषण केसरी, उपस्थित होकर काफी सराहना की । अपने शारीरिक कौशल का भी प्रदर्शन किया जाता रहा है। वहीं अष्टमी के दिन रामनवमी महासमिति के कार्यालय में अध्यक्ष जीतू यादव के द्वारा सभी अखाड़ा के अध्यक्ष और सचिव को लाठी , डंडा एवं तलवार भी भेंट किया गया। मौके पर सोनू राय, मनदीप यादव, वेंकटेश देव गणेश यादव पवन यादव दीपक सिंह पवन कुमार विशाल गुप्ता प्रभात कुमार रितेश यादव साकेत सिंह अनीश सिंह, सोनू सिंह, राजदीप यादव, रंजीत यादव, मनीष सिंह, राज सिंह, गोलू कुमार, मनोज सिंह, सहित कई राम भक्त शामिल थें।

# विजय शंखनाद संस्था सभी झांकियां और रामभक्तों पर पुष्प वर्षा करेगी

संवाददाता

**हजारीबाग।** विजय शंखनाद संस्था द्वारा एक प्रेस वार्ता प्रेस क्लब सभागार में आयोजित की गई। संस्था के अध्यक्ष अमरदीप यादव ने बताया कि 500 वर्षों बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हुए और 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा हुआ है। पूरी दुनिया के सनातन धर्म प्रेमी गौरान्वित है इसलिए इस शुभ वर्ष में संस्था अपने शिविर से सभी झांकियों और रामभक्तों पर पुष्प वर्षा करेगी। अधिक फूल उपलब्ध कराने के लिए फूल विक्रेताओं से संपर्क किया गया है। अमरदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के पर्यटन विभाग के वेबसाइट में हजारीबाग रामनवमी का संक्षिप्त इतिहास और तस्वीरें अपडेट कर दिया गया है। इससे विदेशी पर्यटक



हजारीबाग इंटरनेशनल राममवमी के बारे में जानकारी प्राप्त कर रामनवमी में हजारीबाग रामनवमी, विजयादशमी और एकादशी जुलूस देखने आने के लिए आकर्षित और प्रेरित होंगे। इससे रोजगार की संभावनाएं बढ़ेगी। इसके लिए भारत सरकार बधाई के पात्र हैं। 27 फरवरी 2022 से संस्था ने इस विषय को सरकार को ध्यान आकृष्ट कराया था।
संस्था ने सबसे पहले हजारीबाग रामनवमी को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिलाने का किया था। इस मांग के लिए जागरूकता और प्रयास जारी रहेगी। 23 अप्रैल 2024 को पैराडाइस रिसॉर्ट में हनुमान बालरूप सजा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। दो कैटेगरी में यह प्रतियोगिता होगी। जिसमें नगद पुरस्कार दिए जाएंगे।
प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजय शंखनाद संस्था इंद्रलोक टावर के नीचे विजयदशमी और एकादशी जुलूस में चिकित्सा शिविर, लगाएगी।

# नशामुक्त रामनवमी मनाने को लेकर मीत यादव व महंत ने जागरूकता रथ किया रवाना

संवाददाता

**हजारीबाग ।** रामनवमी को नशामुक्त व भक्तिमय वातावरण मे मनाने को लेकर मीत यादव के द्वारा एक अच्छी व अनोखा पहल किया गया है। उनके द्वारा घोड़े का रथ रवाना किया गया। इस रथ मे नशामुक्त रामनवमी मनाने को लेकर संदेश लिखा हुआ है साथ ही साथ ऑडियो के माध्यम से भी लोगो से नशामुक्त होकर व भक्तिमय वातावरण मे रामनवमी मनाने कि लोगो से अपील कि जा रही है। इस संबंध मे मीत यादव ने बताया कि हम सब आदर्श पुरुषोत्तम श्री राम का जन्मोत्सव मना रहे है, वह राम जिनका संपूर्ण जीवन त्याग, तपस्या, सेवा, धर्म की रक्षा और समाज को दुराचार से मुक्ति दिलाकर सभी वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने का रहा था वे हम सब के आराध्य हैं इसलिए हजारीबाग की रामनवमी के उत्सव में उनका आचरण और उपदेश दिखना चाहिए। राम के परम भक्त बजरंग बली की पूजा अर्चना भी हम सभी पूरे भक्ति के साथ करते है। पर्व - त्योहारों में शराब



सेवन के बढ़ते प्रचलन के करण उसके मूल स्वरूप में विकृति आते जा रही है, इसलिए इस बार की रामनवमी नशामुक्त हो, भक्तिमय वातावरण में उल्लास के साथ रामनवमी का पर्व मनाए ताकि इसका बेहतर संदेश देश स्तर पर जाए। इसी उद्देश्य को लेकर यह रथ रवाना किया जा रहा है जो कि हजारीबाग के विभिन्न अखाड़ा मे जाकर लोगों को नशामुक्ति का संदेश देते हुए जागरूक करने का कार्य करेगा। उन्होंने आगे कहा कि रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष कुणाल यादव के द्वारा पिछले वर्ष नशामुक्ति का संदेश लेकर जो रथ रवाना किया गया था। उसका अच्छा प्रभाव देखने को मिला था उसी से प्रेरणा लेते हुए उसने उसी कड़ी को आगे बढ़ाया है उम्मीद है कि जिस तरह पिछले वर्ष नशापान कर शोभायात्रा मे शामिल होनेवालों कि संख्या मे कमी आयी थी इस वर्ष उसमे और कमी आयेगी। मौके पर उपस्थित रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव ने कहा कि यह एक सराहनीय पहल है। उन्होंने रामभक्तों से अपील करते हुए कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र जी का जन्मोत्सव हम सब रामनवमी के रूप मे मनाते हैं। हम सबों को राम के आचरण को आत्मसात करते हुए इस त्यौहार को मनाना चाहिए। रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मनीष गोप ने कहा कि हम सब मिलकर सौहार्दपूर्ण व भक्तिमय वातावरण मे रामनवमी का त्योहार मनायें। रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष शशि भूषण केसरी ने मीत यादव के नशामुक्त रामनवमी मनाने के इस प्रयास का सराहना करते हुए कहा कि रामनवमी का हजारीबाग मे स्वर्णिम इतिहास है इसे हम सबको बचाना है। जिस तरह से युवा अपनी सहभागिता दिखा रहें हैं यह सराहनीय है। वहीं महंत विजयानंद दास ने कहा कि पिछले वर्ष कुणाल यादव के द्वारा प्रारंभ किये गए इस अभियान को जिस प्रकार से मीत यादव ने आगे बढ़ाया है यह नशामुक्त रामनवमी मनाने मे मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष कुणाल यादव, लक्ष्मण पांडेय, सुनील यादव, विनोद अग्रवाल, पंकज सिंह, मनोज गुप्ता, भोटेल पाण्डेय, अमरलाल यादव, मनोज यादव समेत कई अन्य लोग मौजूद।

## बुंडू में हुई हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई, पड़ोसी ही निकला हत्यारा



संवाददाता

**गिद्दी।** थाना क्षेत्र के बुंडू गांव में एक 55 वर्षीय सुकर उरांव की हत्या की गुत्थी गिद्दी पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर सुलझा लि गई। थाना प्रभारी कुंदन कुमारी ने बताया कि विगत सोमवार को अहले सुबह बुंडू गांव के पुराने सरकारी विद्यालय में शव बरामद किया गया था। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक सुकर उरांव के पडोसी तालो मांझी द्वारा ही गुस्से में आकर टांगी से प्रहार कर सोये अवस्था में ही सुकर उरांव कि हत्या कर दी। कुंदन कुमार ने इस सन्दर्भ में बताया कि पूर्व में सुकर उरांव के द्वारा तालो मांझी कि पत्नी के साथ कुछ वर्षो से दुर्व्यव्हार किया जा रहा था। इस बार होली के दिन भी सुकर उरांव के द्वारा तालो मांझी की पत्नी के साथ दुर्व्यवहार किया गया था।जिस बात को लेकर तालो मांझी काफी गुस्से में था।और इसी क्रम में सुकर उरांव की हत्या की योजना बनाया गया था।और विगत 15 अप्रैल की रात्रि तकरीबन 1 से 2 बजे के बीच सरकारी विद्यालय के बरामदे में सो रहे सुकर उरांव की हत्या टांगी से मारकर कर दी।तालो मांझी द्वारा अपना अपराध स्वीकार कर लिया गया है। और घटना में उपयोग किए गए टांगी भी बरामद कर लिया गया है।इस संबंध में गिद्दी कांड संख्या 33/24 दिनांक 15.04.24 भादवी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर तालो मांझी पिता बुधन मांझी को जेल भेज दिया गया है। विदित हों कि सोमवार को बुंडू गाँव में सुकर उरांव कि हत्या तेज धार हथियार से कर दी गई थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न० 8340571405, 9262578999